
स्वतंत्र समय
भोपाल
सोमवार 10 अप्रैल 2023 | वर्ष - 12
अंक-72 | पृष्ठ-12 | मूल्य-03 रु.
E- PAPER WWW.SWATANTRASAMAY.COM

## सार-संक्षिप्त

### रामनवमी पर भड़काऊ भाषण देने पर काजल हिन्दुस्तानी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**उना।** गुजरात के उना में रामनवमी के मौके पर भड़काऊ भाषण देने वाली महिला काजल हिन्दुस्तानी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। काजल के भड़काऊ भाषण के बाद उना में सांप्रदायिक दंगे हो गये थे। इसके बाद पिछले कुछ दिनों से वह फरार थी। रविवार को काजल ने पुलिस थाने में जाकर खुदको सरेंडर कर दिया जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। काजल हिन्दुस्तानी खुद को एक उद्यमी, रिसर्चर, सामाजिक कार्यकर्ता, और राष्ट्रवादी महिला बताती है। और विश्व हिंदू परिषद द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में वो हिस्सा लेती हैं।

### दिल्ली के एलजी का बयान... आईआईटी की डिग्री लेकर भी कुछ लोग अशिक्षित रह जाते हैं



**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पिछले कुछ दिनों से लगातार प्रधानमंत्री की डिग्रियों पर सवाल उठा रहे हैं। इसी बीच उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने सीएम अरविंद केजरीवाल पर हमला बोला है। उन्होंने केजरीवाल का नाम लिए बिना कहा है कि कुछ लोग आईआईटी से डिग्री लेने के बाद भी अशिक्षित रह जाते हैं। उन्होंने आगे कहा कि डिग्री पर किसी को गुमान नहीं करना चाहिए। डिग्री तो पढ़ाई के खर्च की रसीदें होती हैं, शिक्षा वही है जो आपका ज्ञान और व्यवहार दशार्ता है। आम आदमी पार्टी लगातार प्रधानमंत्री की डिग्री को लेकर सवाल खड़े कर रही है।

### युवतियों की ड्रेस वाले बयान पर विजयवर्गीय को महिला कांग्रेस अध्यक्ष ने भेजा मानहानि का नोटिस



**इंदौर।** युवतियों के ड्रेस कोड को लेकर कैलाश विजयवर्गीय के बयान को लेकर महिला कांग्रेस अध्यक्ष साक्षी शुक्ला डागा ने नोटिस भेजा है। यह नोटिस एडवोकेट सौरभ मिश्रा के माध्यम से जारी किया गया है। युवतियों की ड्रेस पर पिछले दिनों विजयवर्गीय द्वारा दिए गए बयान के विरोध में कांग्रेस लगातार विजयवर्गीय के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रही है। विजयवर्गीय ने इंदौर के एरोड्रम रोड स्थित महावीर बाग परिसर में लड़कियों के भद्दे पहनावे और नशा करने पर शूर्पनखा शब्द का उपयोग किया था। इस बयान का उनके विधायक बेटे आकाश विजयवर्गीय भी समर्थन कर चुके हैं।

भारत में पिछले चार सालों में 6.74 प्रतिशत की दर से बाघों में हुई वृद्धि...

# भारत में 3167 से अधिक हुई बाघों की संख्या

**प्रधानमंत्री मोदी ने मैसूर में की घोषणा, इंटरनेशनल बिग कैट एलायंस किया लॉन्च, टाइगर्स पर विजन डॉक्यूमेंट व 50 रुपए का स्मारक सिक्का भी किया जारी**

**एजेंसी, नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बाघों का नया आंकड़ा जारी कर दिया है। इस नए आंकड़े के अनुसार, साल **2022** में देश में बाघों की संख्या बढ़कर 3167 हो गई है। पहले यह आंकड़ा 2967 का था। इस तरह देश में बाघों की संख्या में 200 की बढोतरी हुई है। प्रधानमंत्री मोदी ने प्रोजेक्ट टाइगर के 50 साल पूरे होने पर इंटरनेशनल बिग कैट्स अलायंस का शुभारंभ किया।

प्रधानमंत्री ने इस मौके पर एक स्मारक सिक्का भी जारी किया। कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि देश में बाघों के संरक्षण की शुरुआत साल **1973** में नौ टाइगर रिजर्व क्षेत्रों के साथ हुई थी। आज इनकी संख्या 53 टाइगर रिजर्व तक पहुंच गई है। इनमें से 23 टाइगर रिजर्व को अंतरराष्ट्रीय मान्यता मिली हुई है। बता दें कि साल **1973** में तत्कालीन इंदिरा गांधी सरकार ने प्रोजेक्ट टाइगर की शुरुआत की थी। एक अप्रैल को इस प्रोजेक्ट के 50 साल पूरे हो गए हैं।




रविवार को कर्नाटक के बांदीपुर बाघ अभयारण्य में जंगल सफारी का लुत्फ उठाते हुए पीएम नरेंद्र मोदी।

### दुनिया के लिए गर्व का विषय

*कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि देश में बाघों के संरक्षण और उनकी सुरक्षा में प्रोजेक्ट टाइगर ने अग्रणी भूमिका निभाई है। प्रकृति की रक्षा, भारतीय संस्कृति का हिस्सा है। प्रोजेक्ट टाइगर की सफलता न सिर्फ भारत के लिए बल्कि पूरी दुनिया के लिए गर्व का विषय है। भारत ने आजादी के 75 साल पूरे कर लिए हैं और उसी समय दुनिया के 75 प्रतिशत बाघ भारत में निवास करते हैं।*

### एशियाई शेरों का घर बना भारत

*प्रधानमंत्री ने कहा कि दुनिया में एशियाई शेरों का इकलौता घर भारत है। देश में शेरों की संख्या में भी इजाफा हो रहा है। **साल 2015** में देश में 525 शेर थे और **2020** में बढ़कर 675 हो गए। तेंदुओं की संख्या में भी बीते चार सालों में **60 फीसदी का उछाल आया है।** प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हम एक महत्वपूर्ण समय के साक्षी बन रहे हैं, जब प्रोजेक्ट टाइगर को 50 साल पूरे हो रहे हैं। भारत ने ना सिर्फ बाघों को बचाया बल्कि उन्हें ऐसा इकोसिस्टम दिया, जिससे वह फल-फूल सके। हमारे पास दुनियाभर की कुल जमीन का सिर्फ 2.4 फीसदी है लेकिन वैश्विक विविधता में हमारा हिस्सा 8 फीसदी है।*

## यूपी में दो चरणों में होंगे स्थानीय निकाय चुनाव, 13 मई को परिणाम

**एजेंसी, लखनऊ**

अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव से ठीक पहले देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश में स्थानीय निकाय चुनावों की रणभेरी बज गयी है। चुनाव आयोग ने निकाय चुनाव की तारीखों की घोषणा कर दी। प्रदेश में चुनाव की तारीखों के घोषणा के साथ ही आज से ही राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू हो गयी है। राज्य चुनाव आयोग के मुताबिक, यूपी में दो चरणों निकाय चुनाव होंगे। पहले चरण के तहत मतदान चार मई को होगा, जबकि दूसरे चरण में होने वाले चुनावों की वोटिंग 11 मई को होगी। दोनों चरणों में हुए चुनावों के नतीजे 13 मई को आएंगे।

**पहले चरण** के तहत सहारनपुर, मुरादाबाद, आगरा, झांसी, प्रयागराज, लखनऊ, देवीपाटन, गोरखपुर और वाराणसी मंडल में चार मई को वोटिंग होगी। पहले चरण के तहत शामली, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, संभल, आगरा, फिरोजाबाद, मथुरा, मैनपुरी, झांसी, जालौन, ललितपुर, कौशांबी, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, उन्नाव, हरदोई, लखनऊ, रायबरेली, सीतापुर, लखीमपुर खीरी, गोंडा, बहराइच, बलरामपुर, श्रावस्ती, गोरखपुर, देवरिया, महराजगंज, कुशीनगर, गाजीपुर, वाराणसी, चंदौली और जौनपुर में चार मई को वोटिंग होगी। वहीं, दूसरे चरण में मेरठ, बरेली, अलीगढ़, कानपुर, चित्रकूट, अयोध्या, बस्ती आजमगढ़ और मिर्जापुर मंडल में 11 मई को मतदान होगा।

**दूसरे चरण** के तहत मेरठ, हापुड़, गौतमबुद्धनगर, गाजियाबाद, बागपत, बुलन्दशहर, बदायूं, शाहजहांपुर, बरेली, पीलीभीत, हाथरस, कासगंज, एटा, अलीगढ़, कानपुर नगर, फर्रूखाबाद, इटावा, कन्नौज, औरैया, कानपुर देहात, हमीरपुर, चित्रकूट, महोबा, बांदा, अयोध्या, सुल्तानपुर, अंबेडकरनगर, बाराबंकी, अमेठी, बस्ती, संतकबीर नगर, सिद्धार्थनगर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, सोनभद्र, भदोही और मिर्जापुर में 11 मई को मतदान होगा। विदित हो कि उत्तर प्रदेश के 760 नगरीय निकाय में 14,684 पदों पर चुनाव होगा. 17 महापौर, 1420 पार्षद के चुनाव ईवीएम से होंगे, जबकि बाकी पदों पर बैलट पेपर से मतदान होगा।

## सरकार विरोधी गाना गाने पर रैपर पर केस दर्ज

**एजेंसी, मुंबई।** मुंबई पुलिस ने एक रैपर के खिलाफ मामला दर्ज किया है। रैपर पर आरोप है कि उसने अपने गीत में कथित तौर पर सरकार और प्रशासनिक व्यवस्था की आलोचना की है। जिस पर मुंबई पुलिस ने रैपर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। खास बात यह है कि महाराष्ट्र में बीते हफ्ते में दो रैपर के खिलाफ सरकार की आलोचना करने के मामले में मुकदमे दर्ज हुए हैं। अब इसे लेकर राजनीति भी शुरू हो गई है।

रैपर उमेश खाडे पर आरोप है कि उसने अपने गीत भोंगली केली जनता... में सरकार और व्यवस्था की तीखी आलोचना की है। गाने के खिलाफ शिकायत मिलने पर पुलिस ने रैपर उमेश खाडे के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। उमेश खाडे मुंबई के वडाला इलाके में रहते हैं। खाडे ने यह गाना सोशल मीडिया पर अपलोड किया था, जहां यह वायरल हो गया है। खाडे के खिलाफ पुलिस ने आईपीसी की धारा 504, 505(2) और आईटी एक्ट की धारा 67 के तहत मामला दर्ज किया है।

नर्मदा नदी में श्रद्धालु कर रहे थे स्नान...

## तभी ओंकारेश्वर बांध का बजा सायरन, पर स्नान कर रहे श्रद्धालु नहीं माने, तेज लहरों के बीच फंसे

लोगों के मना करने के बावजूद नर्मदा में स्नान कर रहे 20 श्रद्धालु तेज बहाव के बीच एक चट्टान पर फंस गए, जिन्हें वहां मौजूद नाव वालों ने रस्सियां डालकर बमुश्किल बाहर निकाला। इन लोगों में सबसे अधिक लोग महाराष्ट्र के रहने वाले..



**स्वतंत्र समय, खण्डवा**

खण्डवा के ओंकारेश्वर बांध से अचानक पानी छोड़े जाने पर यहां बाद यहां नर्मदा स्नान करने के लिए पहुंचे श्रद्धालु चट्टान पर फंस गए। स्नान करने पहुंचे बड़ी संख्या में श्रद्धालु नर्मदा नदी में अचानक जल स्तर बढ़ता देख घबरा गए। देखते ही देखते घटना स्थल पर चीख पुकार मच गई। किनारे पर मौजूद लोगों ने तुरंत इसकी सूचना वहां मौजूद गोताखोरों को दी, जिसके बाद नाव के जरिए रेस्क्यू आपरेशन शुरू किया गया।

जानकारी के अनुसार, करीब 20 श्रद्धालुओं के पानी के बीच चट्टानों पर फंसने की जानकारी सामने आई थी। फिलहाल, पानी के बीच फंसे संभी श्रद्धालुओं को सुरक्षित रेस्क्यू कर किनारे पर पहुंचा दिया गया है। मामले को लेकर थाना प्रभारी बलजीत सिंह बिसेन का कहना है कि, महाराष्ट्र के 14 युवा श्रद्धालु ओंकारेश्वर दर्शन करने आए थे। इनके अलावा कुछ और श्रद्धालु भी यहां नर्मदा में चट्टानों पर जाकर स्नान कर रहे थे। बांध से पानी छोड़े जाने के कारण नदी में बहाव तेज हो गया। पानी का बहाव इतना तेज था कि, श्रद्धालुओं के कदम डगमगा गए, जिसके बाद वो चट्टानों के सहारे खड़े हो गए। इधर, पानी का जलस्तर भी लगातार बढ़ रहा था श्रद्धालु अलग-अलग चट्टानों पर फंसे हुए थे। जिस वक्त हादसा हुआ, तब नदी में बोटिंग भी हो रही थी। गोताखोरों ने श्रद्धालुओं को रस्सी पकड़ाई, इसके सहारे सभी को एक - एक कर किनारे पर लाया गया।

### अधिकारी बोले... पानी छोड़े जाने की सूचना दी, लेकिन नहीं माने

बांध प्रशासन ने पानी छोड़ने से पहले सायरन भी बजवाया था। इसके बाद पानी छोड़ा गया। इन युवाओं को स्थानीय लोगों ने आवाज देकर बाहर बुलाने की कोशिश भी की। बताया भी कि सायरन बज चुका है, अब पानी छोड़ दिया जाएगा, लेकिन वे नहीं माने और नहाते रहे। जब नदी में अचानक पानी बढ़ा तो सभी बचाने की गुहार लगाने लगे। नाविकों ने उन्हें रेस्क्यू कर बाहर निकाला। सभी सुरक्षित हैं।

**श्रद्धालुओं का महाकाल लोक से ओंकारेश्वर भी जाना होता है:** उज्जैन में महाकाल लोक बन जाने के कारण रोजाना भारी संख्या में वहां श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। यही श्रद्धालु ओंकारेश्वर भी दर्शन करने के लिए आ रहे हैं। इन दिनों नदी में पानी कम है। ऐसे में श्रद्धालु नदी के बीच चट्?टानों पर जाकर बैठ जाते हैं। बांध से कभी भी पानी छोड़ दिया जाता है।

**40 से ज्यादा को रेस्क्यू किया:** वहीं, जानकारी लगते ही एसडीएम चंदरसिंह सोलंकी भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने बताया कि ओंकारेश्वर विद्युत परियोजना के चार टरबाइन चल रहे थे। इन्हीं टरबाइन से नर्मदा में एक - एक घंटे के अंतराल से पहली बार सुबह 9 बजे पानी छोड़ा गया था। बांध प्रशासन ने टरबाइन से पानी छोड़ने के साथ सायरन भी बजाए, लेकिन बाहरी श्रद्धालु स्थानीय स्थिति से वाकिफ नहीं थे। 20 से ज्यादा श्रद्धालुओं को रेस्क्यू किया गया है।

अयोध्या में 23 अप्रैल को होगा खास आयोजन

## 155 देशों के जल से होगा श्री रामलला का अभिषेक

**एजेंसी, अयोध्या**

अयोध्या में राम मंदिर निर्माण का कार्य जोरों पर है। इसी बीच, 23 अप्रैल को 155 देशों और सातों महाद्वीपों की नदियों और समुद्रों के जल से रामलला का जलाभिषेक किया जाएगा। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपत राय के मुताबिक, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रामलला का जलाभिषेक करेंगे। साथ ही कई देशों के राजनयिक भी समारोह के गवाह बनेंगे।

23 अप्रैल को भगवान रामलला का जलाभिषेक किया जाएगा। यह कार्यक्रम खास होगा क्योंकि जलाभिषेक 155 देशों और सात महाद्वीपों की नदियों और समुद्रों से लाए गए जल से होगा। इससे पहले, यह पवित्र जल मणिरामदास की छावनी के सभागार में सुबह 10 बजे भव्य समारोह का आयोजन कर श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को सौंपा जाएगा। ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय के मुताबिक, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रामलला का जलाभिषेक करेंगे। इस दौरान रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की भी मौजूदगी होगी।



### कहां-कहां से और कैसे लाया गया जल?

यह पवित्र जल दुनियाभर के 155 देशों और सात महाद्वीपों की नदियों और समुद्रों से लाया गया है। विशेष रूप से, पाकिस्तान की रावी नदी का जल भी जलाभिषेक के लिए इस्तेमाल होने वाले कलश में शामिल किया जाएगा। रावी का जल पहले पाकिस्तान के हिंदुओं ने दुबई भेजा था और फिर दुबई से दिल्ली लाया गया। अब इस जल को अयोध्या लाया जाएगा। पाकिस्तान के अलावा सूरीनाम, चीन, यूक्रेन, रूस, कजाकिस्तान, कनाडा और तिब्बत सहित कई अन्य देशों की नदियों से जल प्राप्त किया गया है। प्रत्येक देश के पवित्र जल को तांबे के लोटों में भरकर पैक व सील किया गया है। इन पर प्रत्येक देश के नाम व झंडे का स्टीकर चिपका है। इनको भगवे रिबन से सजाया गया है।

### जल लाने वाले कौन हैं?

पवित्र जल प्रवासी भारतीयों ने अयोध्या राममंदिर जलाभिषेक के लिए भारत भेजा है। जानकारी के अनुसार, दिल्ली भाजपा नेता विजय जॉली के दिल्ली स्टडी ग्रुप ने साल 2020 में जल एकत्रित करने की मुहीम शुरू की थी। जलाभिषेक वाले दिन ये टीम अयोध्या में जल से भरे कलश को सीएम योगी आदित्यनाथ को सौंपेगी। विजय ने बताया कि युद्ध के दौरान ही रूस और यूक्रेन की नदियों के जल को भी एकत्रित किया गया। इकट्ठा किए गए जल से श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के अभिषेक कार्यक्रम को बृहद स्वरूप देने की तैयारी है।

### राम मंदिर निर्माण की क्या स्थिति है?

राममंदिर के भूतल (गर्भगृह) का काम अब अंतिम चरण में पहुंच रहा है। अभी पत्थरों पर मेहराब बनाने का काम चल रहा है। अगले महीने से रामलला के घर की छत ढालने का काम शुरू हो जाएगा। राममंदिर के गर्भगृह का परिक्रमा पथ भी बन चुका है। मेहराब वास्तुकला का एक शानदार काम है जो किसी भी संरचना में लालित्य और सुंदरता जोड़ सकता है। बीम के भी सभी स्तंभ तैयार हैं। इसी माह यह काम पूरा होते ही मई से राममंदिर की छत ढालने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

## सार-संक्षिप्त

### आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर समाजवादी पार्टी की बैठक आयोजित

**बंडा।** आगामी विधानसभा चुनाव 2023 को देखते हुए समाजवादी पार्टी की बैठक राजेश आठिया प्रदेश महासचिव समाजवादी पार्टी मुलायम यूथ ब्रिगेड मध्य प्रदेश की अध्यक्षता में ग्राम पिपरिया चौदा में पशुपतिनाथ मंदिर परिसर में आयोजित की गई। बैठक मुख्य अतिथि के रूप में जिलाध्यक्ष सुंदर लाल यादव उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता करते हुए राजेश आठिया ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव समाजवादी पार्टी के लिए बहुत महत्वपूर्ण है समाजवादी पार्टी ही एक ऐसी पार्टी है जो भाजपा कांग्रेस का विकल्प बन सकती है वर्तमान समय में प्रदेश की जनता भाजपा और कांग्रेस की जनविरोधी नीतियों से त्रस्त है आम जनता को तीसरे विकल्प की तलाश है क्योंकि इन दोनों पार्टियों ने प्रदेश की जनता को लूटने का काम किया है आज वर्तमान में प्रदेश में भाजपा की सरकार है लेकिन प्रदेश की जनता बेरोजगारी, महंगाई अशिक्षा की मार झेल रही है यदि किसी का विकास हुआ है तो वह है भारतीय जनता पार्टी एवं कांग्रेस पार्टी ये दोनों पार्टियां एक दूसरे की पूरक है इन दोनों पार्टियों का मानना है कि प्रदेश में या भाजपा की सरकार बनेगी या कांग्रेस की तो दोनों ही पार्टियां जनता को लूटने का कार्य कर रहे हैं।

### कुएं पर नहाने गए दो बच्चों की डूबने से मौत



**सागर।** जैसीनगर थाना क्षेत्र बांसा गांव में खेत में खेलते समय दो बच्चे कुएं में गिर गए जिससे पानी में डूबने से उनकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के बांसा गांव के रहने वाले शिवांश कुर्मी उम्र 10 साल व कृष्णा चौरसिया उम्र 11 वर्ष दोनों गांव के पास में ही खेत पर खेलने गए थे। खेलते-खेलते खेत में बने कुएं में नहाने चले गए इसी दौरान दोनों कुएं में डूब गए। जब दोनों बच्चे बहुत देर तक नहीं दिखे तो परिजनों ने आसपास इनकी खोजबीन की। इसी दौरान कुएं के बाहर बच्चों के कपड़े दिखे तो परिजनों को शक हुआ और कुएं में देखा तो दोनों बच्चों का शव मिला जिसके बाद पूरे गांव में मातम पसर गया है। हादसे से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। जैसीनगर थाना प्रभारी शिवम दुबे ने बताया कि मामले की जानकारी लगने पर मौके पर पुलिस पहुंची प्रथम दृष्टता कुएं में डूबने से बच्चों की मौत होना प्रतीत हो रहा है।

### मांझी समाज के हित में उठाएंगे आवश्यक कदम : मुख्यमंत्री



**विदिशा।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि माझी समाज के हित में राज्य शासन द्वारा आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। मुख्यमंत्री चौहान शनिवार की शाम समत्व भवन मुख्यमंत्री निवास में समाज के प्रतिनिधि मंडल से चर्चा कर रहे थे। केन्द्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते, उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव और प्रतिनिधि मंडल में टीकाराम रायकवार एडवोकेट कौशल किशोर मांझी, विदिशा, कमल रायकवार अनिल रायकवार प्रवीण और पवन रायकवार सागर शामिल थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि मांझी समाज के कल्याण के लिए पूर्व में अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। मुख्यमंत्री निवास पर समाज बंधुओं की पंचायत भी आयोजित की जा चुकी है। इसके अलावा माझी समाज के कल्याण से जुड़े विषयों पर समय-समय पर निर्णय लिए गए हैं, इसका लाभ मांझी समाज को मिला है।

### स्वर्ण आभूषण निर्माण समिति का पदभार ग्रहण समारोह आयोजित



**विदिशा।** श्री स्वर्ण आभूषण निर्माण समिति के नव निर्वाचित अध्यक्ष ह्रदेश सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि श्री स्वर्ण आभूषण निर्माण समिति का पदभार ग्रहण समारोह आयोजित वृंदावन गार्डन में किया गया था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक शशांक भार्गव, श्याम सुंदर शर्मा, मनोज कटारे, विदिशा चेंबर्स ऑफ कॉमर्स अध्यक्ष रवि तलरेजा, स्वदेशी जागरण मंच जिलाध्यक्ष महिपाल सिंह राजपूत, बड़ा सराफा अध्यक्ष संजय चौधरी अतिथिगण थे। कार्यक्रम में कोरोनाकाल में अमूल्य सेवाए देने वाले संतोष नामदेव (कंपाउंडर) का सम्मान एवं पुलिस विभाग के सिपाहियो द्वारा सराहनीय कार्य करने पर सम्मान किया गया एवं पत्रकार साथियों का सम्मान भी समिति द्वारा किया गया। समिति के अध्यक्ष ह्रदेश सोनी ने समिति की एकता पर बल दिया। नरेंद्र सोनी, बृजेंद्र कुमार सोनी, विजय सोनी, नितिन जडिया, नवीन सोनी, जीतू सोनी, मनीष जडिया, ओम सोनी, आलोक सोनी, सचिन सोनी रत्नेश सोनी आदि सदस्य उपस्थित रहे।

# मौसम में फिर आया बदलाव, बारिश के साथ कुछ इलाकों में गिरे ओले

**स्वतंत्र समय, सागर**



पिछले कुछ दिनों से मौसम में बार-बार बदलाव आ रहा है। रविवार को सुबह से तेज धूप रही लेकिन दोपहर 3 बजे के बाद मौसम बदला और आसमान में काले घने बादल छा गए। तेज आंधी का दौर शुरू हुआ और कुछ ही देर बाद बारिश शुरू हो गई। झमाझम बारिश के बीच करीब 5 मिनट तक शहर के अलग-अलग हिस्सों में ओले गिरे।

कहीं चने के आकार के तो कहीं अंगूर के आकार के ओले गिरे। बारिश से सड़कें पानी से सराबोर हो गईं। वहीं हवाओं के कारण मौसम में ठंडक घुल गई। रविवार को सागर का अधिकतम तापमान 36 डिग्री और न्यूनतम पारा 18.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पिछले 24 घंटों में सागर के रात के तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विभाग के अनुसार 15 अप्रैल तक प्रदेश के कई शहरों में बूंदाबांदी होती रहेगी। आंधी भी चल सकती है।

इस दौरान गर्मी का असर कम रहेगा। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार सेंट्रल राजस्थान पर चक्रवात एक्टिव है। ट्रफ लाइन भी गुजर रही है। यह महाराष्ट्र के मध्य क्षेत्र से लेकर तमिलनाडु तक गुजर रही है। यही कारण है कि बंगाल की खाड़ी से पर्याप्त मात्रा में नमी प्रदेश में पहुंच रही है। इससे सुबह मौसम साफ रहता है लेकिन दोपहर बाद बादलों का दौर शुरू होता है और हल्की बूंदाबांदी भी हो जाती है। साथ ही उत्तर भारत में पश्चिमी विक्षोभ का सिलसिला जारी है। मौसम में परिवर्तन के बीच तापमान में बढ़ोतरी नहीं होगी। जिससे गर्मी अपने तेवर नहीं दिखाएगी।

# पुलिस की कॉम्बिंग गस्त में फरार अपराधी, स्थाई वारंटी सहित 14 आरोपी गिरफ्तार

**स्वतंत्र समय, सागर**

पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा मध्य प्रदेश के सभी जिलों को एक साथ कांबिंग गस्त करने हेतु निर्देशित किया गया था इसी तारतम्य में पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी द्वारा जिले के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारी एवं थाना प्रभारियों को निर्देशित किया था कि कॉम्बिंग गस्त करके जिले में फरार स्थाई गिरफ्तारी वारंटियों को गिरफ्तार कर वारंट तामील कराये जाये एवं फरार अन्य अपराधियों की भी धरपकड़ की जाये।

पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार शनिवार रात 10 बजे से रविवार सुबह 5 बजे तक पूरे जिले में सभी थाना प्रभारियों द्वारा



अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बीना ज्योति ठाकुर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सागर विक्रम सिंह के नेतृत्व में एवं समस्त राजपत्रित अधिकारियो के निर्देशन में कॉम्बिंग गश्त की गई जिसमें कुल स्थाई वारंट 32 एवं गिरफ्तारी वारंट 146 तामील किये गए एवं 14 फरार आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया है।

उल्लेखनीय है कि उक्त कार्यवाही में थाना केसली की चौकी टड़ा द्वारा पिछले 08 वर्षो से फरार स्थाई वारंटी छोटे लाल पिता मिट्ठू लाल अहिरवार उम्र 42 साल निवासी ग्राम मेढकी खुशीपुरा थाना केसली को धारा 363, 366 क, 376 ख आईपीसी 3/4 पास्को एक्ट में गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को न्यायालय पेश किया गया जहां से उक्त आरोपी को जेल भेज दिया गया।

# नगर निगम आयुक्त ने लाड़ली बहना योजना के कार्य की समीक्षा बैठक ली

## कोई भी पात्र बहन योजना के लाभ से वंचित न रहे, सभी कर संग्राहक कार्य में तेजी लाएं : निगमायुक्त

**स्वतंत्र समय, सागर**



नगर निगम आयुक्त चंद्रशेखर शुक्ला ने लाडली बहना योजना के अंतर्गत नगर के 48 वार्डों में चल रहे शिविरों में योजना के ऑनलाइन फार्म पंजीयन कार्य की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि इस कार्य में लगे सभी कर संग्राहक, वार्ड इंजीनियर, और कम्प्यूटर ऑपरेटर जिन महिलाओं की ई केवाईसी हो चुकी है और वही योजना के लिए पात्र हैं उनके फार्म तेजी से ऑनलाइन फीड करें तथा जिन महिलाओं की ईकेवाईसी नहीं हुई है तो उन्हें बताएं कि शासन द्वारा चिन्हित किए कियोस्क सेंटर, एमपी ऑनलाईन सेंटर पर जाकर निःशुल्क ईकेवाईसी करा सकते हैं। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि समग्र आईडी में मोबाइल नंबर या परिवार के मुखिया के नाम में कोई सुधार कार्य होना है तो उसे उसी दिन या तो शिविर में करें या शाम को कार्यालय में आकर पूरा कराएं ताकि अगले दिन शिविर फार्म ऑनलाइन जमा हो सकें। उन्होंने योजना की प्रचार प्रसार हेतु कार्य समस्त कर्मचारियों से 1 दिन पूर्व वार्ड में जाकर लाडली बहनों को टोकन देकर आमंत्रित करने साथ ही संबंधित वार्ड पार्षद से सहयोग प्राप्त करने के निर्देश दिए ताकि कोई पात्र बहिना योजना के लाभ से वंचित न रहे। निगमायुक्त ने कहा कि सोमवार से प्रत्येक वार्ड में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका भी उपलब्ध रहेंगी जो इस कार्य में सहयोग करेंगी तथा प्रत्येक घर से पात्र महिलाओं को शिविर में आने के लिये प्रेरित करेंगी। उन्होने इस कार्य में आ रही तकनीकी समस्याओं के निराकरण हेतु पृथक से काऊंटर आरंभ के निर्देश दिए ताकि आने वाली समस्याओं का तुरंत निराकरण हो सकें और संबंधित हितग्राही को उचित मार्गदर्शन दिया जा सके। बैठक के पश्चात एमआईएस विशेषज्ञ गौरव सिंह राजपूत द्वारा समस्त कर संग्राहक एवं कंप्यूटर ऑपरेटर को प्रोजेक्टर के माध्यम से योजना के कार्य में तकनीकी समस्याओं और उनके निराकरण के संबंध में जानकारी दी गई। बैठक में सहायक आयुक्त राजेश सिंह राजपूत, आनंद मंगल गुरू, संजय तिवारी, दिनकर शर्मा, राजकुमार साहू, महादेव सोनी, संयम चतुर्वेदी, जया श्रीवास्तव, समस्त कर संग्राहक एवं कम्प्यूटर आपरेटर सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

# कांग्रेस की रीति नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने में जुट जाएं : विधायक तरवर सिंह

**स्वतंत्र समय, बण्डा**

नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष, मण्डलम अध्यक्षों एवं सेक्टर प्रभारियो की बैठक धामौनी एंव बहरोल में आयोजित की गई। कार्यक्रम के शुभारंभ में राष्ट्र पिता महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यापर्ण किया गया। जिसमें बण्डा विधायक तरवर सिंह लोधी ने कहा कि संगठन में पार्टी के समर्पित कार्यकर्ताओं एवं सभी वर्गों के लोगों को बराबर महत्व दें और ज्यादा से ज्यादा लोगों को कांग्रेस पार्टी से जोड़कर कांग्रेस की रीति नीतियों को जन जन तक पहुंचाने में जुट जाएं। कार्यक्रम को दिनेश महाजन बहरोल, महेन्द्र सिंह राखसी, भूपेन्द्र सिंह सिगदौनी, गौरव जैन उल्दन, इमरत सिंह, गंभीर सिंह बम्हौरी, जगदीश ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर नव नियुक्त मण्डलम अध्यक्ष, अशोक साहू, चन्द्रभान सिंह ठाकुर, चन्द्रभान सिंह लोधी, भरत सिंह लोधी एवं सेक्टर प्रभारी डब्बू सिंह लोधी, गब्बर सिंह, किशोर सिंह, अरविन्द्र पडवार, महेन्द्र सिंह सरपंच पाटन, गोविन्द पटेल सरपंच उल्दन, गब्बर अहिरवार कुल्हा सरपंच, भरत अहिरवार पिपरिया सरपंच उपस्थित रहे।

### ग्राम अनंतपुरा में वरिष्ठजन सम्मान समारोह 19 को

**देवरी।** ग्राम अनंतपुरा में आगामी 19 अप्रैल को भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के तत्वाधान में वरिष्ठ जन सम्मान समारोह व रात्रि काल में जय सिंह राजा एंड पार्टी द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन का निर्णय अनंतपुरा बैठक में लिया गया। कार्यक्रम में लोक निर्माण मंत्री पं गोपाल भार्गव को निमंत्रण देने का निर्णय लिया गया।

# पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह आज शमशाबाद और कुरवाई आएंगे



**स्वतंत्र समय, विदिशा**

मध्यप्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए जिन विधानसभा में कांग्रेस पिछले तीन चुनावों में जीत हासिल नहीं कर सकी है उन विधानसभाओं में संगठन की कसावट और पार्टी की गतिविधियों पर मार्गदर्शन हेतु मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह स्वयं ऐसी विधानसभा में दौरा कर रहे हैं। इसी क्रम में विदिशा जिले की शमशाबाद और कुरवाई विधानसभा में दिनांक 10 अप्रैल सोमवार को दिग्विजय सिंह का आगमन है।

पूर्व मुख्यमंत्री के द्वारा कार्यक्रम को जारी करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कमल सिलाकारी ने बताया कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह का आगमन 10 अप्रैल सोमवार को प्रातः 10.30 बजे वाय बैरसिया शमशाबाद होगा। आगमन पश्चात सर्वप्रथम महानीम चौराहा स्थित रेस्ट हाउस में पत्रकार वार्ता होगी, तत्पश्चात 11 से 12.30 बजे तक मंडल, सेक्टर, बीएलए के साथ बैठक आरएम गार्डन बैरसिया रोड शमशाबाद में होगी। उसी स्थान पर 12.30 से 2.30 तक विधानसभा के समस्त कांग्रेसजनों, कार्यकर्ताओं से भेंट करने के पश्चात 2.45 बजे कुरवाई के लिए रवाना होंगे।

दोपहर 4.15 बजे कुरवाई आगमन पश्चात उत्सव गार्डन, कैथोरा रोड कुरवाई में 4.30 बजे से शाम 6 बजे तक मंडल, सेक्टर, बीएलए की बैठक लेंगे और शाम को 6 बजे से 7.30 तक कुरवाई विधानसभा क्षेत्र के समस्त कांग्रेस जन, कार्यकर्ताओं से भेंट करके 8 बजे कुरवाई से बीना की ओर प्रस्थान करेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री के द्वारा कार्यक्रम में दोनों विधानसभाओं के मंडल, सेक्टर, बीएलए, समस्त ब्लॉक अध्यक्षों और सभी वरिष्ठ नेताओं, कार्यकर्ताओं को उपस्थित रहने और कार्यक्रम को सफल बनाने के निर्देश जारी किए गए हैं। उक्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी आनंद प्रताप सिंह द्वारा दी गई।

# जनभागीदारी समिति ने कॉलेज परिसर को कर दिया हरा-भरा

## कॉलेज परिसर में 150 से अधिक विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे

**स्वतंत्र समय, विदिशा**



बिना पर्यावरण और बिना हरितमय वातावरण के हमारा जीवन रेगिस्तान की भांति सूखा है अगर इस ओर ईमानदारी से प्रयास नहीं किए गए तो सच मानिए बंजर जमीन के साथ हमारा जीवन भी बंजर और अर्थहीन हो जाएगा। उक्त उद्गार शासकीय कन्या अग्रणी महाविद्यालय की जनभागीदारी अध्यक्ष सुमन सोनी ने कॉलेज परिसर में आयोजित वृहद पौधारोपण कार्यक्रम में कहे। उन्होंने आगे अपने संबोधन में कहा कि आज की युवा पीढ़ी का भविष्य सिर्फ किताबी ज्ञान पर नहीं बल्कि जमीनी और प्रैक्टिकल ज्ञान के बिना अधूरा है। हमें अपने जीवन में पर्यावरण को उसी प्रकार से स्वीकार करना होगा जिस प्रकार शरीर के लिए भोजन और पानी आवश्यक है। गौरतलब है कि शासकीय कन्या अग्रणी महाविद्यालय में इन दिनों जनभागीदारी समिति के तत्वाधान में वृहद पौधारोपण कार्यक्रम संपन्न किया जा रहा है। जिसमें पवित्र कल्पवृक्ष, रुद्राक्ष, अशोका, वाटर पाम, पोस्टल वाटर, फाइकस, मधु कामिनी, गुलमोहर, केशिया तामिया, कनेर सहित विभिन्न प्रजाति के 150 से अधिक बड़े-बड़े वृक्षों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में जनभागीदारी सदस्य एवं मुक्ति धाम सेवा समिति के सचिव मनोज पांडे ने भी कहा कि पढ़ाई और शैक्षणिक गतिविधियों से अच्छी नौकरी तो अवश्य पा सकते हैं लेकिन अच्छे स्वास्थ्य और स्वस्थ जीवन के लिए सांसे जरूरी है और उसके लिए स्वच्छ और शुद्ध पर्यावरण की बड़ी भूमिका इसलिए हम पौधारोपण करके इस कार्य को निरंतर छात्राओं के बीच करते आएंगे। उसी तारतम्य में आज बड़े पैमाने पर पौधारोपण उसी कड़ी का परिणाम है। गौरतलब है कि मध्यप्रदेश में विदिशा का शासकीय कन्या अग्रणी महाविद्यालय जिसमें साढ़े 6 हजार से ज्यादा छात्राएं अध्ययनरत हैं और इसे प्रदेश में बी ग्रेड हासिल है और इसी माह में 11 अप्रैल को नई दिल्ली से नेक की टीम कॉलेज में आ रही है। वह यहां की शैक्षणिक गतिविधियों के साथ ही साथ स्वच्छ वातावरण एवं परिसर का भी अवलोकन करेगी। इसलिए हम सभी का प्रयास होना चाहिए कि यह महाविद्यालय प्रदेश में ए ग्रेड में आ सके इसके लिए हम सबके स्वच्छता पर्यावरण के लिए भी प्रयास मील का पत्थर साबित होंगे। कार्यक्रम के दौरान जनभागीदारी अध्यक्ष सुमन सोनी प्राचार्य डॉ नीता पांडे सदस्यगण मनोज पांडे अशोक गोयल गोपाल खत्री डॉ ओजस्विनी जौहरी कलेक्ट्रेट के पूर्व अधीक्षक शिवराज सिंह दांगी पूर्व जनपद सीईओ हरिनारायण शर्मा एडवोकेट विमल तारण नरेंद्र सोनी द्वारका प्रसाद खत्री मान सिंह रघुवंशी मुकेश कुशवाह मोहनलाल साहू लालाराम रघुवंशी सोनू सेन सहित महाविद्यालय का स्टाफ एवं प्राध्यापक मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन समिति सदस्य मनोज पांडे एवं आभार अशोक गोयल द्वारा व्यक्त किया गया।

# लाड़ली बहना की प्रक्रिया में अब शिक्षक भी करेंगे सहभागिता

**स्वतंत्र समय, विदिशा**



प्रदेश सरकार और मुख्यमंत्री की महत्वकांक्षी योजना मुख्यमंत्री बहना के लिए फार्म भरे जाने की प्रक्रिया चल रही है। इसमें सचिव, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, रोजगार सहायकों के साथ अब शासकीय स्कूल के शिक्षक भी इस प्रक्रिया में भागीदारी करेंगे। विदिशा जनपद के अंतर्गत जिन शिक्षकों को ड्यूटी करना है, उनकी जनपद सभागार में रविवार को बैठक आयोजित की गई। जहां लॉगिन आईडी और पासवर्ड जनरेट किए गए।

जनपद पंचायत सीईओ प्रमोद खरे ने बताया कि विदिशा जनपद जो ग्रामीण क्षेत्र में शामिल हैं, वहां 40 हजार 99 हितग्राहियों का लाड़ली बहना के अंतर्गत फार्म जमा करने का लक्ष्य मिला है। 25 मार्च से लेकर अब तक जनपद के अंतर्गत 17 हजार 207 फार्म जमा हो चुके है। वहीं उन्होंने बताया कि एसडीएम गोपालसिंह वर्मा द्वारा जनपद सभागार में रविवार को एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें शासकीय स्कूलों के शिक्षकों को भी सचिव, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और पटवारियों के साथ इस कार्य मेमं सहयोग कराने के लिए जोड़ा जा रहा है। बैठक के साथ उन्हें इस कार्य की ट्रेनिंग देने और उनकी लॉगिन आईडी और पासवर्ड जारी किए गए है। वहीं यह भी कहा गया कि 11 और 13 अप्रैल को इस कार्य के लिए जनपद क्षेत्र में महा अभियान चलाया जाएगा। महा अभियान के एक दिन पहले 10 और 12 तारीख को सभी क्षेत्रों में घर-घर जाकर इस कार्य को करने वाले पीले चावल वितरित करने और अब तक जिनका फार्म जमा नहीं हुआ है, उनका फार्म जमा कराने के लिए प्रेरित करेंगे। यह भी बताया गया कि 40 हजार 99 हितग्राहियों के लक्ष्य में जमा हुए कई फार्म नियम विरूद्ध भरे गए फार्मों को निरस्त भी किया जाएगा।

# मथुरा में कैद कृष्ण को रिहा करने हिंदुओं को जगाने का आव्हान

**स्वतंत्र समय, विदिशा**

रविवार को विदिशा-भोपाल हाईवे बायपास पर चल रही बागेश्वर धाम की भागवत कथा के तीसरे दिन सुबह के समय दिव्य दरबार लगाया जाना था, लेकिन एक दिन पहले हुई तेज बारिश के चलते और जलभराव के कारण दिव्य दरबार रद्द कर दिया गया, लेकिन दोपहर में कथा का आयोजन जारी रही। तीसरे दिन सुप्रसिद्ध कथा वाचक देवकीनंदन शर्मा कथा स्थल पहुंचे। रविवार को भोपाल-विदिशा बायपास पर श्रीमद् भागवत कथा के दौरान कथा वाचक बागेश्वर धाम के पीठाधीश पंडित धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने भक्त के वश में हैं भगवान सूत्र पर अपनी कथा का वाचन किया। इस दौरान उन्होंने महर्षि नारद के संत बनने के बारे में जानकारी दी। साथ ही धार्मिक भजनों के साथ भगवान की भक्ति की गई।

## सार-संक्षिप्त

### नव युवक सभा के द्विवार्षिक चुनाव सम्पन्न, विष्णु गेहानी बने अध्यक्ष



**संत हिरदाराम नगर।** संत नगर में नव युवक सभा के द्विवार्षिक चुनाव वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 के लिए रविवार को चुनाव अधिकारी एवं संस्कार स्कूल के सचिव बसंत चेलानी के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुए। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए डॉ धर्मेन्द्र और शिक्षाविद् विष्णु गेहानी के द्वारा फार्म भरा गया, लेकिन अंतिम समय में डॉ. धर्मेन्द्र ने नामांकन फार्म वापस ले लिया। शिक्षाविद् विष्णु गेहानी को अध्यक्ष बनाया गया। इसके अलावा महासचिव राजेश हिंगोरानी, सचिव सुरेश राजपाल, संयुक्त सचिव दिनेश वाधवानी, कोषाध्यक्ष धर्मप्रकाश मोटवानी, आडिटर कन्हैयालाल रामनानी, सदस्य शिक्षा समिति कमल प्रेमचन्दानी को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। चुनाव के बाद चुनाव अधिकारी बसंत चेलानी, डॉ धर्मेन्द्र, नारायणदास लालवानी, हीरो ज्ञानचन्दानी, कन्हैयालाल मोटवानी, केवल टहिलयानी, मंघाराम टहिलयानी, रमेश लेखवानी, हेमन्त वकील, अर्जुन खत्री, आयलदास साधवानी एवं संस्था के समस्त सदस्यों ने बधाई दी।

### शराब के नशे में रात को घर से निकले व्यक्ति का शव सुबह पेड़ पर लटका मिला

**भोपाल।** पिपलानी थाना इलाके में एक व्यक्ति ने घर के पास लगे पेड़ पर फॉसी का फंदा बनाकर खुदकुशी कर ली। बताया गया है कि मृतक रात को शराब के नशे में घर से बाहर गये थे। थाना पुलिस ने बताया कि 40 क्वार्टर पिपलानी में रहने वाले 55 वर्षीय राकेश जोशी पुत्र नाथूराम जोशी शनि महाराज नाम पर मांगने का काम करते थे। उनके दो बेटे जीतेंद्र और धर्मेंद्र जोशी सहित तीन बेटिया हैं। परिवार वालो ने बताया कि उन्हें शराब पीने की आदत थी। बीती रात वह शराब के नशे में घर पहुंचे और किसी बात को लेकर परिवार वालो से विवाद करने लगे। गुस्से में आकर रात करीब साढ़े नौ बजे वह घर से बाहर चले गए। अगली सुबह तड़के 6 बजे परिवार वालो ने उनकी खोजबीन शुरु की। इस दौरान घर के पास ही स्थित पेड़ पर उनका शव फांसी के फंदे पर लटका नजर आया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के बाद परिजनों को सौंपते हुए आगे की जांच शुरु कर दी है।

### आईपीएल क्रिकेट मैचों पर ऑनलाईन सट्टा खिलाने वालों को क्राइम ब्रांच ने दबोचा

**भोपाल।** राजधानी कि क्राइम ब्रांच टीम ने अवैध रूप से आईपीएल क्रिकेट मैचों की सट्टे की आईडी बनाकर क्रिकेट सट्टा खिलवाने वाले दो आरोपियो को रंगे हाथो दबोचा है। उनके पास से हजारो की नगदी सहित दो मोबाइल एक मोटर साइकिल बरामद की है। वहीं आरोपी के मोबाइल से लाखो का हिसाब जप्त हुआ है, जिसके लेनदेन के आधार पर पुलिस अन्य आरोपियो की तलाश कर रही है। आरोपियों के तार भोपाल के अन्य क्रिकेट सटोरियों से जुड़े होने की जानकारी भी सामने आई है। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त शैलेन्द्र सिंह चौहान ने बताया कि टीम को बीते दिन सूचना मिली कि इकबाल मैदान वाले आईटीएच मैदान के पास दो युवक बाइक पर बैठकर मोबाईल मे आनलाईन सट्टा खेल रहे है। खबर मिलते ही टीम ने मौके पर पहुंचकर खोजबीन की जिसमें उसे दोनो युवक बाइक पर बैठकर मोबाइल फोन से सट्टा खेलते नजर आये। घेराबंदी कर हिरासत में लेने के बाद पूछताछ में उनकी पहचान मुईन उर्फ माहिर पिता काले खान 23 साल निवासी निशातपुरा जो पेशे से फोटोग्राफर है, और दानिश पिता अजीजउल्ला 27 साल निवासी गीतानगर भानपुर जो अटेंडर है, के रुप में हुई। आरोपियो के पास मौजूद दोनो मोबाइलो में सट्टे की आईडी मिली जिसमे ऑनलाइन सट्टा खेला जा रहा था। पूछताछ में आरोपियो ने ऑनलाईन सट्टा खेलने की बात बताई, जिनके खिलाफ मामला दर्जकर उन्हें गिरफ्तार कर आगे की कार्यवाही की जा रही है।

### भोपाल से गुजरने वाली ट्रैनों में चोरियां करने वाले बदमाश चढ़े जीआरपी के हत्थे

**भोपाल।** राजधानी से गुजरने वाली ट्रेनों में चोरी की वारदात करने वाले देवास के तीन सदस्यीय गिरोह को भोपाल जीआरपी ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जीआरपी पुलिस ने बताया कि रेलवे प्लेटफार्म और चलती ट्रेनों में चोरी की घटनाओं पर अकुंश लगाने और अपराधियों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस ने बीते दिनों भोपाल जीआरपी में दर्ज हुए मामलो की जांच के दौरान स्टेशनों पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। इसमे हाथ लगे सुरागो के आधार पर तीन संदेहियों प्रदीप पुत्र मानसिंह पिपलोधिया (22), अभिषेक पुत्र गंगाराम झाला (22), और दीपक सोलंकी पुत्र राजेश (21) को दबोच। तीनों आरोपी थाना कोतवाली और थाना बावड़िया जिला देवास के रहने वाले हैं। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह चलती ट्रेनों में मौका पाकर यात्रियों के सामान पर हाथ साफ कर देते थे।

### 16 को कर्मचारी संगठनों से सीएम शिवराज करेंगे चर्चा

# 10 लाख कर्मचारियों को शिवराज देंगे बड़ी सौगात

## राज्य कर्मचारी कल्याण समिति ने मांगे दो-दो प्रतिनिधियों के नाम

**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एक बार फिर से मप्र के सरकारी कर्मचारियों को बड़ी सौगात दे सकते हैं। लंबे समय अपनी मांगों को लेकर लामबंद सरकारी कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधि मंडल से मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान चर्चा करेंगे। मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी कल्याण समिति ने पंजीकृत कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारियों से दो-दो नाम मांगे हैं। बैठक में कर्मचारी संगठन की मांगों, नीतिगत निर्णय, आर्थिक मामलों समेत अन्य समस्याओं पर खुलकर बात होगी। फिलहाल बैठक की तारीख तय नहीं की गई है। बताया जा रहा है कि 16 अप्रैल के बाद यह बैठक आयोजित की जाएगी।
यदि मंत्रालय कर्मचारी संघ को छोड़ दिया जाए तो अधिकांश कर्मचारी संगठन आंदोलन की राह पर हैं। प्रदेश से सबसे बड़े तृतीय वर्ग कर्मचारी संगठन ने आगामी 20 अप्रैल से चरणबद्ध आंदोलन का ऐलान किया। इसके अलावा अध्यापक, संविदा कर्मचारी, दैनिक वेतनभोगी, लिपिक वर्ग, वाहन चालक संघ, चतुर्थ श्रेणी, बिजली कर्मचारी, पेंशनर्स समेत अन्य कर्मचारी संगठन भी आंदोलन कर रहे हैं। कर्मचारियों के साथ होने जा रही बैठक को लेकर वित्त विभाग ने भी तैयारी शुरू कर दी है। राज्य कर्मचारी कल्याण परिषद ने भी मांगों के आधार पर सरकारी रिकॉर्ड के डाटा तैयार करने का काम शुरू कर दिया है। हालांकि राज्य कर्मचारी कल्याण परिषद ने मुख्यमंत्री से बैठक की अधिकृत जानकारी कर्मचारी संगठनों को नहीं दी है।



### 16 सूत्रीय मांगों पर होगा फोकस

तृतीय वर्ग कर्मचारी संगठन के कार्यकारी अध्यक्ष एसएस रजक ने बताया कि राज्य कर्मचारी कल्याण समिति के मंत्रालय स्थित कार्यालय से दो प्रतिनिधियों के नाम मांगे हैं। उन्होंने बताया कि संयुक्त रूप से ओल्ड पेंशन स्कीम को लागू करने की मांग प्रमुख है। इसके अलावा मंत्रालय कर्मचारियों के समान वेतन मांग, लिपिकों की वेतन विसंगति, केंद्रीय तिथि से महंगाई भत्ता, सेवानिवृत्त कर्मचारियों को केंद्र के समान महंगाई राहत, पदोन्नति पर लगी रोक हटाने, वाहन चालकों की भर्ती कर एवं टैक्सी प्रथा बंद करने सहित अन्य मांगों पर मुख्यमंत्री से बातचीत की जाएगी। मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी कल्याण समिति के अध्यक्ष और राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त रमेशचंद्र शर्मा ने बताया कि सरकार कर्मचारियों की मांग समय-समय पर विचार मंथन करती है। कर्मचारी संगठनों से प्रतिनिधियों की सूची मांगी गई है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधि से संवाद करेंगे। जल्द ही यह बैठक आयोजित की जाएगी।

### संविदा कर्मचारियों के नियमितिकरण की करेंगे मांग

मध्य प्रदेश संविदा कर्मचारी अधिकारी महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष रमेश राठौर ने बताया कि प्रदेश में संविदा कर्मचारियों के साथ सरकार ने सौतेला व्यवहार किया है। लंबे समय से संविदा कर्मचारियों को नियमित कर्मचारियों के समान वेतनमान, मंहगाई भत्ता समेत अन्य सुविधाओं की मांग संविदा कर्मचारी कर रहे हैं। इसके अलावा वरिष्ठता के आधार पर समय-मान वेतनमान, पदोन्नति, क्रमोन्नति, अनुकंपा नियुक्ति, ग्रेच्युटी पर भी मुख्यमंत्री से बातचीत की जाएगी। उन्होंने बताया कि 5 जून 2018 की संविदा नीति के तहत सातवें वेतनमान का लाभ और अन्य सुविधाएं देने की मांग भी की जा रही है।

### मंत्रालय कर्मचारी संघ संयुक्त मांगों पर करेगा चर्चा

मप्र मंत्रालय कर्मचारी संघ के सुभाष वर्मा ने बताया कि मंत्रालय कर्मचारियों की बहुत अधिक मांगे नहीं है। लेकिन मांगों को लेकर कर्मचारियों से चर्चा कर प्रस्ताव तैयार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मंत्रालय कर्मचारी संघ अन्य शासकीय कर्मचारी संगठनों का समर्थन करता है। लिहाजा संयुक्त मोर्चा की मांग पर चर्चा की जाएगी।

## ट्रैफिक पुलिस द्वारा ले जाई गई बाइक लेकर बदमाश हुआ चंपत

**स्वतंत्र समय, भोपाल**



बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय के सामने सर्विस रोड पर एक युवक को अपनी बाइक खड़ी करना महंगा पड़ गया। युवक सामान खरीदने बाजार गया था, उसी दौरान ट्रैफिक पुलिस की क्रेन ने उसकी गाड़ी को उठा लिया। युवक ने गाड़ी छोड़ने की मिन्नत की तब ट्रैफिक पुलिस ने उससे कहा कि कागजात दिखाकर बाग सेवनियां थाने के सामने से गाड़ी ले जाना। लेकिन एक बदमाश पहले से वहां मौजूद था, ट्रैफिक पुलिस ने गाड़ी मालिक का साथी समझकर बाइक कि चाबी उसे दे दी। इसके बाद शातिर आरोपी बाइक लेकर चंपत हो गया। बाद में पुलिस ने अज्ञात बदमाश के खिलाफ अमानत में खयानत का मामला कायम कर उसकी धरपकड़ के प्रयास शुरु कर दिये है।

पुलिस के अनुसार सतलापुरा मंडीदीप में रहने वाला 32 वर्षीय छोटेलाल अहिरवार सेंटिंग लगाने का काम करता है। इन दिनों उसका काम बाग सेवनियां स्थित रजत विहार कॉलोनी में चल रहा है। बीती पांच अप्रैल को शाम करीब सात बजे वह सब्जी खरीदने गया था। उसने अपनी गाड़ी बीयू के सामने नए सर्विस रोड पर खड़ी कर दी थी। अक्सर जाम लगने के कारण ट्रैफिक पुलिस की क्रेन समय-समय पर यहॉ नो पार्किंग में खड़े वाहनो को जप्त करने की कार्रवाई करती है। पांच अप्रैल को क्रेन ने छोटेलाल की गाड़ी का उठा लिया। छोटेलाल जब वहां पहुंचा तो उसने पुलिसकर्मियों से गाड़ी छोड़ देने की बात कही। पुलिसकर्मियों ने कहा कि क्रेन बाग सेवनियां थाने जा रही है। वहां आ जाओ और कागज दिखाकर गाड़ी ले जाना। इसके बाद छोटेलाल थाने के सामने पहुंच गया।

कागजात देखने के बाद पुलिसकर्मियों ने छोटेलाल से चाबी लेकर क्रेन से गाड़ी नीचे उतार दी। इस पूरे घटनाक्रम के दौरान एक अज्ञात लड़का वहां मौजूद था। गाड़ी क्रेन से उतारने के बाद पुलिसकर्मियों ने उस अज्ञात लड़के को फरियादी का साथी समझकर गाड़ी की चाबी उसे दे दी। इसके बाद अज्ञात बदमाश ने फरियादी को चकमा देते हुए कहा कि वह उसकी बाइक को साइड में खड़ी करने जा रहा है। छोटेलाल उस शातिर को गाडियॉ उठाने वाली क्रेन के स्टॉफ का व्यक्ति समझे थे, सो उन्होनें कूछ नहीं कहा। आरोपी बाइक लेकर चंपत हो गया, जिसके बाद सारी बात का खुलासा हुआ। मामला दर्जकर पुलिस उसकी सुरागशी के प्रयास कर रही है।

## सिंधी में 12वीं उत्तीर्ण विद्यार्थी को सरकार दे सिंधी शिक्षक की नौकरी

### रोजगार से जोड़ने पर ही मातृ भाषा का विकास संभवः सुरेश जसवानी

**संत हिरदाराम नगर।** हर साल की तरह इस बार भी 10 अप्रैल को विश्व सिंधी भाषा दिवस के रूप में मनाया जाएगा। लेकिन जब तक मातृ भाषा सिंधी को रोजगार से नहीं जोड़ा जाता, इसे सीखने वाले विद्यार्थियों को आर्थिक प्रलोभन नहीं मिलता, तब तक भाषा का विकास संभव नहीं है। यह कहना है अखिल भारतीय सिंधी महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुरेश जसवानी का।
सुरेश जसवानी ने बताया कि 10 अप्रैल 1967 को सिंधी लिपि को संविधान की 8वीं अनुसूची में इस लिहाज से शामिल किया गया कि इसका उत्थान होगा लेकिन अगर यह कहा जाए कि 10 अप्रैल 1967 से ही इसका ह्रास होना शुरू हुआ तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी। क्योंकि सिंधी लिपि को पढ़ने से विद्यार्थियों को कोई लाभ नहीं होता, इसलिए 70 के दशक के बाद से ही एक तरह से इसका विलोपन प्रारंभ हो गया, और आज की तारीख में यह लगभग लुप्तप्राय होने की कगार पर है। क्योंकि मौजूदा समय में बड़े शहरों में केवल 15 प्रतिशत परिवारों में ही सिंधी में आपस में बातचीत होती है, जबकि 85 फीसदी सिंधी या तो हिंदी अथवा आपस में अंग्रेजी में बात करने लगे हैं। सुरेश जसवानी ने कहा कि राजनीतिक दलों के



सिंधी भाषी नेताओं को केन्द्र एवं प्रदेश सरकारों से इस बात की घोषणा करवाना चाहिए कि जो भी विद्यार्थी कक्षा 12वीं सिंधी लिपि में उत्तीर्ण करेगा, उसे सिंधी शिक्षक की सरकरी नौकरी दी जाएगी। इसके अलावा जो भी विद्यार्थी सिंधी लिपि पढ़ेगा उसे केन्द्र सरकार के शिक्षा विभाग के अधीन सिंधी भाषा विकास परिषद् एवं संबंधित प्रदेशों की सिंधी साहित्य अकादमी प्रतिमाह 10 हजार रूपए स्कालरशिप प्रदान करेगी, तब ही सिंधी लिपि के प्रति आकर्षण पैदा हो सकता है। जसवानी ने कहा है कि हर सिंधी परिवार की माता पर यह जोर दिया जाए कि जन्म के एक साल के बाद जब बच्चा बोलना शुरू करता है तब मां उसके साथ अपनी मातृ भाषा में कम से कम 7 साल तक बात करे, तब उसे सिंधी लिपि की आदत पढ़ जाएगी और वह आजीवन अपनी मातृ भाषा को भूल नहीं सकेगा।

### 30 अप्रैल तक लगाए जाएंगे लाड़ली बहना योजना के शिविर

**भोपाल।** ऊर्जा मंत्री एवं गुना जिला के प्रभारी मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर रात में गुना जिले की ग्राम पंचायत भदौरा पहुँचे। उन्होंने यहाँ 卐मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना卐 के पंजीयन केन्द्र और ई-केवाईसी कार्य का जायजा लिया। ऊर्जा मंत्री ने पंजीयन कराने आईं महिलाओं और पंजीयन कर रहे स्टाफ को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया। ऊर्जा मंत्री तोमर ने पंजीयन और ई-केवाईसी कराने आईं महिलाओं के बीच बैठ कर अनौपचारिक माहौल में सहृदयता के साथ बातचीत की। उन्होंने मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मंत्री तोमर ने ग्राम पंचायत भदौरा निवासी श्रीमती दाका बाई, श्रीमती रामरती वाई सहित अन्य महिलाओं को बताया कि परिवार की हर पात्र महिला को प्रदेश सरकार 卐मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना卐 में हर माह एक हजार रूपए देगी। साथ ही जिन बुजुर्ग महिलाओं को अभी 600 रूपए पेंशन मिल रही है उन्हें सरकार अब एक हजार रूपए प्रतिमाह पेंशन देगी। प्रभारी मंत्री तोमर ने गुना जिले में लाड़ली बहना योजना में पंजीयन के काम पर संतुष्टि जाहिर की।

## लोकतंत्र बचाओ आंदोलन के तहत कांग्रेस ने गोविंदपुरा क्षेत्र में किया सत्याग्रह

**स्वतंत्र समय, भोपाल**

कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व प्रमुख नेता राहुल गांधी की संसद सदस्यता समाप्त किए जाने के खिलाफ कांग्रेस पार्टी मप्र सहित देशभर में लगातार आंदोलन व प्रदर्शन कर रही है। इसी कड़ी में रविवार को मप्र की राजधानी भोपाल के गोविंदपुरा क्षेत्र में केंद्र की भाजपा सरकार के विरोध स्वरूप सत्याग्रह किया गया।

राहुल गांधी की संसद सदस्यता समाप्त करने के विरोध में रविवार को भोपाल के गोविंदपुरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पिपलानी पैट्रोल पंप भेल में लोकतंत्र को बचाने के लिए जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यवाहक अध्यक्ष प्रकाश चौकसे के नेतृत्व में सत्याग्रह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रकाश चौकसे ने केंद्र सरकार के हिटलर शाही के खिलाफ




गरजते हुए कहा कि बाबा साहेब डा भीमराव अम्बेडकर के दिए हुए संविधान में हर किसी को सही की आवाज उठाने की स्वतंत्रता दी गई है। इसके बावजूद बीजेपी सरकार द्वारा केवल कॉरपोरेट जगत के हिसाब से सारे निर्णय लिए जा रहे हैं। रोजगार, महंगाई, रेल से लेकर अस्पताल, स्कूल, कॉलेज तक को निजीकरण की ओर ले जाकर कर केवल कुछ उद्योगपतियों को लाभ पहुंचाने का काम किया जा रहा है। सत्याग्रह में भोपाल जिला शहर अध्यक्ष कैलाश मिश्रा, मप्र कांग्रेस सभी प्रकोष्ठों के प्रभारी जेपी धनोपिया, वरिष्ठ नेता गोविंद गोयल, जेपी गौर, महेश मालवीय, केपी दिवेदी, विजेंद्र पाटील, चेतन साहू, लोकेंद्र शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने कहा-आपकी राय बनेगी मध्यप्रदेश की राह

# जबलपुर में बनेगा ग्लोबल स्किल पार्क और नर्मदा कॉरिडोर

**स्वतंत्र समय, भोपाल**

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रदेश के साथ जबलपुर सभी क्षेत्रों में निरंतर प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहा है। विकास की इस यात्रा में प्रबुद्धजन और युवा भागीदार बन कर मध्यप्रदेश को नंबर-वन राज्य बनाएँ। प्रदेश के नागरिक टेलेंट का उपयोग कर राज्य सरकार और भी रिच हो जाएगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान आज जबलपुर में प्रबुद्धजन से प्रदेश के विकास को लेकर संवाद कर रहे थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने प्रदेश में विभिन्न क्षेत्रों में हुई उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि आज मध्यप्रदेश सिंचाई, बिजली, सड़क, उद्योग और फसल उत्पादन में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। प्रदेश के विकास में समग्र, समन्वित और सुनियोजित प्रयासों से विकास की नई ऊँचाइयाँ प्राप्त की गई हैं। इन उपलब्धियों में आमजन का सहयोग भी रहा है। उन्होंने कहा कि एक समय ऐसा भी था, जब मध्यप्रदेश बीमारू राज्यों की श्रेणी में गिना जाता था, आज समन्वित प्रयासों से मध्यप्रदेश, देश के टॉप-10 राज्यों की श्रेणी में गिना जाने लगा है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि वर्ष 2003 के पहले प्रदेश की जो स्थिति थी, वह किसी से छुपी




नहीं है। सड़क में गड्ढे थे या गड्ढों में सड़क थी, यह पता ही नहीं लगता था। आज मध्यप्रदेश में सड़कों की सूरत बदल गई है। चारों ओर सड़कों का जाल बिछ गया है। नेशनल हाई-वे भी बने हैं। प्रदेश में सड़कों की कनेक्टिविटी बढ़ जाने से निवेश भी तेजी से बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री ने बताया कि अटल एक्सप्रेस-वे, नर्मदा एक्सप्रेस-वे और विन्ध्य एक्सप्रेस-वे से प्रदेश को विकास के नये आयाम मिलेंगे। जबलपुर में देश का दूसरा सबसे बड़ा रिंग रोड बनेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि नर्मदा एक्सप्रेस-वे मेरा ड्रीम प्रोजेक्ट है, जो पूर्व से पश्चिम तक बनेगा, इससे व्यापार और रोजगार को बढ़ावा मिलेगा। अटल जी के नाम पर चंबल में अटल एक्सप्रेस-वे बन रहा है। प्रदेश में कहीं भी कनेक्टिविटी की समस्या नहीं रहेगी।
मुख्यमंत्री ने कहा कि एक समय था जब चंबल के बीहड़ों में डाकूओं का खौफ था, सिमी का नेटवर्क और नक्सलवाद का बोलबाला था। आज चंबल या कहीं और डाकूओं का संगठित गिरोह नहीं है। सिमी का नेटवर्क ध्वस्त किया जा चुका है। नक्सलवाद पर कड़ा प्रहार किया गया है। इसी साल लाखों रूपये के 6 ईनामी नक्सली मार गिराये गये हैं। चंबल के बीहड़ की जमीन को इंडस्ट्रीज में परिवर्तित किया जा रहा है। सभी एक्सप्रेस-वे के दोनों ओर औद्योगिक क्षेत्र विकसित किया जायेगा।
मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि उद्योग के क्षेत्र में प्रदेश निरंतर आगे बढ़ रहा है, जिससे रोजगार और व्यापार की संभावना बढ़ रही हैं। बिजली उत्पादन बढ़ने से आज 24 घंटा बिजली मिल रही है। सिंचाई क्षमता साढ़े 7 लाख हेक्टेयर से बढ़ कर 46 लाख हेक्टेयर हो गई है। इसी का परिणाम है कि हमने खाद्यान्न उत्पादन में पंजाब और हरियाणा को भी पीछे छोड़ दिया है। गेहूँ और रबी फसलों का उत्पादन 100 लाख मीट्रिक टन से अब 700 लाख मीट्रिक टन हो गया है। वर्ष 2026 तक 65 लाख हेक्टेयर रकबा को सिंचित करने की कार्य-योजना है। सिंचाई से ही कृषि विकास दर में 18 प्रतिशत वृद्धि हुई और प्रदेश को 7 बार %कृषि कृमण का अवॉर्ड% मिला। यह किसी चमत्कार से कम नहीं है। मध्यप्रदेश का गेहूँ और बासमती चावल दुनिया में धूम मचा रहा है। कृषि उत्पादन के नये रिकॉर्ड बन रहे हैं। उत्पादन बढ़ने से किसानों की जेबों में पैसा आने लगा है और पूरी अर्थ-व्यवस्था सुचारू रूप से चलने लगी है। इससे पूँजी निर्माण और निवेश को गति मिली है। मध्यप्रदेश की तस्वीर बदल रही है।
मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि जबलपुर में ग्लोबल स्किल पार्क बनाया जायेगा। इसमें युवाओं को प्रशिक्षित कर उनके हुनर को बढ़ा कर रोजगार दिलाये जायेंगे। जबलपुर रिंग रोड के आसपास 456 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र में औद्योगिक संभावनाओं को तलाशा जायेगा। मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति और स्व-रोजगार योजनाओं में हर माह ऋण वितरण कर आजीविका मिशन को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वे बेरोजगारी भत्ते के विरोधी हैं। इसीलिए मुख्यमंत्री कौशल कमाई योजना शुरू की है, जिसमें काम सीखने के दौरान युवाओं को 8100 रूपये की राशि दी जायेगी। इस प्रशिक्षण से युवा अपने भविष्य को बेहतर कर सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट भले ही इंदौर में हुई, लेकिन इन्वेस्टर्स की रूचि जबलपुर में ज्यादा दिखाई दी है।
मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश अब टाईगर स्टेट है, लेपर्ड स्टेट है, घड़ियाल स्टेट और वल्चर स्टेट भी है। यहाँ महाकाल जैसी अनेक रचनाएँ हैं, नमामि नर्मदा कॉरिडोर जल्द ही जबलपुर की सांस्कृतिक विरासत को एक नई पहचान देगा। साथ ही पर्यटन और रोजगार को गति मिलेगी।

# संपादकीय

## भारत और भूटान : सदियों पुराने मित्र-भाईचारे का प्रमाण

भारत और भूटान के बीच संबंध विश्वास, सद्भावना और आपसी समझ के स्तंभों पर आधारित हैं। दोनों पड़ोसियों के बीच घनिष्ठ सभ्यतागत, सांस्कृतिक और आर्थिक संबंध है, जो सदियों पुराने है। भारत-भूटान संबंधों का मूल ढांचा दोनों देशों के बीच 1949 में हस्ताक्षरित मित्रता और सहयोग की संधि है, जिसे 2007 में नवीनीकृत किया गया था। भारत और भूटान के बीच बहु-क्षेत्रीय सहयोग है,व्यापार और आर्थिक संबंध में भारत भूटान का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है और भूटान में निवेश का प्रमुख स्रोत बना हुआ है। 2021 में, भारत ने भारत के साथ भूटान के द्विपक्षीय और पारगमन व्यापार के लिए सात नए व्यापार मार्गों को खोलने की औपचारिकता को औपचारिक रूप दिया। भूटान से भारत में 12 कृषि-उत्पादों के औपचारिक निर्यात की अनुमति देने के लिए नई बाजार पहुंच भी प्रदान की गई। डिजिटल सहयोग के लिए हाल के दिनों में, सहयोग के पारंपरिक दायरे से परे नए क्षेत्रों में सहयोग हुआ है। उदाहरण के लिए- तीसरे अंतर्राष्ट्रीय इंटरनेट गेटवे जैसे डिजिटल बुनियादी ढांचे की स्थापना। इसके अलावा, भारत के राष्ट्रीय ज्ञान नेटवर्क के साथ भूटान के डरुकरेन का एकीकरण ई-लर्निंग के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण सहयोग है।

भारत न केवल भूटान का सबसे बड़ा विकास भागीदार है, बल्कि माल और सेवाओं में इसके व्यापार के स्रोत और बाजार दोनों के रूप में सबसे महत्वपूर्ण व्यापारिक भागीदार भी है। भारत भू-आबद्ध भूटान को न केवल पारगमन मार्ग प्रदान करता है, बल्कि जलविद्युत, अर्ध-तैयार उत्पाद, फेरोसिलिकॉन और डोलोमाइट सहित भूटान के कई निर्यातों के लिए सबसे बड़ा बाजार भी है। वित्तीय सहयोग/एकीकरण के तहत रुपे परियोजना का पहला चरण भूटान में शुरू किया गया। 2021 में भारत का भारत इंटरफेस फॉर मनी भी लॉन्च किया गया। अंतरिक्ष सहयोग द्विपक्षीय सहयोग का एक नया और संभावना-युक्त क्षेत्र है। भारत और नेपाल के दोनों प्रधानमंत्रियों ने संयुक्त रूप से 2019 में थिम्फू में दक्षिण एशिया उपग्रह के ग्राउंड अर्थ स्टेशन का उद्घाटन किया, जो इसरो के सहयोग से बनाया गया था। इसके अलावा, भारत-भूटान सैट को 2022 में इसरो के पोलर सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल द्वारा अंतरिक्ष में लॉन्च किया गया था।

भूटान के साथ पारस्परिक रूप से लाभकारी पनबिजली सहयोग द्विपक्षीय आर्थिक सहयोग का मूल है। मांगदेछु सहित 4 पनबिजली परियोजनाएं पहले से ही भूटान में चालू हैं और भारत को बिजली की आपूर्ति कर रही हैं। शैक्षिक, सांस्कृतिक सहयोग और लोगों के बीच आदान-प्रदान हेतु भारत और भूटान के बीच शैक्षिक और सांस्कृतिक क्षेत्रों में घनिष्ठ द्विपक्षीय सहयोग है। चिकित्सा, इंजीनियरिंग आदि सहित विभिन्न विषयों में भारत में अध्ययन करने के लिए भूटानी छात्रों के लिए भारत सरकार द्वारा सालाना 950 से अधिक छात्रवृत्तियां प्रदान की जाती है। कई भूटानी तीर्थयात्री बोधगया, राजगीर, नालंदा, सिक्किम, उदयगिरि और अन्य बौद्ध स्थलों की भारत में यात्रा करते हैं। रणनीतिक संबंधों को मजबूत करते हुए, भारत ने 1961 में भूटानी सुरक्षा बलों को प्रशिक्षित करने के लिए भूटान में अपनी सैन्य प्रशिक्षण टीम तैनात की और तब से भूटानी सुरक्षा के लिए जिम्मेदार है। सुरक्षा और सीमा प्रबंधन के मुद्दों, खतरे की धारणा, भारत-भूटान सीमा प्रवेश निकास बिंदुओं के समन्वय, और अन्य पहलुओं के बीच वास्तविक समय की जानकारी साझा करने से संबंधित कई कार्य नियमित रूप से दोनों देशों द्वारा किए जा रहे हैं। समय के साथ भारत और भूटान के बीच संबंध ऊर्जा सुरक्षा, व्यापार और व्यापार, सुरक्षा और खुफिया जानकारी साझा करने, डिजिटलीकरण, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी और संरक्षण जीव विज्ञान क्षेत्रों सहित व्यापक मुद्दों पर व्यापक साझेदारी और सहयोग में परिपक्व हो गए हैं। अतीत में विपरीत परिस्थितियों और चुनौतीपूर्ण समय में भारत हमेशा भूटान के साथ खड़ा रहा।

**ब्रायन ट्रेसी**

अहसास के साथ आप, जो कुछ भी यकीन करते हैं, वही आपकी हकीकत बन जाती है।

**अल्बर्ट आइंस्टीन**

समझदार होने की असली निशानी ज्ञान नहीं है, बल्कि कल्पना करने की आपकी सकती है।

## चौकड़ी की जुगलबंदी से फिर निर्मित होने लगा भय का वातावरण



लेखक
डॉ. रवीन्द्र अरजरिया



देश में एक बार फिर कोरोना के नये वैरिएंट की खबरों की बाढ़ सी आ गई है। ड्रग माफियों ने कोरोना के नाम पर विगत वर्षों में जमकर निरीह नागरिकों का खून चूसा था। सरकारी चिकित्सालयों में इस महामारी के उपचार के लिए भारी भरकम बिलों के माध्यम से कर दाताओं के पैसों को उड़ाया था। निजी अस्पतालों ने भारी भरकम बिलों से अपनी तिजोरियां भरी थी। अंग्रेजी उपचार पद्धति यानी एलोपैथी के चन्द विशेषज्ञों के माध्यम से नवीन शोध का भौंकाल बनाया गया था। आयुर्वेद सहित अन्य पैथियों के कारगर उपचार को घातक बताकर देश के काले अंग्रेजों ने पाश्चात्य चिकित्सा पद्धति की जमकर वकालत की थी, जबकि कोरोना काल के बाद एलोपैथी की अनेक अनावश्यक और घातक दवाओं के जमकर हुए, इस्तेमाल के खुलासों ने वास्तविकता उजागर कर दी थी। घोटालों की तथ्यात्मक समीक्षा वाली फाइलों को लाल फीतशाही ने माफियों के इशारों पर दबा दी थी। उस दौर में मुनाफाखोर ड्रग माफियों ने कथित शोध के आधार पर चिकित्सकों के साथ मिलकर देश के नागरिकों को जान का जोखिम बताकर खुलेआम लूटा था। ऐसी खबरों को मीडिया के चन्द घरानों ने किन्हीं खास कारणों से प्रमुखता से ही नहीं परोसा, बल्कि देश में दहशत का वातावरण भी निर्मित कर दिया।

एम्स दिल्ली के तत्कालीन निदेशक तो सरकारी वेतन के एवज में धरातली दायित्वों की पूर्ति को नजरंदाज करते हुए, दिनभर मीडिया के साथ लाइव रहते थे। खतरों, घातक खतरों और प्राण घातक खतरों को संचार माध्यमों ने जमकर परोसा गया था। सकारात्मक वक्तव्यों को हाशिये के बाहर कर दिया गया। आयुर्वेद के विशेषज्ञों ने वैदिक पद्धति पर गहन शोध करके कोरोना का कारगर उपचार निकाला था, परन्तु उनके अनुसंधान को प्रमाणों के दायरे में तौलने के नाम पर स्वीकार नहीं किया गया, जबकि एलोपैथी की अनगिनत कंपनियों ने मनमाने फार्मूले पर दवाइयों का निर्माण किया और मूल्य नियंत्रण विभाग के कानूनों को धता बताते हुए चिकित्सकों के माध्यम से खुले बाजार में मनमाने दामों पर बेचा। अतीत के खून पिपासु षडयंत्र के सफल होने से उत्साहित ड्रग माफियों ने एक बार फिर चन्द चिकित्सकों के कथित शोधों को आधार बनाकर मीडिया के कुछ घरानों के साथ देश में पुनः दहशत का माहौल बनाने का प्रयास शुरू कर दिया है। बदलते मौसम की साधारण बीमारियों को कोरोना के नये घातक अवतार के रूप में प्रचारित करने का सिलसिला शुरु हो गया है। इस प्रचार में बताया जा रहा है कि कोरोना वायरस का नया रिकाम्बिनेंट वैरिएंट एक्सबीबी.1.16 म्युटेर कर रहा है, जिसका सब टाइप एक्सबीबी.1.16.1 अभी तक 113 लोगों की जान ले चुका है। इस वायरस में 90 प्रतिशत एक्सबीबी है। देश में अभी तक 6155 मरीज चिन्हित किये जाने के आंकड़े भी प्रसारित किये जा रहे हैं।

प्राण घातक वायरस के आक्रमण का भय पैदा किया जा रहा है। जबकि हमेशा ही बदलते मौसम के साथ बुखार, खांसी, सर्दी, जुकाम, नाक बहना, सिरदर्द, शरीर दर्द, पेट दर्द, उल्टी, दस्त जैसी शिकायतें आम लोगों को होती रहीं है। उस दौरान शारीरिक व्याधियों को घातक रूप में प्रचारित करने के स्थान पर उपचार की विशेष व्यवस्था करके सरकारी चिकित्सालयों में ही पीडितों को स्वास्थ्य लाभ दिया जाता था। चिकित्सा अधिनियमों में नकारात्मक वातावरण का निर्माण करके मरीज की जीवन प्रत्याशा को समाप्त करना एक अपराध माना गया है, परंतु कानूनों के लचीलेपन का लाभ उठाकर षडयंत्रकारियों ने बीमारी से सावधान करने के नाम पर दहशत फैलाने के अपने मंसूबे को हमेशा ही पूरा किया है। इस दिशा में किन्हीं खास कारणों से मीडिया के कुछ घराने वायरस को खबरों के अलावा डिवेट, पैकेज, सिग्मेन्ट जैसे कार्यक्रमों शामिल करके उसकी निरंतरता बनाये हुए हैं।

स्वाधीनता के बाद से देश की पुरातन संस्कृति से जुड़ी चिकित्सा की कारगर आयुर्वेदिक पद्धति अपने अस्तित्व की लडाई निरंतर लड़ रही है, किन्तु काले अंग्रेजों ने संवैधानिक व्यवस्था के तहत एलोपैथी को महत्व देकर अनुभवी नाड़ी वैद्यों की श्रृखला ही समाप्त कर दी है। वर्तमान में जांच, परीक्षण तथा रिपोर्ट्स के आधार पर दवाइयां लिखने वाले अधिकांश डॉक्टरों की कलम पर दवा माफियों ने कब्जा कर लिया है। ऐसे में नागरिकों की व्यक्तिगत जमा पूंजी, देश के करदाताओं के पैसा और सरकार की स्वास्थ्य योजनाओं को खुलकर लूटने के लिए एक बार फिर ड्रग माफियों ने कमर कस ली है। सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत कोरोना जैसी महामारी में होने वाले खर्च की जानकारी मांगने पर अभी तक परिणामों की शून्यता ही रही है। सूत्रों की माने तो चौकड़ी की जुगलबंदी से फिर निर्मित होने लगा भय का वातावरण। इस चौकड़ी में ड्रग माफियों तथा लालची चिकित्सकों के अलावा सरकारी तंत्र के अनेक उत्तरदायी अधिकारी तथा चन्द मीडिया हाउस के शामिल होने की चर्चायें चौपालों से लेकर चौराहों तक चटखारे लेकर कही सुनी जा रही है। बिना आग के धुंआ होना कदापि संभव नहीं हो सकता। यह अलग बात है कि आग का आकार कुछ भी हो,किन्तु धुंआ का बबंडर तो चारों ओर छाने लगा है। इस बार बस इतना ही। अगले सप्ताह एक नई आहट के साथ फिर मुलाकात होगी।

## आज भी लोकप्रिय है यूनानी चिकित्सा पद्धति



लेखक
मुकेश तिवारी

हकीकत जो भी हो, लेकिन इसमें कोई मतभेद नहीं है कि यूनान में इस पद्धति की तरक्की हुई और दर्जनों पुस्तकें लिखी गईं। हकीम वह रात ने यूनानी चिकित्सा पद्धति पर तमाम सारी पुस्तकें लिखी और उनके शिष्यों ने भी इस कार्य को गति दी। अन्य अध्ययनों से भी यह बात सामने आई है कि हकीम जालीनूस के समय में यूनानी चिकित्सा पद्धति की जड़ें मजबूत हुई। इस दौरान तमाम सारे अनुसंधान भी हुए, जिससे यूनानी चिकित्सा पद्धति की जड़ें और मजबूत हुई तथा अनेक अनुसंधान भी हुए।

हिंदुस्तान में यूनानी चिकित्सा पद्धति की शुरुआत 10 वीं शताब्दी से मानी जाती है। जिस तरह से हमारे मुल्क मे आयुर्वेद पल्लवित हुआ। ठीक उसी तर्ज पर अरब में यूनानी चिकित्सा पद्धति का विकास हुआ। अनेक विद्वानों का कहना है कि यूनानी चिकित्सा पद्धति भी आयुर्वेद की ही देन है और उसमें भी आयुर्वेदिक जड़ी बूटियों का भरपूर उपयोग किया जाता है। यह कड़वा सच है कि हिंदुस्तान जैसे ही अंग्रेजों का गुलाम बना, तो अंग्रेजों ने सबसे पहले आयुर्वेद को नेस्तनाबूद करने के लिए आयुर्वेद के अति दुर्लभ ग्रंथों को विदेश में भिजवा दिया था। उसी से यूनानी तिबय का उदय हुआ। हालांकि यूनानी चिकित्सा पद्धति को लेकर इतिहासकारों में काफी मतभेद हैं। हकीम अब्दुल लतीफ़ फल्की और हकीम गुलाम जिलानी यूनानी चिकित्सा पद्धति कि जन्म स्थली हिंदुस्तान को ही मानते हैं। हकीकत जो भी हो, लेकिन इसमें कोई मतभेद नहीं है कि यूनान में इस पद्धति की तरक्की हुई और दर्जनों पुस्तकें लिखी गई। हकीम वह रात में यूनानी चिकित्सा पद्धति पर तमाम सारी पुस्तकें लिखी और उनके शिष्यों ने भी इस कार्य को गति दी कई अन्य अध्ययनों से भी यह बात सामने आई है कि हकीम जालीनूस के समय में यूनानी चिकित्सा पद्धति की जड़े मजबूत हुई। इस दौरान तमाम सारे अनुसंधान भी हुए, जिससे यूनानी चिकित्सा पद्धति की जड़ें और मजबूत हुई तथा अनेक अनुसंधान भी हुए। चीन मिश्र का बुलावा आदि देशों में काफी फली फूली इसके बाद यह पद्धति की इस्लामिक देशों और अरब में आई यह जकारियां राजी शेख अबू अली बिन सीना की वजह से खूब फली फूली शेख साहब जैसी शख़्सियत की लिखी पुस्तकें इतनी प्रसिद्ध हुई कि इन्हें 18वीं सदी में यूरोप की शैक्षणिक संस्थाओं तक में पढ़ाए जाने लगा। इसके पश्चात यह पद्धति ईरान से होती हुई हिंदुस्तान में वापस लौटी और पुनः यहीं की होकर रह गई।

मुगलों के कार्यकाल में इस पद्धति का डंका पूरे हिंदुस्तान में बजने लगा। हजारों पुस्तकें अरबी और पश्तो भाषा में लिखी गई हिंदुस्तान में जब ब्रिटिश हुकूमत ने राज किया। इस पद्धति को भी नेस्तनाबूद करने के प्रयास किए गए, लेकिन चूंकि इन पद्धतियों की जड़ें गहरी थी। यह आम जनता के मध्य लोकप्रिय थी, इसलिए यह पूरी तरह नेस्तनाबूद नहीं हो सकी, इसलिए दिल्ली में शरीफी खानदान तथा लखनऊ में अजीजी खानदानों ने इसके विकास के लिए संस्थानों की नींव डाली।

बुक रात और जालीनूस का कहना था कि जो आदमी जिस मुल्क का रहने वाला है, उसको उस देश की ही जड़ी बूटियों से फायदा पहुंच सकता है। आयुर्वेद में भी इसी तरह की बात कही गई है। यूनानी चिकित्सा पद्धति की बुनियाद अनासिर अखलात और मिजाज पर निर्भर है। चार अनासिर, यानि आग पानी हवा और मिट्टी जिससे दुनिया की हर चीज बनी है। इसी तरह चार अखलात, यानि खून सफारा बलगम (श्लेष्मा) और सौदा।

इसके खास अनुपात में मनुष्य के बदन में मौजूद रहने पर ही उसका श्वास उसका स्वास्थ कायम रहता है और जब इस में अंतर आता है, तो मनुष्य बीमार पड़ जाता है। इसी प्रकार प्रत्येक आदमी का खास मिजाज़ होता है। जब वह मिजाज किसी कारण से बदल जाता है, तो बीमारी उत्पन्न होती है। इस प्रकार जब आदमी के अंदर विकार आया अनुपात या मिजाज में बिगाड़ पैदा होता है, तो आदमी बीमार पड़ता है, तो आदमी ने जिस चीज की कमी या बढ़ोत्तरी देखी जाती है, तो उसी को चिकित्सा की बुनियाद बनाया जाता है। इसी प्रकार जड़ी बूटियों में भी मिजाज माना जाता है।

यानी कुछ औषधियां गर्म तासीर वाली होती है, तो कुछ ठंडी तासीर वाले ये दोनों ही या तो तर होती है या खुश्क अगर किसी आदमी में गर्मी बढ़ गई है, तो उसे ऐसी दवा देंगे जो गर्मी कम करने वाली होगी या किसी में अगर पित्त बढ़ गया है, तो उसे ऐसी दवा देंगे, जो उसे तत्काल कम करें। इन्हीं आधारों पर यूनानी पद्धति में उपचार किया जाता है। यूनानी पद्धति प्रारंभ से ही आम जनता में काफी लोकप्रिय रही है, लेकिन चूंकि यूनानी भाषा में से यह पद्धति अरबी और पश्तो में हस्तांतरित हुई, बल्कि यह कहा जाए कि इन भाषाओं में तो और भी वृद्धि हुई, लेकिन चूंकि उर्दू में इसका साहित्य उपलब्ध नहीं है और ना ही हिंदी में इसलिए इस पद्धति के विकास के लिए अरबी और पश्तो से इन भाषाओं के अनुवाद की निहायत आवश्यकता है। इसके साथ ही के तिबतिया कॉलेजों में भी प्राध्यापकों की काफी कमी है कुछ कॉलेजों में तो सिर्फ दो-तीन प्राध्यापक ही पूरा कॉलेज चलाते हैं। अतः इस दिशा में कार्य करने की आवश्यकता है।

## भ्रष्टाचार मुक्त हो भारत केंद्र की अच्छी पहल



लेखक
सुरेश हिन्दुस्थानी

देश को अच्छा वातावरण देने के लिए भ्रष्टाचार मुक्त शासन प्रणाली की चाह हर किसी की होती है। क्योंकि भारत में भ्रष्टाचार की जड़ें बहुत गहरे तक समाती चली जा रही है, लेकिन यह भी एक बड़ा सच है कि जो भ्रष्टाचार का शिकार होता है, वह अनीति के मार्ग पर कदम बढ़ाने का दुस्साहसिक कार्य ही करता है। सैद्धांतिक तथ्य यह है कि जितना भ्रष्टाचार करने वाला दोषी है, उतना ही भ्रष्टाचार का शिकार होने वाला भी दोषी है, इसलिए दोनों का ही जीवन कुसंस्कार की बलि चढ़ जाता है। कहा जाता है कि जो परिश्रम करके खाता है, उसके जीवन में संतोष होता है, लेकिन जो भ्रष्टाचार करके खाता है, उसको कई लोगों के हृदय से उफनती हुई गालियों को झेलना होता है, यानी उसको बद्दुआ ही मिलती है।

कांग्रेस के शासन काल के दौरान जिस प्रकार से भ्रष्टाचार के काले कारनामे उजागर होते जा रहे थे, उससे तो ऐसा ही लगता था कि अब देश से भ्रष्टाचार रूपी बुराई का अंत नहीं हो सकता, यह सामान्य अवधारणा के रूप में स्थापित हो चुका था कि यह देश का स्वभाव बन चुका है, लेकिन ध्यान देने वाली बात यह भी है कि जब से देश में नरेन्द्र मोदी की सरकार आई है, तब से केन्द्र सरकार पर किसी भी प्रकार के भ्रष्टाचार का आरोप नहीं लगा है। इसका कारण स्पष्ट है कि केन्द्र सरकार की इस मामले में स्पष्ट नीति है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने प्रथम कार्यकाल में ही यह कहकर भ्रष्टाचार मिटाने की संकल्प लिया था कि न खाऊंगा और न खाने दूंगा। कहा जाता है कि जब शासनकर्ताओं की नीयत साफ होती है, तो नीचे भी संदेश अच्छा ही जाता है। अभी हाल ही में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो के एक कार्यक्रम में एक बार फिर से इस आशय को स्पष्ट करते हुए कहा है कि देश में कोई भी भ्रष्टाचारी बचना नहीं चाहिए। यानी केन्द्र सरकार आज भी भ्रष्टाचार मिटाने के लिए संकल्पित है। वर्तमान में केन्द्र सरकार के स्तर से भ्रष्टाचार मिटाने की ठोस पहल की जा रही है। इतना ही नहीं आज केन्द्र सरकार ने देश में घर कर चुकी इस आम धारणा को बदला है कि भ्रष्टाचार पर रोक नहीं लगाई जा सकती। लेकिन क्या भ्रष्टाचार मुक्त भारत केवल केन्द्र सरकार द्वारा उठाए गए कदमों से ही संभव हो सकेगा। ऐसा नहीं हो सकता। इसके लिए देश की राज्य सरकारों को भी भ्रष्टाचार मुक्त भारत बनाने के लिए केन्द्र सरकार का भरपूर सहयोग करना चाहिए। इसके लिए सरकार को जांच एजेंसियों का सहयोग लेना चाहिए।

यह बात सही है कि देश में केन्द्रीय जांच ब्यूरो एक ऐसी संस्था है, जिस पर हर कोई विश्वास करता है। देश में किसी भी घटना में न्याय की उम्मीद नहीं दिखने पर लोग सीबीआई जांच की मांग भी इसलिए ही करते हैं, क्योंकि सीबीआई जांच के मामले में एक विश्वसनीय संस्था है। पिछले कुछ सालों में केन्द्रीय जांच ब्यूरो ने ऐसे लोगों पर हाथ डालने का साहस दिखाया है, जिस पर हाथ डालने की किसी ने हिम्मत नहीं की। ऐसे लोगों द्वारा देश के धन पर एक प्रकार से डाका ही डाला था। सरकारी खजाने की लूट करने वाले इन भ्रष्टाचारियों पर अगर सीबीआई ने कार्रवाई की है, तो इसे भ्रष्टाचार को समाप्त करने वाला ठोस कदम ही माना जाना चाहिए, लेकिन देश में विपक्षी दलों की ओर से जिस प्रकार से केन्द्रीय जांच ब्यूरो की जांच को आधार बनाकर केन्द्र सरकार पर निशाना साधा गया, वह उनकी मानसिकता को उजागर करने के लिए काफी है।

### शब्द पहेली - 7611

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | 3 | | ■ | 4 | 5 |
| | ■ | 6 | | | ■ | 7 | | |
| ■ | 8 | | | ■ | 9 | | | ■ |
| 10 | | | ■ | 11 | | | ■ | 12 |
| 13 | | ■ | 14 | | | ■ | 15 | |
| | ■ | 16 | | | ■ | 17 | | |
| ■ | 18 | | | ■ | 19 | | | ■ |
| 20 | | | ■ | 21 | | | ■ | 22 |
| 23 | | ■ | 24 | | | ■ | 25 | |

**बाएँ से दाएँ**

1. घ्राणेंद्रिय-2
2. लंबी गर्दन वाला पशु-3
4. आफत, मुसीबत-2
6. लाचार-3
7. आसरा, मदद-3
8. आश्रय, शरण-3
9. राज कपूर की पोती-3
10. कर्म, भाग्य-3
11. दासत्व, गुलामी-3
13. आर्टिकल-2
14. इच्छा, लालसा-3
15. दुगना, दोगुना-2
16. भार-3
17. टेसू के फूल-3
18. राजा का भवन-3
19. चौकसी-2
20. प्रेमी, साजन-3
21. कैनाल, उपनदी-3
23. जीवन सत्व, प्राण-2
24. प्रहार, आक्रमण-3
25. ठाठ-बाट-2

**ऊपर से नीचे**

1. अभिमान-2
2. मारना, वध करना-2
3. नृत्य, कृष्णलीला-2
4. अपव्यय करना-3
5. वेस्टइंडीज का कप्तान-2
6. अज्ञात, अनाम-3
7. नदी, दरिया-3
8. जांच, परीक्षण-3
9. परीक्षा करना-3
10. जिगर-3
11. आंचल-3
12. नाश, विध्वंस-3
14. अंजन, नेत्रांजन-3
15. लाडला-3
16. शक, संदेह-3
17. तीन घंटे का समय-3
18. चिंतन-3
19. प्रथम-3
20. दंड, शिक्षा-2
21. आंशिक भीगा हुआ-2
22. प्राण, जीवन तत्व-2

**शब्द पहेली - 7610 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ह | क | ■ | सा | ग | र | ■ | म | जा |
| द | म | न | ■ | म | वा | ली | ■ | म |
| ■ | र | म | ल | ■ | ना | प | ना | ■ |
| स | ■ | क | ह | र | ■ | ना | का | म |
| ली | न | ■ | जा | त | क | ■ | रा | जा |
| का | र | क | ■ | न | ह | र | ■ | क |
| ■ | म | म | ता | ■ | वा | च | न | ■ |
| ना | ■ | ल | क | वा | ■ | ना | य | क |
| व | र | ■ | त | र | फ | ■ | न | म |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## सार-संक्षिप्त

### बंदना मालवीय ब्लॉक अध्यक्ष और पूजा यादव जिला महिला कांग्रेस उपाध्यक्ष बनीं



**ओबैदुल्लागंज।** पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री सुरेश पचौरी व महिला जिला कांग्रेस रायसेन की अध्यक्ष श्रीमती पूनम जैन की अनुशंसा पर श्रीमती बंदना मालवीय को महिला ब्लॉक कांग्रेस की अध्यक्ष एवं श्रीमती पूजा यादव को जिला महिला कांग्रेस की उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है इनके चयन पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र सिंह राजू भैया पूर्व ब्लाक अध्यक्ष महेश जैन अनिल पटेल दुर्गेश यादव रमेश गौर जिला जनपद सदस्य श्रीमती चंदा चौहान विनोद इरपाचे तूफान सिंह राजपूत, सुरजीत सिंह बिल्ले, उमेश यादव आशीष गौर ,राजू मेहरा, हरपाल सिंह राजपूत ,अमर पेठारी ,कमलेश बाबा, हरजीत सिंह मंगू भैया इन सभी ने कांग्रेस नेता द्वारा इन महिलाओं नेत्री को ब्लॉक अध्यक्ष और जिला उपाध्यक्ष बनने पर बधाइयां दी वही वरिष्ठ कांग्रेस नेतृत्व का आभार व्यक्त किया।

### स्वास्थ्य मंत्री ने किया 7.55 लाख के सामुदायिक भवन का लोकार्पण



**गैरतगंज।** पूरे मध्यप्रदेश में विकास की लहर चल रही है। गांव और शहर सभी जगह मप्र सरकार द्वारा लोगों को विकास और हितग्राही मूलक योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। विकास के तहत बनाया गया नवीन सामुदायिक भवन स्थानीय आवश्यकताओं की पूर्ति करेगा। नगर के टेकापार कालोनी क्षेत्र में नवनिर्मित सामुदायिक भवन के लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए यह बात क्षेत्रीय विधायक एवं प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री डा. प्रभुराम चौधरी ने कही। इस मौके पर स्वास्थ्य मंत्री ने लघु वनोपज संघ द्वारा लोगों की सुविधा के लिए बनाए गए 7.55 लाख लागत के सामुदायिक भवन का विधिवत लोकार्पण किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री डॉ. चौधरी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विजन और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का मिशन है कि जन कल्याण हो। आज हमारे यहां डबल इंजिन की सरकार है और इसलिए विकास में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जा रही है। विशेष तौर पर लोगों की सुविधा के लिए भवन आदि बनवाए जा रहे हैं तथा अधोसंरचनात्मक विकास को तेजी से किया जा रहा है। मंत्री ने कहा कि गरीबों, किसानों, महिलाओं, युवाओं के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं। इन योजनाओं का लाभ जन–जन तक पहुंचाने के लिए प्रदेश सरकार लगातार काम कर रही है। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत मीणा, जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश शर्मा, नप अध्यक्ष जिनेश सिंघई, नप उपाध्यक्ष अशोकसिंह ठाकुर, मंडल अध्यक्ष संजय जैन, अमन सक्सेना सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

### 803 हितग्राहियों के खाते में नपा पहुंचाएगी पीएम आवास योजना की राशि



**गंज बासोदा।** नगर पालिका परिषद द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना की तीसरी किस्त सोमवार से हितग्राहियों के खातों में डालने का काम शुरू किया जाएगा। इस मौके पर नपा परिषद में दोपहर के समय हितग्राहियों के सामने और नपा अध्यक्ष श्रीमती शशि अनिल यादव, उपाध्यक्ष संदीप ठाकुर, नपा सीएमओ निशांत सिंह ठाकुर सहित समस्त पार्षदों की उपस्थिति में यह कार्य किया जाएगा। नगर पालिका में सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना की तीसरी किस्त का लगभग 802 हितग्राहियों को भुगतान किया जाना है। जिसके तहत लगभग 4 करोड की राशि हितग्राहियों के खाते में नपा द्वारा डलवाने का काम किया जाएगा। वार्ड क्रमांक 1 से 7 तक के 229 हितग्राहियों के खाते में तीसरी किस्त डलवाई जाएगी। इसी तरह मंगलवार को वार्ड क्रमांक 8 से 16 तक के 279 हितग्राहियों के खाते में यह राशि पहुंचाई जाएगी। बुधवार को वार्ड क्रमांक 17 से 24 तक के 295 हितग्राहियों के खाते में प्रधानमंत्री आवास योजना की तीसरी किस्त पहुंचाई जाएगी। साथ ही हितग्राहियों को प्रमाण पत्र भी दिए जाएंगे।

# पिछड़ा वर्ग मोर्चा चला रहा गांव-गांव चलो, घर घर चलो अभियान


## बीजेपी ने सभी मोर्चों को सौंपी जिम्मेदारी

■ **स्वतंत्र समय, बैरसिया**

भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा पूरे मध्यप्रदेश में 6 अप्रैल से 14 अप्रैल तक जिला मंडल और ग्राम स्तर तक गांव गांव चलों घर घर चलों अभियान चला रहा।

इसी क्रम में भोपाल जिला ग्रामीण के अध्यक्ष अमित चौहान के नेतृत्व में मोर्चा के पदाधिकारी, कार्यकर्त्ता शनिवार, रविवार को गांव-गांव चलो, घर-घर चलो अभियान के अन्तर्गत बैरसिया विधानसभा के ग्राम नीमखेडी, भुजपुरा, वेरावल, सुराना, कढ़ैया कला, सूरजपुरा, खेरखेडी आदी दर्जनों गांवों में घर घर एवं गांवों में चौपाल लगाकर केन्द्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दे रहे। और समाज के प्रमुखों का सम्मान भी किया जा रहा। पिछड़ा वर्ग मोर्चा के भोपाल जिला ग्रामीण अध्यक्ष अमित चौहान ने बताया कि पिछड़ा वर्ग मोर्चा द्वारा गांव गांव घर घर चलों अभियान में केन्द्र की मोदी सरकार एवं राज्य की शिवराज सरकार द्वारा जो जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही तथा ओबीसी वर्ग के लिए भाजपा सरकार ने जो कल्याणकारी कार्य किए जिससे ओबीसी वर्ग के हितों को लाभ हुआ।ऐसी सभी महत्वपूर्ण योजनाओं के वारे में लोगों को बताया जा रहा। तथा अभियान के अन्तर्गत 6 से 14 अप्रैल के बीच मंडल में मेघावी छात्र छात्राओं का सम्मान भी कर रहे।

प्रबुद्धजनों की संगोष्ठी एवं समाज के प्रमुखों का सम्मान भी किया जा रहा है। आज नीमखेडी गांव में कुर्मी गौर समाज के वरिष्ठ जनों का सम्मान किया गया। जिसमें पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश महामंत्री संजय राय सहित भाजपा पिछड़ा वर्ग के सभी पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# वार्डवासियों ने प्रदर्शन कर शराब दुकान का किया विरोध

## रहवासियों ने नारेबाजी करते हुए जताया विरोध

■ **स्वतंत्र समय, गंज बासोदा**

वार्ड नंबर 14 बेतोली फाटक के पास नई शराब दुकान खोलने को लेकर वार्डवासी सहित अन्य लोगों द्वारा शराब की दुकान खोलने को लेकर विरोध करते हुए धरना प्रदर्शन चक्का जाम सहित दुकान के अंदर सुंदरकांड तक करवा चुके हैं उसके बाद भी शराब की दुकान खोलने को लेकर ठेकेदार द्वारा हर प्रयास किया जा रहा है जिसका जीता जागता उदाहरण रात्रि के समय उक्त दुकान में शराब की पेटियां तक को रखवा दी गई है।

जिसकी जानकारी मिलने पर सुबह के समय वार्ड नं 14 के रहवासियों द्वारा जमकर विरोध करते हुए प्रदर्शन किया गया। शराब की दुकानों का विरोध नगर में थमने का नाम नहीं ले रहा है फिर भी शराब की दुकानों को खोलने से कोई नहीं रोक पाता जिसका जीता जागता उदाहरण पूर्व में जिन जिन जगहों पर शराब की दुकानों का विरोध हुआ है वह उन्हीं स्थानों पर दुकान संचालित की जा रही है जिसका विरोध आज भी नागरिक द्वारा किया जा रहा है उसके बाद भी शराब की दुकान ना तो नगर से बाहर खोली जा रही है और ना ही लोगों का विरोध का कोई असर दिखाई दे रहा है नगर में शराब की दुकान को दूसरी जगह स्थानांतरित करने और नई जगह न खोलने को लेकर लंबे समय से शहर में विरोध चला आ रहा है एक तरफ महाराणा प्रताप चौक पर स्थित वार्ड नं 8 की शराब की दुकान,रेलवे स्टेशन पर शराब की दुकान को अन्य जगह परिवर्तित करने को लेकर वार्डवासी अपनी परेशानी को देखते हुए बंद करने का विरोध कर रहे हैं वही वार्ड नंबर 14 में शराब की दुकान खोलने को लेकर भी वहां के वार्डवासी धरना प्रदर्शन करने पर आड़े हुए हैं रविवार को भी सुबह के समय शराब की दुकान खोलने की जानकारी मिलने पर वार्ड नंबर 14 के रहवासियों ने दुकान के सामने लकड़ी जरेठा बिछा कर दुकान का विरोध करते हुए प्रदर्शन किया जिसको देखते हुए लोगों की भीड़ जमा हो गई मौके पर सिटी थाना प्रभारी सहित पुलिस बल मौके मोजूद रहा।



### दुकान मालिक ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

रविवार को दुकान मालिक बलवीर सिंह रघुवंशी ने एसडीएम रोशन राय को एक आवेदन सौंपा जिसमें कहा गया है कि मेरी दुकान में अवैध रूप से शराब रखी गई है। वार्ड नं 14 में बेतोली फाटक के पास मेरा व मेरे सगे भाई देवेंद्र सिंह का मकान मेन रोड पर स्थित है। जिसमें मेरा परिवार बच्चो सहित निवास करता हैं मुझे खेती के लिए गांव बरोदिया जाना पड़ता है जो लगभग बासौदा से 50 किलोमीटर दूर है। देवेंद्र सिंह ने मेरी बिना सहमति से दुकान को शराब दुकान खोलने के लिए दे दी गई और रात्रि के समय दुकान में शटर खोलकर शराब को रखवा दिया गया है जिसे खाली कराकर शराब को जप्त किया जाए और संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की जाए।

# रेहटी में गौरव दिवस की तैयारियों के संबंध में बैठक आयोजित

## कलेक्टर सिंह ने कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण



■ **स्वतंत्र समय, रेहटी**

नगर का गौरव दिवस 10 अप्रैल को मनाया जाएगा। गौरव दिवस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान शामिल होंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री चौहान नगर के विकास और सौंदर्यीकरण के लिए 60 करोड़ 87 लाख रूपए के अनेक निर्माण एवं विकास कार्यों की रेहटी नगर को सौगात देंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान रोड-शो के साथ कार्यक्रम स्थल पर पहुंचेंगे। इस दौरान अनेक संघो द्वारा मुख्यमंत्री श्री चौहान का मंच से स्वागत किया जाएगा। गौरव दिवस कार्यक्रम को भव्य स्वरूप प्रदान करने तथा सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर श्री प्रवीण सिंह ने रेहटी में गौरव दिवस की तैयारियों के संबंध में बैठक आयोजित की। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने सभी अधिकारियों से उन्हें सौंपे गए दायित्वों का बेहतर ढंग से सम्पादन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम स्थल पर जिन अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है, वे वहां उपस्थित रहकर व्यवस्था बनाए रखे। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक नागरिक गौरव दिवस कार्यक्रम में शामिल हो सके, इसके लिए स्थानीय स्तर पर भी कार्यक्रम का पर्याप्त प्रचार-प्रसार किया जाए।

कलेक्टर श्री प्रवीण सिंह ने गौरव दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम के लिए कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर की जा तैयारियों को देखा और आवश्यक दिशा-निर्देश अधिकारियों को दिए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री आशीष तिवारी, डीएफओ श्री अनुपम सहाय, एसडीएम श्री राधेश्याम बघेल, तहसीलदार श्री कन्हैयालाल तिलवारी, नगर परिषद सीएमओ श्री वैभव देशमुख सहित सभी जिला अधिकारी उपस्थित थे।

# आग से खड़ी फसल जलकर हुई राख, लाखों का नुकसान

■ **स्वतंत्र समय, ओबैदुल्लागंज**

ब्लॉक समीपस्थ ग्राम गेहूं खेड़ा , पार खेड़ी क्षेत्र में गेहूं की खड़ी फसल में आग लगने से किसानों की फसलो का लाखों नुकसान हो गया है , सूचना मिलने पर मंडीदीप और ओबैदुल्लागंज से पहुंची फायर बिग्रेड ने बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया , बताया गया है शनिवार को खेतों में लगी आग से 150 एकड़ क्षेत्र की गेहूं की खड़ी फसल पूरी नष्ट हो गई , इसके पूर्व भी भीमबेटका और गोहरगंज अमोदा क्षेत्र के खेतों में खड़ी फसलों में भी आग लगने से लाखों का नुकसान हो गया , आग की घटना की सूचना पर एसडीएम महोदय प्रमोद गुर्जर , तहसीलदार रघुवीर सिंह मरावी गोहरगंज घटनास्थल राजस्व के साथ पहुंचे और मौके पर जानकारी प्राप्त की , ओबैदुल्लागंज कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष देवेंद्र सिंह राजू भैया ने शासन प्रशासन से मांग की है कि पीड़ित किसानों को शीघ्र और उचित मुआवजा दिया जाए । नगर परिषद औबेदुल्लागंज में भी नई फायर बिग्रेड की व्यवस्था होना चाहिए , जिससे लोगों को ऐसी घटनाओं में शीघ्र राहत मिल सके ।





# संतोष चौबे के नव प्रकाशित उपन्यास 'सपनों की दुनिया में ब्लैक होल' का लोकार्पण

■ **स्वतंत्र समय, भोपाल**

हिंदी कथा संसार के प्रतिष्ठित कथाकारङ्क उपन्यासकार संतोष चौबे के नव प्रकाशित उपन्यास सपनों की दुनिया में ब्लैक होल का लोकार्पण कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर (मिंटो हॉल), भोपाल में समारोह पूर्वक किया गया है। यह समारोह ×स39;विश्व रंग×स39; के अंतर्गत आईसेक्ट पब्लिकेशन एवं वनमाली सृजन पीठ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। वरिष्ठ कवि-कथाकार, उपन्यासकार, विश्व रंग के निदेशक, संतोष चौबे अपने नवीन उपन्यास सपनों की दुनिया में ब्लैक होल के अंश का पाठ करते हुए अपनी रचना प्रक्रिया पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि तमाम जटिलताओं के बावजूद कथा कहने की चीज हैं। मैं कथा लेखन में इतिहास को रेखांकित करते हुए लोकेल की स्थापना को विशेष महत्व देता हूँ। इस नवीन उपन्यास सपनों की दुनिया में ब्लैक होल में सपनें सूत्रधार की तरह आते हैं। उपन्यास लेखन एक उत्साह से भर देता हैं लेकिन वह आपको अवसाद और भीतर से उदासी से भर देते हैं। इस अवसर पर संतोष चौबे ने ×स39;सपनों की दुनिया में ब्लैक होल×स39; से कुछ महत्वपूर्ण अंशों का अविस्मरणीय पाठ किया। पंकज सुबीर (सीहोर) ने कहा यह जनता के सपनों के अपहरण की कथा है। यह उपन्यास हमें डराता है। यह डर बहुत जरूरी है। यह उपन्यास सत्ता और कॉरपोरेट के खेल को उजागर करता है। यह जनपक्षधरता का उपन्यास है। राकेश बिहारी ने अपने लिखित वक्तव्य में कहा कि कहन की सहज सरल विशेषता से यह उपन्यास पाठक को एक अलग दुनिया में ले जाता है। प्रज्ञा रोहिणी, (नईदिल्ली) ने कहा कि इनके उपन्यास में यथार्थ बहुत विस्तार और संशलेषित रूप में आता है। साथ ही सत्ताओं के भ्रमजाल, मायाजाल और सम्मोहन को सामने लाता है। उल्लेखनीय है कि उपन्यासों की श्रृंखला में संतोष चौबे की यह चौथी कृति है जो सपनें बुनने वालों और उन्हें अपने रचनात्मक और सृजनात्मक दृष्टिकोण के साथ एक अंजाम तक पहुँचाने वालों के जद्दोजहद पर केंद्रित है। कार्यक्रम का संचालन युवा आलोचक अरुणेश शुक्ल ने करते हुए कहा कि संतोष चौबे का यह नया उपन्यास हिंदी कथा परिसर में एक अलहदा रचनाकर्म को रेखांकित करता है। हिंदी कथा लेखन परंपरा में इस तरह के उपन्यासों की परपंरा नहीं है। पाठकीय बोध के स्तर पर भी नहीं हैं।




## 60 लाख की गुमटियां का रहीं जंग, जिम्मेदार बने लापरवाह...

# धन बर्बादी पर नगर पालिका नहीं लग पा रही अंकुश

■ **स्वतंत्र समय, मंडीदीप**

मध्यप्रदेश में धनी नगर पालिकाओं में से माने जाने वाली नगर पालिका इन दिनों बुरे हालातों से गुजर रही है इसके बावजूद भी जिम्मेदारों की अनदेखी फिजूलखर्ची पर रोक लगाने पर अंकुश नहीं लगा पा रही है और धन बर्बादी पर अंकुश लगाना नाकामयाब साबित हो रहा है दरअसल 9 वर्ष पूर्व पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष पूर्णिमा जैन के कार्यकाल में बनाई गई।

70 गुम टिया बनाकर सड़कों पर दुकान लगाने वाले फुटकर व्यापारियों के लिए 5 वाई 8 की 7 फिट ऊंची गुमठियां 2013-14 में निर्माण कराया था जबकि पहले चरण में 50 बनाई थी और 100 तैयार करने का लक्ष्य रखा था इसके बावजूद और तैयार कराई थी परंतु राजनीति संरक्षण के चलते योजना बीच में ही छोड़ दी थी परंतु आज तक जंग खाने को मजबूर है जिसका समाधान नहीं हो सका रह वासियों को नई परिषद से काफी उम्मीद थी परंतु अभी तक खरी नहीं उतरी है देखना यह होगा की मसीहा बनकर कौन इन गुमटीओ को जरूरतमंदों तक पहुंचाता है ...राजनीति की भेंट चढ़ी गुमटीओ... सूत्रों की माने तो जब नगर पालिका इस योजना को मूल रूप दे रही थी तब यदि राजनीति संरक्षण के चलते भेंट नहीं चढ़ती और राजनेताओं के समर्थकों बीच में अड़ंगा नहीं लगाते तो आज यह सड़क पर व्यापार करने वाले दुकानदारों के पास होती और जंग लगने से बच जाती ......अवैध कब्जा कर चल रही किराए पर...... नगर पालिका ने बनाई हुई गुमटीओ पर अवैध कब्जा धारियों का कब्जा बरकरार है और तो और किराए पर तक चल रही है जिन पर अंकुश लगाना नाकामयाब साबित हो रहा है ।



### इनका कहना है

*मेरे कार्यकाल में नगर पालिका द्वारा बनाई गई गुमटीओ राजनीति भेंट नहीं चढ़ती तो आज वह सही स्थानों पर होती*

***श्रीमती पूर्णिमा जैन पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष मंडीदीप***

*मुझे कार्यकाल संभाले अभी ज्यादा समय नहीं हुआ परंतु शीघ्र ही गुमटीओ को आवंटित की जाएगी* ***श्रीमती प्रियंका अग्रवाल नगर पालिका अध्यक्ष मंडीदीप***

## सार-संक्षिप्त

### सर्व ब्राह्मण समाज की बैठक का आयोजन



**सीहोर।** हर साल की तरह इस साल भी सर्व ब्राह्मण समाज के तत्वाधान में समाज के आराध्य भगवान परशुराम के जन्मोत्सव को आस्था और उत्साह के साथ मनाए जाने के लिए ब्राह्मण समाज के द्वारा घर-घर जाकर ब्राह्मण परिवारों को आमंत्रण पत्र का वितरण किया जा रहा है। इसके अलावा रविवार को शहर के खजांची लाइन स्थित ब्राह्मण धर्मशाला में युवाओं की एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें आगामी 22 अप्रैल से होने वाले दो दिवसीय परशुराम जन्मोत्सव को लेकर चर्चा की गई। इस मौके पर समाज के अध्यक्ष दीपक शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष सुदीप व्यास, चल समारोह अध्यक्ष प्रवीण तिवारी, युवा अध्यक्ष रुपेश तिवारी आदि बड़ी संख्या में समाज के पदाधिकारी मौजूद थे। इस संबंध में जानकारी देते हुए समाज के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि भगवान परशुराम के जन्मोत्सव को लेकर आगामी 22 अप्रैल को सुबह दस बजे शहर के खजांची लाइन स्थित धर्मशाला में पूजन अर्चना की जाएगी और उसके पश्चात शाम पांच बजे महिला मंडल के द्वारा अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। वहीं 23 अप्रैल को भगवान परशुराम की भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी। आयोजन को लेकर भव्य तैयारियां की जा रही है। बड़ी संख्या में विप्रजनों के घर-घर जाकर आमंत्रण पत्रों का वितरण किया जा रहा है।

### पीएम आवास मेले में एलआईजी व एमआईजी के 11 आवासों की बुकिंग




**गुना।** नगर पालिका परिषद गुना द्वारा प्रधानमंत्री आवास निर्माण स्थल जगनपुर पर आवास मेले का आयोजन किया गया,जिसमें मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्री विनोद कुमार शुक्ल, पूर्व पार्षद श्री अरविंद गुप्ता,पार्षद श्री दिनेश शर्मा,श्री बृजेश राठौर,श्री सचिन धूरिया , प्रोजेक्ट प्रभारी श्री एस के जैन, उपयंत्री श्री बी बी गुप्ता,एजिस इण्डिया लि. से श्री अतुल सिंह जादौन,लिसा इंजीनियरिंग प्रा लि से कॉन्टैक्टर श्री सोमकार सिंह ,श्री आलोक दीक्षित,आदि उपस्थित हुए। आज के शिविर में नागरिकों द्वारा विशेष उत्साह दिखाया गया जिसके तहत 11 लोगों ने एमआइजी एवं एलआईजी के आवास बुक किए तथा लगभग 12 नागरिकों द्वारा आवेदन क्रय किए गए जो कल बुकिंग अमाउंट जमा कराएंगे।

### सांसद केपी यादव गुना के दौरे पर अमित सोगानी निवास पहुंचे



**गुना।** क्षेत्रीय सांसद कृष्णपाल सिंह यादव का विगत रविवार को गुना आगमन हुआ, इस मौके पर वह एडवोकेट अमित सोगानी के निवास पर पहुंचे, और साधारण मुलाकात की जरिए हालचाल जाने। जहां पुष्पगुच्छ के साथ अमित सोगानी द्वारा उनका स्वागत किया गया। इसके बाद विशेष अनुरोध पर राजेश यादव जी के यहां पहुंचे, जहां श्री द्वारा सांसद यादव का साल श्रीफल के साथ अभिवादन किया गया। इस सम्मान के लिए सांसद यादव द्वारा हृदय से आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष राजू यादव, सांसद प्रतिनिधि सचिन शर्मा, रविंद्र भट्ट, सहित कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### नपा उपाध्यक्ष प्रतिनिधि ने मंदिर निर्माण कार्य का किया भूमि पूजन

**खिलचीपुर।** नगर की गोविंद धाम कॉलोनी में श्री पशुपति नाथ महादेव सेवा समिति के ततवाधनमें बाबा श्री खाटू श्याम एवम श्रीपशुपति नाथ महादेव और सालासर बालाजी के मंदिर निर्माण का भूमि पूजन कार्यक्रम शुक्रवार को शुभारंभ किया गया। जिसमें बलवंत सिंह जी सरपंच साहब सरपंच संघ अध्यक्ष जनपद खिलचीपुर श्रीबजरंग शर्मा पंचायत सचिव संघ अध्यक्ष जनपद खिलचीपुर राजेश जी शर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष मध्यप्रदेश शिक्षक संघ, विजय शर्मा बंटी नपा उपाध्यक्ष प्रतिनिधि खिलचीपुर दिनेशचंद्र शर्मा काकाजी, रामचंद्र शर्मा भानेज एवं गोविंदधाम कॉलोनी के समस्त गणमान्य नागरिक एवं बाहर से पधारे समस्त अथितिगण समिति के अध्यक्ष अविनाश जी शर्मा, सचिव आदित्य सिंह, उपाध्यक्ष राहुल जी मेवाड़े, संयुक्त सचिव, राहुल विश्वकर्मा, कोषा अध्यक्ष मनीष मेवाडे , विनोद जोगी आदि ।

# कब होगी बिना नंबर के ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर कार्रवाई





**स्वतंत्र समय, तलेन।**

नगर में बेखौफ घूम रहे हैं बिना नंबर के ट्रैक्टर ट्राली।बिना नंबर के ट्रैक्टर ट्राली नगर में सुबह और शाम को काफी संख्या में घूमते देखे जा सकते हैं तथा नगर के मुख्य मार्गो पर इनको प्रतिदिन तेज गति सड़क गति नियम का उल्लंघन करते हुए मार्ग पर चलता देखा जा सकता है।

इन बिना नंबर के ट्रैक्टर ट्राली का उपयोग नगर में अधिकतर अवैध कार्यों के लिए किया जाता है जैसे अवैध रेत उत्खनन,अवैध लकड़ी कार्य आदि में। इस प्रकार बिना नंबर के ट्रैक्टर ट्राली नगर में प्रतिदिन शाम को पचोर रोड नदी पुल के पास,सारंगपुर नाका और नगर के बस स्टैंड, बस स्टैंड से गांधी चौक मार्ग,सब्जी बाजार,मेला ग्राउंड के आसपास, बड़ा मंदिर मार्ग,गांधी चौक बाजार के पास देखे जा सकते हैं। प्रशासन के डर दबाव के बिना यह ट्रैक्टर ट्राली नगर में सरेआम घूम रहे हैं। ऐसे ही कुछ ट्रैक्टरों की स्थिति तो अजीब है ट्रैक्टर को बकायदा फूलों और मालाओं से सजाकर स्पीकर भी लगे रहते हैं तथा शायरी शब्द तू चल मैं आई जैसे अनेक प्रकार के शब्द लिख भी रहे थे परंतु नंबर नहीं लिखे होते है।

कई बार ऐसे ट्रैक्टरों पर एक्सीडेंट और अवैध कार्यों में उपयोग में लाने संबंधी कार्रवाई भी हो चुकी हैं। सोचनीय विषय है कि ट्रेक्टर ट्राली नये होने के बावजूद इन पर नंबर प्लेट क्यों नहीं लगाई जाती है। एक और सरकार राहगीरों और वाहन चालकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए नित नए नियम लागू कर रही है वहीं दूसरी और तलेन में सरेआम इन ट्रैक्टर ट्रालियों के मालिकों द्वारा नियमों का सरेआम उल्लंघन किया जा रहा है। आखिर कब लगेगी ऐसे बिना नंबर के ट्रैक्टर-ट्रालियों पर लगाम।

### सात दिवसीय भागवत के अंतिम दिन निकाली शोभायात्रा

# अंतरात्मा से पुकारने पर भक्त की सदा रक्षा करता है भगवान : पं. अरविन्द व्यास

**स्वतंत्र समय, सीहोर ।**

भगवान भाव के भूखे होते हैं जो प्राणी अपनी अंतरात्मा से भगवान को पुकारता है भगवान सदा उसकी रक्षा करता है। संसार परमात्मा की ही सत्ता है। इसके बाद भी जीव मूर्खतावश संसार की वस्तुओं को अपना समझ बैठता यह जीव की सबसे बड़ी भूल है। जीव को चाहिए कि वह परमात्मा की सबसे बड़ी सत्ता का अनुभव और चिंतन करते हुए जीवन निर्वाहन करें। ताकि इस माया रूपी संसार में रहते हुए जीव मोक्ष को प्राप्त करें। उक्त विचार शहर के कस्बा स्थित प्राचीन श्री राम मंदिर में श्री राधा परम पुनिता सेवा समिति सिद्धपुर के तत्वाधान जारी सात दिवसीय संगीतमय भागवत कथा के अंतिम



दिन कथा वाचक पंडित अरविन्द व्यास ने कहे। रविवार को भागवत कथा के समापन अवसर पर समिति के द्वारा शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल थे।

पंडित श्री व्यास ने रविवार को सुदामा चरित की कथा में कहा कि मित्रता में गरीबी और अमीरी नहीं देखनी चाहिए। मित्र एक दूसरे का पूरक होता है। भगवान कृष्ण ने अपने बचपन के मित्र सुदामा की गरीबी को देखकर रोते हुए अपने राज सिंहासन पर बैठाया और उन्हें उलाहना दिया कि जब गरीबी में रह रहे थे तो अपने मित्र के पास तो आ सकते थे। लेकिन सुदामा ने मित्रता को सर्वोपरि मानते हुए श्रीकृष्ण से कुछ नहीं मांगा। उन्होंने बताया कि सुदामा चरित्र हमें जीवन में आई कठिनाइयों का सामना करने की सीख देता है। सुदामा ने भगवान के पास होते हुए अपने लिए कुछ नहीं मांगा। अर्थात निस्वार्थ समर्पण ही असली मित्रता है। कथा के दौरान परीक्षित मोक्ष व भगवान सुखदेव की विदाई का वर्णन किया गया। कथा के बीच-बीच में भजनों पर श्रद्धालुओं ने नृत्य भी किया। इस दौरान कृष्ण-सुदामा की सजीव झांकी सजाई गई। जिसे देखकर श्रोता भावविभोर हो गए।

# नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने वार्ड क्रमांक सात में साढ़े चार लाख रुपए की दी सौगात

### अंबेडकर धर्मशाला में पेवर ब्लाक के कार्य का नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने किया भूमि पूजन

**स्वतंत्र समय, सीहोर ।**

नगर पालिका परिषद के द्वारा शहर के सभी वार्डो में बारिश से पहले सड़कों के निर्माण के साथ ही शहर को सुंदर और विकसित करने का नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर के नेतृत्व में प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के आशीर्वाद से चल रहा है।

इस क्रम को आगे बढ़ते हुए नगर पालिका अध्यक्ष श्री राठौर ने विधायक सुदेश राय, स्थानीय पार्षद प्रतिनिधिन विजेन्द्र परमार, पार्षद कमलेश राठौर, अजय पाल राजपूत सहित अन्य क्षेत्रवासियों की उपस्थित में वार्ड क्रमांक सात अंतर्गत अंबेडकर धर्मशाला में पेवर




ब्लाक के निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया। इस मौके पर कहा कि शहर में बारिश से पहले सभी वार्डो की जर्जर सड़कों के निर्माण कार्य को पूर्ण कराने के अलावा नाली निकासी आदि के कार्य किए जा रहे है। जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक सात में करीब साढ़े चार लाख की लागत से पेवर ब्लाक लगाए जा रहे है। भूमि पूजन के दौरान उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के मार्गदर्शन में हम सभी को मिलकर शहर को महानगर की तर्ज पर विकसित करना है। भूमि पूजन कार्यक्रम में क्षेत्रवासियों ने नगर पालिका अध्यक्ष श्री राठौर सहित अन्य का भव्य स्वागत किया।

### नपा व यातायात पुलिस ने की संयुक्त कार्रवाई

# अनदेखी के चलते हालात हुए खराब


गुना की यातायात व्यवस्था राम भरोसे

व्यवस्था सुधारने की ओर विभाग के मुखिया का नहीं है कोई ध्यान

स्वतंत्र समय, गुना।

शहर की बिगड़ती यातायात व्यवस्था के सुधार को लेकर विभाग के मुखिया बड़े बेपरवाह नजर आते हैं। जिनकी अनदेखी के चलते शहर के मुख्य चौराहों सहित अति व्यस्ततम क्षेत्रों में बेतरतीब वाहन चालकों ने कब्जा जमा रखा है।

जिसके चलते यातायात अवरुद्ध होता है, और आम लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ता है। जय स्तंभ चौराहा, हनुमान चौराहा, सुगन चौराहा सहित शहर के भीड़भाड़ वाले अति व्यस्ततम क्षेत्रों को वाहन चालकों ने पार्किंग बना रखा है। यदि जय स्तंभ चौराहे की बात करें तो यहां पुरानी यातायात चौकी है, जहाँ ट्रैफिक पुलिस के जवान भी ड्यूटी पर देखे जाते हैं मगर आश्चर्य की बात तो यह है कि चौकी के समीप ही ऑटो स्टैंड संचालित है, जहाँ मुख्य मार्ग पर सुबह से लेकर शाम तक ऑटो वालों का जमावड़ा लगा ... और बीच सड़क पर वाह... सवारियों का इंतजार करते... हैं। इसके अलावा ओव... नानाखेड़ी मंडी तक मा... किया गया है, जहां प्रशासन की अनदेखी के चलते चौड़ीकृत मार्ग को ...मणकारीयों व वाहन पार्किंग वालों ...थाई अड्डा बना लिया है, जिनको ... कोई नहीं है। ऐसे में विभाग ...वाली चलानी कार्रवाई महज ...रता नजर आती है। इस संबंध में यातायात टीआई उमेश मिश्रा से बात की गई तो उन्होंने बताया कि पूर्व नपा सीएमओ से ऑटो चालकों को व्यवस्थित करने के संबंध में कई बार चर्चा हुई है। मगर वर्तमान सीएमओ से इस संबंध में कोई चर्चा नहीं की गई। ऐसे में अब यहदेखना होगा कि शहर की यातायात व्यवस्था दुरुस्त कैसी होगी।

इनका कहना है

इनकी व्यवस्था हम क्या करें हम तो इनके खिलाफ चालानी कार्यवाही करते रहते है। नगर पालिका को इन्हें व्यवस्थित करने के लिए ऑटो स्टैंड की व्यवस्था करनी चाहिए। इन को व्यवस्थित करने के संबंध में वर्तमान सीएम उसे अभी मैं बात नहीं कर पाया हूं।

उमेश मिश्रा
टीआई यातायात, गुना

खबर का असर स्वतंत्र समय

**स्वतंत्र समय, गुना।**

शहर में नगर पालिका व यातायात विभाग की लचर कार्यप्रणाली कि बजह से शहर का हाल बेहाल है। जहां अतिक्रमणकारीयों के हौसले बुलंद हैं, जिन्होंने मुख्य मार्गो पर अपने पांव पसार रखे हैं जिसकी वजह से आवागमन अवरुद्ध होता है। वहीं यातायात विभाग की उदासीनता के चलते शहर के मुख्य मर्गो व चौराहे ऑटो स्टैंड का रूप ले चुके हैं। इन्हें कोई देखने वाला नहीं है। यातायात विभाग द्वारा महज औपचारिक चालानी कार्यवाही कर मुख्य बिंदुओं से पल्ला झाड़ दिया जाता है। इसको लेकर दैनिक स्वतंत्र समय भोपाल अख़बार में लगातार खबरें भी प्रकाशित की जा रही हैं। जिसके चलते रविवार को नगर पालिका, यातायात व पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा अतिक्रमण के




खिलाफ कार्यवाही की गई। प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा शहर के मुख्य मार्गो पर पांव पसार रहे अतिक्रमणकारियों पर कार्यवाही की गई। जिसके चलते अतिक्रमणकारियों द्वारा विरोध किया गया।

नगर पालिका सीएमओ विनोद कुमार शुक्ला ने बताया कि न्यायालय के आदेश अनुसार कार्रवाई की जा रही है, और संबंधित लोगों को नगर प्रशासन द्वारा नोटिस भी जारी किए गए हैं। जब भी अतिक्रमण की कार्यवाही की जाती है तो लोगों द्वारा विरोध करना स्वाभाविक है।

श्री शुक्ला ने बताया कि इस संबंध में व्यापार महासंघ के अध्यक्ष से भी बात हुई है, उन्होंने सभी दुकानदारों से बात कर अतिक्रमण को स्वयं हटाने के लिए 1 दिन का समय मांगा है, इसके लिए प्रशासन द्वारा उन्हें 1 दिन का समय दिया गया। अगर बावजूद इसके उनके द्वारा अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो प्रशासन द्वारा कार्यवाही की जावेगी। यदि पूर्व से इन अव्यवस्थाओं पर ध्यान दिया गया होता तो आज शहर के हालात इतने खराब नहीं होते। वहीं यातायात प्रभारी उमेश मिश्रा द्वारा बताया गया कि अतिक्रमण को हटाने के यातायात नगर पालिका व पुलिस की संयुक्त टीम पहुंची थी जहां कार्यवाही के दौरान अतिक्रमणकारियों द्वारा विरोध किया गया तो हमें कार्यवाही को रोकना पड़ा।

#### इनका कहना है

न्यायालय के निर्देशानुसार अतिक्रमणकारियों पर कार्यवाही की जा रही है, नगरपालिका यातायात व पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा यह कार्यवाही की गई है, कार्यवाही के दौरान अतिक्रमणकारियों द्वारा विरोध भी किया गया है। मगर सोता अतिक्रमण हटाने के लिए हम से 1 दिन का समय मांगा गया तो इस पर हम ने सहमति जताई है। अगर इसके बाद भी अतिक्रमण नहीं हटाते हैं तो आने की कार्यवाही की जावेगी।

**विनोद कुमार शुक्ला**
**सीएमओ नगरपालिका परिषद गुना**

# गुर्जर समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन माचलपुर में 1 मई होगा संपन्न




**स्वतंत्र समय, माचलपुर।**

नगर माचलपुर में आगामी 1 मई को गुर्जर समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है जिसकी तैयारियां जोरों से चल रही है वही समाज के वरिष्ठ जनों द्वारा सामूहिक विवाह सम्मेलन की जवाबदारी युवाओं को सौंपी गई है।

वही सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति अध्यक्ष फूल सिंह गुर्जर पटेल मोहली ने बताया कि सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति में पूरा गुर्जर समाज सहयोग कर रहा है और सम्मेलन की पूरी तैयारियां कर ली गई है अभी तक हमारे पास 38 जोड़े का पंजीयन हो चुका है और प्रतिदिन जोड़े का पंजीयन किया जा रहा है हम 20 अप्रैल तक जोड़े का पंजीयन किया जाएगा वही सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारी हेतु प्रत्येक रविवार को देवनारायण मंदिर माचलपुर में समाज की बैठक का आयोजन किया जा रहा है जिसमें यशवंत गुर्जर जिला पंचायत सदस्य द्वारा और समाज के वरिष्ठ जनों द्वारा समाज में फैली विभिन्न कुर्तियों पर भी जोर दिया गया जैसे खर्चीली शादियां बाल विवाह डीजे ध्वनि विस्तार यंत्र डांसर इन सभी पर प्रतिबंध लगाया जाए इस अवसर पर गुर्जर समाज बंधु श्री देवनारायण नवयुवक समिति क्षेत्र माचलपुर के सभी सदस्य गण उपस्थित रहे।

### 14 अप्रैल को आष्टा में होगी संविधान बचाओ सभा, कमल नाथ करेंगे संबोधित

# पूर्व मंत्री सज्जन वर्मा ने लिया तैयारियों का जायजा

**स्वतंत्र समय, आष्टा ।**

14 अप्रैल को आष्टा में पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ की सभा होगी उसी की तैयारियों का जायजा लेने रविवार को पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा आष्टा आए और पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष कैलाश परमार, वरिष्ठ कांग्रेस नेता हरपाल ठाकुर सहित कई कांग्रेसियों के साथ के सभा स्थल कन्नौद रोड स्थित दशहरा मैदान का जायजा लिया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने शिवराज सरकार को आड़े हाथ लेते हुए कहां की देश में संविधान की धज्जियां उड़ रही है , बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के संविधान को प्रदेश सरकार तार-तार करने का काम भाजपा कर रही है, श्री वर्मा ने कहा कि जिनके मन में संविधान बचाओ ओर बाबा साहब के विचारों को और फैलाव वह सब यहां इस कार्यक्रम में एक साथ दिखेंगे पूरी कांग्रेश एकजुट है। जब उनसे कहा कि आष्टा में कांग्रेस में कमलनाथ जी के आगमन की तैयारियों के संबंध में दो अलग-अलग बैठक कि इस पर कहा कि कांग्रेश एकजुट है। कांग्रेस में कोई फुट नहीं है सब एक साथ है। कोई गांव से आया है कोई यहां से यह सब एकजुटता का ही तो प्रमाण है। कमलनाथ जी 14 अप्रैल को महू में बाबा भीमराव अंबेडकर जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सीधे आष्टा आएंगे।

**कमलनाथ की सभा के लिए आष्टा ही क्यों चुना :** श्री वर्मा से जब पूछा कि पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ की सभा के लिए आष्टा ही क्यों चुना वर्मा ने कहा कि कमलनाथ जी हारी हुई सीटों पर नजर रख रहे हैं बाबा साहब भीमराव अंबेडकर संविधान के निर्माता है इसलिए कमलनाथ जी



सांवेर जाएं या आष्टा इसलिए आष्टा चुना इस अवसर पर श्री वर्मा ने कहा कि 18 साल से एक व्यक्ति मुख्यमंत्री है और चुनाव आए तो बहनों की याद आ गई ,इस देश में 50त्न आबादी महिलाओं की ?1000 महिलाओं को देंगे। जबकि प्रदेश में महंगाई से जनता जूझ रही है गैस की टंकी 12 सो की हो गई है मतलब ?2000 बहनों से ले रहे हो और 1000 वापस कर रहे हो। जबकि हमारी कांग्रेस की सरकार में कमलनाथ जी ने किसानों का कर्जा माफ किया। श्री वर्मा ने कहा कि इस बार हमारी प्रदेश में करीब डेढ़ सौ सीटें आएंगे

**कांग्रेस का एक खेमा नहीं आया नजर :** निरीक्षण के दौरान चिन्हित सभा स्थल पर अनेकों कार्यकर्ता ,और ब्लाक संगठन के सभी मनोनित पदाधिकारी भी मौजूद रहे ।

आज भी स्थानीय कांग्रेस का दूसरा धड़ा जो की पूरी तरह से संगठन के मनोनयन से नाराज चल रहा है, वह गायब रहा । इस में कमल नाथ की सभा का आलम केसा रहेगा। अभी कहना मुश्किल है, क्योंकि सविधान बचाओ सभा के लिए स्थानीय कांग्रेस एकजुट दिखाई नहीं दे रही ।पर सभा स्थल का निरीक्षण करने आए प्रदेश के वरिष्ठ कांग्रेस नेता सज्जन वर्मा पूरी तरह से निश्चिंत नजर आए।

**पूर्व नपा अध्यक्ष के निवास पर पहुंचे सज्जन वर्मा:** दशहरा मैदान का जायजा लेने के बाद पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा पूर्व नपा अध्यक्ष कैलाश परमार के कन्नौद रोड स्थित कार्यालय पर पहुंचे जहां पर बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। कार्यक्रम मे प्रदेश कांग्रेस महामंत्री कैलाश परमार ,अखिल भारतीय कांग्रेस सदस्य हरपाल ठाकुर, जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष गुलाब ठाकुर, आष्टा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र सभा खेड़ी, जावर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अरविंद सिंह सेमली बारी, मेहरबान सिंह मुंदीखेड़ी ,कमल सिंह पहलवान प्रदीप प्रगति, जाहिद गुड्डू , राधेश्याम सोनी, घनश्याम जगड़ा ,खालिद पठान, एच आर परमाल, बाबूलाल मालवीय,सुनील कटारा, आदि बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सार-संक्षिप्त

### अपराधियों की धरपकड़ के लिए जिले में चलाया जा रहा 'ऑपरेशन आई' अभियान

**नरसिंहपुर।** जिले में ऑपरेशन आई इस अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक अमित कुमार द्वारा आज दिनांक 08.04.2023 को पुलिस कंट्रोल, नरसिंहपुर में पेट्रोल पंप संचालकों के साथ बैठक आयेजित की गयी। जिले में लूट, डकैती, चोरी व अन्य अपराधिक घटनाओं की रोकथाम एवं अपराधियों की धरपकड में पुलिस का सहयोग करने हेतु जागरूक किया जाकर पेट्रोल पंप पर सीसीटीवी कैमरें लगाए जाने हेतु अपील की गयी ताकि होने वाले लूट, डकैती, चोरी व अन्य घटनाओं पर पुलिस की नजर बनी रहे। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार द्वारा बैठक के दौरान पेट्रोल पंप संचालकों को सुरक्षा की दृष्टि से दिए आवश्यक सुझाब, पुलिस अधीक्षक अमित कुमार द्वारा बैठक के दौरान पेट्रोल पंप संचालकों को मुख्य रूप से सुझाब दिए गए कि बिना पुलिस सत्यापन के कोई भी कर्मचारी को काम पर न रखा जावे, पेट्रोल के संधारण को सावधानी पूर्वक किया जावे, सुरक्षा संसाधनों, उपकरणों को पर्याप्त एवं चालू हाल में रखा जावे, पेट्रोल पंप पर निजी सुरक्षा गार्ड को रखा जावे, ट्राफिक एवं पार्किंग की सुचारू व्यवस्था की जबावदारी सुरक्षा गार्ड की होगी, पंप पर सजिस्टर संधारण करें जिसमें संदिग्ध वाहनों का ब्योरा दर्ज किया जावे, पेट्रोल पंप के आस–पास पर्याप्त लाईटिंग की व्यवस्था होनी चाहिए। पेट्रोल पंप के खुलने एवं बंद होने का समय निर्धारित किया जावे, पेट्रोल, डीजल एवं गैस का निर्धारित मूल्य स्पष्ट अक्षरों में डिस्प्ले किया जावे एवं प्रत्येक पेट्रोल पंप में निर्धारित मानकदंडों के अनुरूप सुरक्षा के उपकरण चालू हालत में रखे जावे। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक अमित कुमार, अनु. अधिकारी पुलिस, नरसिंहपुर, श्रीमति राजेश्वरी कौरव,, थाना प्रभारी कोतवाली, थाना प्रभारी, स्टेशनगंज एवं अन्य अधिकारी कर्मचारियों के साथ–साथ सभी क्षेत्रीय पेट्रोल पंप संचालक उपस्थित रहे।

### जिले में जन अभियान परिषद द्वारा लाड़ली बहना योजना की दी जा रही जानकारी



**शहडोल।** प्रभारी कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देशन एवं जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री विवेक पांडेय के नेतृत्व में जिले में जन–कल्याण में जन अभियान परिषद अहम भूमिका निभा रही हैं। जन अभियान परिषद से जुड़े सभी लोग बहनों के सशक्तिकरण के लिए प्रारंभ हुई लाड़ली बहना योजना और नए मध्यप्रदेश के निर्माण के संकल्प में संकल्पबद्ध होकर कार्य कर रहे हैं। जन अभियान परिषद के नवांकुर संस्था के सदस्य, प्रस्फुटन समिति, सीएमसीएलडीपी, मेंटर, छात्र सहित अन्य संस्था से जुड़े लोगों द्वारा लाडली बहना योजना के अंतर्गत जिले के विभिन्न ग्रामों का जाकर दीवार लेखन, चौपाल, जागरूकता रैली तथा घर घर जाकर लाडली बहनों को मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना तथा पेशा एक्ट की जानकारी सतत दी जा रही है। इसके अलावा जन अभियान परिषद द्वारा जल–संरक्षण, नशा–मुक्ति और ऊर्जा की बचत जैसे क्षेत्रों में लोगों को जागरूक करने का बेहतर कार्य किया जा रहा है। जन अभियान परिषद द्वारा लाडली बहनों को मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना का ईकेवाईसी तथा योजना का फार्म भरवाने हेतु लोगों की सहायता भी कर रही है। जन अभियान की नवांकुर एवं प्रस्फुटन समितियों के द्वारा गांवों में शिविर लगाकर लोगों को शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जा रही है तथा लोगों को योजनाओं का लाभ भी दिलाया जा रहा है।

### कांग्रेस ने नियुक्त किए ब्लॉक अध्यक्ष, जारी हुए पत्र

**छतरपुर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कमलनाथ, प्रदेश संगठन प्रभारी जेपी अग्रवाल एवं सह प्रभारी संजय कपूर के निर्देशानुसार, संगठन महासचिव राजीव सिंह ने छतरपुर जिले के ब्लॉक अध्यक्षों के नियुक्ति पत्र जारी किए हैं। जिला कांग्रेस के प्रवक्ता संतोष तिवारी ने बताया कि जिले में 23 ब्लॉक अध्यक्ष और 1 कार्यवाहक अध्यक्ष की नियुक्ति की गई है। सभी नवनियुक्त अध्यक्षों को जिला संगठन प्रभारी नारायण प्रजापति, जिलाध्यक्ष लखन लाल पटेल, संगठन मंत्री सूर्यप्रताप सिंह बुन्देला सहित अन्य कांग्रेसी नेताओं ने शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

**इन्हें मिली जिम्मेदारी:** उन्होंने बताया कि कांग्रेस ने बड़ामलहरा ब्लॉक का अध्यक्ष राजकुमार सिंह चौहान को बनाया है जबकि बक्स्वाहा ब्लॉक की जिम्मेदारी संजय दुबे को दी गई है। इसी तरह घुवारा में शैलेश जैन, बिजावर में वरूण पटना, किशनगढ़ महेंद्र राय, सटई दशरथ कुशवाहा, मातगुवां अरविन्द सिंह बुन्देला, मातगुवां के कार्यवाहक अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह चौका, ईशानगर धनीराम अहिरवार, छतरपुर पूर्व हरनारायण यादव, छतरपुर पश्चिम विशाल शर्मा, छतरपुर मध्य विनोद सोनी, परिणाम शिवप्रताप सिंह, निवारी रामचरण यादव, महेबा विजय रावत, बारीगढ़ आकाश चौरसिया, गौरिहार धीरेन्द्र कुमार अवस्थी, चंदला राकेश कुमार शुक्ला, सरवई मुकेश पटेल, बछौन जयेन्द्र श्रीवास्तव, लवकुशनगर सूर्यप्रकाश पाठक, राजनगर महेंद्र सोनी, विक्रमपुर बृजकिशोर पांडे और चन्द्रनगर ब्लॉक की जिम्मेदारी राजेश खेरा निभाएंगे।

# संकट मोचन दरबार में श्रीराम का गुणगान कर भक्तों ने की महाआरती

■ स्वतंत्र समय, श्रीधाम




विगतदिवस स्थानीय श्री संकट मोचन हनुमान मंदिरजी में बजरंगसेना नर्मदाखंड महाआरती समिति के तत्वधान में भक्तों ने श्री हनुमानजी का गुणगान करते हुए तीन लोक चौदह भुवन कर धारे बलवान, रामकाज हित प्रगट भे वीर बली हनुमान, अजय शरण तुम्हरे हनुमंता नही देखा तुम सम कोई संताकृपा करहु मो पर बलधारी, भवम भवानी हर तिरपुरारी, बलबुद्धि और मनोकामना को पूर्ण करनेवाले राम भक्त श्री हनुमानजी महाराज की महाआरती विगत 38 माह एवं171 सप्ताह से प्रत्येक शनिवार को श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर में निरंतर जारी है हनुमानलला की महाआरती पूर्ण विधि विधान से करने से भक्तों को मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है।

श्री हनुमानजी की पूजा की शुरुआत श्री रामचंद्रजी के पूजन से की जाती है क्योंकि श्री रामजी की पूजा के बगैर हनुमानजी की पूजा अधूरी मानी जाती है इसी तारतम्य में बजरंगसेना नर्मदा खंड महाआरती समिति के तत्वाधान में संगीतमय महाआरती प्रत्येक शनिवार को पं.दीपक तिवारीआचार्यत्व में राकेशगुप्ता एवं परिवार द्वारा पूर्ण वैदिक मंत्रोच्चारण व विधि विधान के साथ पूजनअर्चन करने के उपरांत उपस्थित श्रद्धालुजनों ने सामूहिक रूप से श्रीरामस्तुति श्री हनुमान चालीसा श्री हनुमानजी की महाआरती का गायन किया गया गौरतलब हैकि बजरंग सेना नर्मदाखंड महाआरती समिति द्वारा संपन्न हुई।

स्थानीय भजन मंडली के कलाकारों द्वारा भजनों की अनुपम प्रस्तुति आकाशवाणी कलाकार संदीपतिवारी रामबालक वैद्य नीरज दुबे अखिलेश सोनी कमल स्वामी पं. विद्याचरण पाराशर सालकराम साहू पं. श्यामाचरण पाराशर श्यामाचरण झारिया विजयभाई आदि सहयोगियों के द्वारा महाआरती संपन्न किए जाने के पश्चात महाप्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर नर्मदा प्रसाद गुप्ता रघुनाथ राय, दीपक सराठे, अभिषेक दुबे, नीरज सोनी, विनोद गुप्ता, अनिल राय मयंक शर्मा, रानू एकांत, मुकेश ठाकुर, आशीश पटेल, नीरज पटेल, परषोत्तम पटेल, नंदूगुप्ता, विनोद गुप्ता, राकेश केशरवानी, राजेश गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, प्रवीण जैन, विनोद साहू, गगन माधवानी, अन्नू माधवानी, शिव कुमार विश्वकर्मा, आशु गुप्ता, विनायक मिश्रा, नीरज नेमा, धर्मेन्द्र गुप्ता, गन्नू माधवानी, नीलेश नामदेव जितेंद्र ठाकुर, योगेश पुरोहित, राजेश अनुराय, सौरभ श्रीवास्तव, दीपक सोनी, अरविंद त्रिपाठी, मुकेश चढ़ार, बालू उमरे, मनीष गुप्ता, आशीष पटेल, अमरनाथ विश्वकर्मा, संतोष शर्मा, रामप्रकाश शर्मा, मुन्ना ठाकुर, तरुण चंदेल, नारायण दुबे, नारायण गुप्ता, मुनीमजी, अखिलेश जैन, मनोज नामदेव ओमप्रकाश साहू, बटुक सेवक, अक्षत सराठे, अनुज ठाकुर, सहित बड़ी संख्या में महाआरती रामभक्त व मातृशक्ति की उपस्थिति सराहनीय थी।

# शुद्ध वायु और शुद्ध जल पर आने वाली पीढ़ियों का अधिकार : मोनू पटेल

### श्रीदेव ठाकुर बाबा मंदिर परिसर में युवा नेता ने पौधारोपण कर पर्यावरण का दिया संदेश




■ स्वतंत्र समय, श्रीधाम

विगत दिवस स्थानीय नगर देवता श्रीदेव ठाकुर बाबा महाराजजी के मंदिर परिसर को हरी भरी हरियाली से सुंदर आकर्षक मनमोहक बनाने के साथ साथ पर्यावरण का संदेश देने के उद्देश्य में समाजसेवी युवानेता मणिनागेन्द्रसिंह मोनूपटेल ने समर्थकों व आम नागरिकों के साथ पौधारोपण किया पौधारोपित करते हुए युवानेता मोनू पटेल ने कहाकि शुद्ध वायु और शुद्ध जल पर आनेवाली पीढ़ियों का अधिकार है ये तभी संभव है जब हम पर्यावरण को संरक्षण कर अधिक से अधिक पौधा रोपण करेंगे प्रदूषण को कम करके शहर को हरा भरा हरियाली युक्त बनाकर ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाकर उनका संरक्षण करें ताकि हमारा शहर व जिला हरा भरा रहे नागरिकों से अपील हैकि प्रदूषण को कम करके पर्यावरण को बचाया जा सकता है हम सभी को पर्यावरण के संरक्षण में आगे आना चाहिए सभी को अधिक से अधिक संख्या में पेड़ लगाने चाहिए जितने अधिक पेड़ होंगे पर्यावरण उतना ही स्वच्छ होगा वनों की संख्या लगातार कम हो रही है जिससे धरती के तापमान में लगातार बढ़ोतरी हो रही है जिससे मानव जीवन जीव-जंतु व पेड़ पौधों पर बुरा असर पड़ रहा है इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि जितेंद्र ठाकुर, अर्जुन माल गुजार, विक्की तिवारी, दीपक सोनी, राजू राजपूत, सचिन पाठक, राजेंद्र राय, मनीष जैन, राजा जैन, मोनू शर्मा दुल्ली चंद, विश्वकर्मा, वीरेंद्र पटेल, वीरू तिवारी, माखन चौरसिया, संजय जैन, पत्रकार सीताराम रजक, दीपक साहू, योगेन्द्र पटेल बल्लू विश्वकर्मा, रिंकू झारिया संदीप पटेल पटी) सोनू बड़कुर, योगेश कहार, हकीम खान, सहित अनेक नागरिक बंधु उपस्थित रहे।

# सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए एसपी ने की अनूठी पहल




■ स्वतंत्र समय, श्रीधाम

विगत दिवस एसपी कार्यालय सभागार में सडक दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य पुलिस अधीक्षक अमितकुमार की अनूठी पहलकर जिले के दुर्घटना संभावित क्षेत्रों की ड्रोन कैमरे से करायी गयी वीडियो ग्राफी दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु विशेष उपाय किए जा रहे क्योंकि देश में सड़कों प्रतिदिन हजारों लोग सडक दुर्घटनाओं घायल हो जाते है एवं कुछ अपनी जान से हाथ धो बैठते है सडक दुर्घटनाओं के कारण कितनी जिन्दगी अपने परिवार से अलग हो जाती है यह दर्द सिर्फ उस परिवार के लोग ही समझ सकते है जिनका कोई अपना सडक दुर्घटना में मारा गया हो जिले के सभी 11 ब्लेक स्पाट (जिन स्थानों दुर्घटना अधिक होती है) का ड्रोन कैमरे के माध्यम से निरीक्षण कराया गया सडक दुर्घटनाओं में कमी लाने एवं उनकी रोकथाम हेतु पुलिस अधीक्षक अमितकुमार द्वारा जिले में अनूठी पहल करते हुए जिले के सभी 11 ब्लेक स्पाट (जिन स्थानों दुर्घटना अधिक होती है) का ड्रोन कैमरे के माध्यम से निरीक्षण कराया गयाइसका उद्देश्य ब्लैकस्पाट में दुर्घटनाओं के कारणों को जानना दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु क्या किया जा सकता है जैसे साईनबोर्ड लगावाना स्पीड बम्प एवं दिशा सूचक बोर्ड आदि लगाबाया जाना। इस हेतु संबंधित रोड एजेन्सी से कार्य कराए जाने हेतु पत्राचार भी किया गया है सडक दुर्घटनाओं की रोकथाम मे ली जा रही है यातायात मित्रों की मदद करने के उद्देश्य पुलिस अधीक्षक अमितकुमार की पहल पर सडक दुर्घटना संभावित क्षेत्रों के आसपास के ढाबों पेट्रोलपंप दुकान दारों एवं स्थानीय लोगों को यातायात मित्र भी बनाया जा रहा है जिन्हे शासन की गुड सेमेरिटन योजना के संबंध में जानकारी दी जा रही है यह योजना केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई एक महत्वपूर्ण योजना है इस योजना के तहत सरकार द्वारा उन सभी अच्छे नागरिकों को 5 हजार रुपए की नकद धनराशि प्रदान की जाएगी जोकि सड़क हादसे में घायल व्यक्ति को तत्काल समय में अस्पताल तक पहुंचाया जा सके।

### लाड़ली बहना योजना के आवेदन हुए पूरे, कलेक्टर ने दी बधाई




**शहडोल।** कलेक्टर श्रीमती वंदना वैद्य के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में जिले में मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के आवेदन लिए जा रहे हैं साथ ही कलेक्टर द्वारा समय-समय पर मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना की प्रगति की समीक्षा की जाती है । इसी कड़ी में जिले के जनपद पंचायत गोहपारू के ग्राम देवदहा में लाडली बहना योजना के आवेदन शत-प्रतिशत पूर्ण कर लिए गए हैं। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना हेतु ग्राम पंचायत देवदहा में कुल 410 महिलाए (23 से 60 वर्ष के बीच) थी जिसमे 108 महिलाए पात्र महिलाएं थी।

### अवैध मादक पदार्थ की तस्करी में लिप्त व्यक्तियों की सूचना देने की अपील

■ स्वतंत्र समय, नरसिंहपुर

जिले में अवैध मादक पदार्थ की तस्करी/व्यापार में लिप्त व्यक्तियों की सूचना देने हेतु पुलिस अधीक्षक अमित कुमार द्वारा जारी किया गया ''नारकोटिक्स हेल्पलाईन मोबाईल नम्बर 9479688455'' सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम एवं पहचान को गोपनीय रखा जावेगा। पुलिस अधीक्षक श्री अमित कुमार एवं नरसिंहपुर द्वारा नशे के अवैध कारोबार के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत नशे से मुक्त नरसिंहपुर बनाने में सराहनीय सहयोग प्रदान करे।

# अमरीश श्रीवास्तव बने सिंहपुर मां काली मंदिर समिति के अध्यक्ष, कार्यकारिणी भी हुई गठित



शहडोल। सिंहपुर मंदिर प्रांगण में पूर्व निर्धारित बैठक का आयोजन हुआ जिसमें क्षेत्र से जुड़े सभी सम्माननीय और ग्रामीण सिंहपुर मंदिर में अपनी आस्था एवं सेवा देने वाले सेवादार बैठक में सम्मिलित हुए और सर्वसम्मति से निर्णय हुआ जिसमें अध्यक्ष अमरीश श्रीवास्तव भानू बनाए गए। मन्दिर समिति के गठन में उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष , सचिव, सह सचिव, मंदिर कार्यालय प्रभारी, मीडिया प्रभारी, सोशल मीडिया प्रभारी भी नियुक्त किए गए। उपस्थित ग्रामीण जन एवं क्षेत्रीय जन जिनमें प्रमुख रूप से क्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेवी दाउराम पांडे की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक मैं उपस्थित जनों ने अपने अपने विचार व्यक्त किए सर्वसम्मति से यह भी निर्णय ले लिया गया की मंदिर समिति में स्थानीय लोगों के साथ क्षेत्रीय लोग जो मंदिर में अपनी सेवा देना चाहते हैं वह भी सम्मिलित हो,इसके लिए सदस्यता अभियान सिंहपुर ग्राम सहित दूर अंचल से 30 - 35 गांव से जुड़े श्रध्दालू हिस्सा ले सकेंगे, बैठक में प्रमुख रूप से सुशील शर्मा, मृत्युंजय मिश्रा, गिरीश श्रीवास्तव अधिवक्ता, ललित मिश्रा, कुलदीप शर्मा, अनुभव शर्मा, अनिरुद्ध द्विवेदी ग्राम दुलहरा से अजब सिंह, उनय सिंह, मिठौरी से सुरेंद्र सिंह, पडमनिया से राहुल तिवारी, सौरभ द्विवेदी, आशीष कुमार गुप्ता, नरगी से युवा मनीष शुक्ला, सुभाष गुप्ता, अनुराग शुक्ला, दीपनारायण पाठक, विकास शुक्ला,जोधपुर आशीष मिश्रा ग्राम सिंहपुर से जगदीश तिवारी , रामाधार त्रिपाठी, बनवारी विश्वकर्मा, अमरेंद्र तिवारी अखिल द्विवेदी, राजकुमार जायसवाल, दीपेश तिवारी, प्रकाश तिवारी, श्रवण श्रीवास्तव, सतीश राव, स्वप्निल पाण्डेय,अखिल द्विवेदी,गौरव श्रीवास्तव,आनंद त्रिपाठी ,पारस गुप्ता ,सौरभ पाण्डेय, अभयराज द्विवेदी, शुभम भट्ट,श्रीमान शशिकांत पाण्डेय, शिवनारायण द्विवेदी और क्षेत्रीय और ग्रामीण उपस्थित जनों की उपस्थिति में बैठक सम्पन्न हुआ।

### खेलग्राम में आयोजित शिविर में निराशा को आशा में बदलते देखा : चतुर्वेदी

# टीम के 30 सदस्यों ने दो दिन में की 20 हजार मरीजों की जांच

■ स्वतंत्र समय, छतरपुर

कांग्रेस विधायक आलोक चतुर्वेदी के द्वारा पं. देवप्रभाकर शास्त्री दद्दाजी की स्मृति में आयोजित किए गए दो दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार शिविर के अंतर्गत 8 और 9 अप्रैल को लगभग 20 हजार मरीजों का परीक्षण एवं उपचार किया गया। शिविर के दौरान अग्रिम इलाज के लिए लगभग दो हजार मरीज चिन्हित किए गए जिन्हें निःशुल्क इलाज के लिए भोपाल भेजा जाएगा। शिविर के समापन के साथ ही मरीजों का एक जत्था महामना ट्रेन के माध्यम से भोपाल के लिए रवाना हो गया। खेलग्राम में आयोजित शिविर के समापन अवसर पर चिरायु मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल भोपाल की मेडिकल टीम का मंच से सम्मान किया गया।

समापन समारोह के अवसर पर शिविर के आयोजक आलोक चतुर्वेदी ने कहा कि जब इस शिविर का विचार किया था तब यह उम्मीद नहीं थी कि इतनी बड़ी संख्या में हम लोगों की सेवा कर पाएंगे। दो दिनों में यहां छतरपुर ही नहीं आसपास के जिलों के लोग भी बड़ी संख्या में इलाज के लिए पहुंचे। शिविर के दौरान हमने देखा कि लोग अपने रोग से पीड़ित थे और निराशा के भाव से यहां शामिल हुए थे लेकिन चिरायु की मेडिकल टीम ने जिस तरह से उनका परीक्षण और उपचार किया उससे कई निराश चेहरों पर आशा भरी मुस्कान देखी गई। उन्होंने कहा कि यह शिविर बुन्देलखण्ड के इस सीमित संसाधनों वाले जिले में वरदान से कम नहीं है। शिविर के माध्यम से विभिन्न रोगों के मरीजों को एक ही जगह पर परामर्श, जांच, दवा एवं अग्रिम इलाज की सुविधा निःशुल्क रूप से देना पाना हमारा सौभाग्य रहा। कार्यक्रम में उपस्थित चिरायु मेडिकल कॉलेज के डायरेक्टर अजय गोयंका ने कहा कि यह शिविर प्रदेश भर में उनके द्वारा आयोजित किए गए अन्य स्वास्थ्य शिविरों के मुकाबले कई गुना बड़ा और सफल रहा। हम यहां 300 लोगों की मेडिकल टीम लेकर आए थे लेकिन जिस तरह से मरीज यहां पहुंचे उससे हमें लगता है कि अगली बार हमें 500 से ज्यादा लोग लाने पड़ेंगे। उन्होंने कहा कि शिविर के दौरान लगभग 20 हजार लोगों की ओपीडी जांच की गई। दो हजार मरीजों को भोपाल में अग्रिम इलाज के लिए चिन्हित किया गया जिनका इलाज आगामी एक माह के भीतर निःशुल्क रूप से किया जाएगा। शिविर में 1500 लोगों के अल्ट्रासाउण्ड, लगभग दो सौ लोगों के कलर डोपलर, 250 लोगों की डेंटल सर्जरी, 700 से ज्यादा लोगों के एक्सरे, ईसीजी, ईको एवं 10 हजार से ज्यादा लोगों की पैथोलॉजी जांचें की गईं। डॉ. गोयंका ने भरोसा दिलाया कि सभी मरीजों का निःशुल्क उपचार होगा साथ ही वे वादा करते हैं कि जब भी विधायक आलोक चतुर्वेदी चिरायु की मेडिकल टीम को शिविर के लिए यहां बुलाएंगे वे अवश्य आते रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जगदीश शुक्ला ने भी चिरायु अस्पताल की टीम का आभार जताया। कार्यक्रम में चिरायु मेडिकल कॉलेज के एक दर्जन से ज्यादा डॉक्टरों को स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया। मंच पर डॉ. एमपी सिंह, डॉ. मनीषी सिंह, डॉ. कृष्णा, डॉ. साकेत जैन, डॉ. मयंक गुप्ता, डॉ. सौरभ, डॉ. मनीष वैरासी, डॉ. कृति श्रीवास्तव, डॉ. शुभ्रा तिवारी, डॉ. शशांक मिश्रा, डॉ. अंकित, डॉ. अंचल मिश्रा, डॉ. प्रतीक को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन संतोष ताम्रकार ने किया जबकि अतिथियों का स्वागत अजयपाल सिंह राव, निखिल चतुर्वेदी, राजेन्द्र अग्रवाल, मनोज त्रिवेदी, अनीस खान, सियाराम रावत, सुरेशबाबू खरे, शिवानी चौरसिया, स्मिता खरे, दीप्ती पाण्डेय, पप्पू चौरसिया आदि ने किया।

### भोपाल में होंगी निःशुल्क जांचें और ऑपरेशन

इस स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से ऐसे रोगियों को चिन्हित किया गया जिनकी अग्रिम जांचें और उपचार आदि के लिए भोपल के चिरायु मेडिकल कॉलेज ले जाना पड़ेगा। शिविर के दौरान ऐसे लगभग दो हजार मरीज चिन्हित किए गए जिन्हें अगले 4 दिनों तक प्रतिदिन ट्रेन के माध्यम से भोपाल भेजा जाएगा। रविवार को लगभग 300 मरीजों का पहला जत्था विधायक आलोक चतुर्वेदी के पुत्र मिक्की चतुर्वेदी के द्वारा ट्रेन के माध्यम से भोपाल रवाना किया गया।

## सार-संक्षिप्त

### पवित्र रमजान माह में रोजा रखकर इबादत कर रहे मुस्लिम धर्मावलम्बी



**बानपुर (ललितपुर)।** पवित्र रमजान माह के आगमन से ही कस्बे में उसकी रौनके दिखाई दे रही हैं। पवित्र रमजान माह के आगमन से ही मुस्लिम धर्मावलम्बियो का ज्यादातर समय अब रोजा रखकर, नमाज पढ़कर व तिलावत करके आदि इबादत में बीत रहा है। बताते चलें कि इस समय पवित्र रमजान का माह चल रहा है। अत: यह पर्व बानपुर कस्बे में भी मनाया जा रहा है जिसमें कस्बे के मुस्लिम धर्मावलम्बी शहरी, इफ्तार करके रोजा रख रहे हैं। इस दौरान मुस्लिम धर्मावलम्बी अपनी दुआओं में अपने मुल्क व इंसानियत की हिफाजत व सलामती की दुआ कर रहे है ।

### चुनाव की घोषणा: 4 मई को होगा मतदान 13 मई को आएगा परिणाम

**ललितपुर।** नगर पालिका परिषद की ओर से अभी किसी भी पार्टी का प्रत्याशी घोषित नहीं हुआ, लेकिन उत्तर प्रदेश सरकार ने कार्यक्रम की घोषणा करके सभी को चौंका दिया है। अब भारतीय जनता पार्टी, शहर कांग्रेस, सपा-बसपा, आप पार्टी के कार्यालय में चुनाव प्रक्रिया को लेकर कल से काम शुरू हो जाएगा। जनपद ललितपुर में 4 मई को अध्यक्ष एवं 25 वार्ड के पार्षदों का चुनाव होगा एवं 13 मई को नया अध्यक्ष नगर पालिका परिषद में बैठ जाएगा।

### लापता वृद्ध की रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए भटक रहे परिजन

**बानपुर।** जनपद के थाना बार अन्तर्गत ग्राम नगारा निवासी शिबू पुत्र उद्दा (70) जाति अहिरवार अपने



घर से करीब पांच वर्ष से लापता है। परिजनों ने शिबू के बारे में हर सम्भव स्थान पर पता किया व रिश्तेदारों,देवस्थल व तीर्थस्थल आदि जगहों पर जाकर लगातार खोजबीन कर रहे हैं परन्तु शिबू के विषय में कोई जानकारी नहीं मिल सकी है। इसी क्रम में परिजन लगातार रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए थाने के चक्कर लगा रहे हैं ।

### बच्चे ने निगली बैटरी, गले में अटकने से बिगड़ी हालत

**छतरपुर।** बमीठा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रमपुरा में एक बच्चे ने खेलते वक्त सिक्कानुमा बैटरी को निगल लिया, जो उसके गले में अटक गई है। बैटरी अटकने से बच्चे की हालत बिगड़ गई है। जिला अस्पताल में जब उसका इलाज नहीं हो सका तो उसे गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक ग्राम रमपुरा निवासी गौरीशंकर पटेल के 2 वर्षीय पुत्र ऋषभ पटेल खेलते समय सिक्कानुमा बैटरी निगल गया। जब परिजनों को इस बात का पता चला तो वे छतरपुर जिला अस्पताल लेकर आये, जहां चिकित्सकों ने बैटरी निकालने का काफी प्रयास किया लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली, जिसके बाद चिकित्सकों ने बच्चे को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है।

### राजाराम सेन बने युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष



**छतरपुर।** सेन समाज विकास संगठन मध्यप्रदेश का प्रांतीय कार्यकारिणी सम्मेलन विधायक विश्राम गृह भोपाल के सभागार में सम्पन्न हुआ जिसमें राष्ट्रीय एवं प्रांतीय कार्यकारिणी का विस्तार हुआ। इस अवसर पर सम्मेलन में छतरपुर जिले का प्रतिनिधित्व कर रहे महाराजपुर निवासी राजाराम सेन को संगठन की ओर से युवा प्रकोष्ठ का प्रदेश अध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया। राजाराम सेन ने राष्ट्रीय अध्यक्ष डी.एस.राजौरिया एवं प्रदेश अध्यक्ष प्रवीण सेन परमात्मा का आभार व्यक्त कर संगठन में सक्रियता और मजबूती लाने का संकल्प लिया।

### आकाशीय बिजली गिरने से बच्चे और महिला की मौत

**छतरपुर।** शनिवार की शाम जिले के विभिन्न इलाकों में बारिश हुई और इसी के साथ ही कुछ स्थानों पर आकाशीय बिजली गिरने की घटनाएं भी हुईं। इसी तरह की दो घटनाओं में एक बच्चे सहित एक महिला की मौत हुई है, जबकि मृत बच्चे की मां का गंभीर हालत में जिला अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक पहली घटना राजनगर थाना क्षेत्र के ग्राम डबरा की है। जहां के निवासी कमलेश पटेल की पत्नी प्रीति पटेल और उसका पुत्र शिवम पटेल घर की छत पर थे। इसी दौरान बारिश होने लगी और अचानक आकाशीय बिजली गिर गई, जिसकी चपेट में आकर प्रीति और शिवम बुरी तरह झुलस गए।

## जिला प्रशासन के आदेश का नहीं हो रहा कोई असर

# कुओं और बावड़ियों पर नपा सहित लोगों ने किया कब्जा

**स्वतंत्र समय, नौगांव**



नगर के विभिन्न स्थानों पर मौजूद पुराने कुओं और बावड़ियों को अनुपयोगी समझ कर या तो अतिक्रमण कर लिया गया या फिर इन्हें बंद कर इनका अस्तिव्त समाप्त कर दिया गया। इस कार्य में नगर पालिका भी शामिल है। नगर पालिका ने अपनी आमदानी बढ़ाने के लिए नगर के पुराने थाने के सामने बने एक कुंए को बंद कराकर दुकान बनवा दी गई। इसी तरह बैजू साहू की दुकान के पास मौजूद कुंए को पाटकर भी नपा ने दुकान बना दी है।

मध्यप्रदेश के इंदौर में रामनवमीं के दिन हुए बावड़ी हादसे के बाद सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में आदेश जारी कर निर्देशित किया गया कि इस तरह के कुंए और बावड़ी को चिन्हित कर अतिक्रमण मुक्त कराया जाये लेकिन इस आदेश का भी नौगांव शहर में पालन नहीं हो रहा है। नौगांव नगर के बड़े मंदिर, पॉलीटैक्निक कॉलेज के पास बनी बावड़ी, खजुराहो बोरवैल के सामने स्थित कुंए सहित अन्य स्थानों पर मौजूद कुंए और बावड़ी पर अतिक्रमण कर इनका अस्तित्व समाप्त कर दिया गया है, लेकिन यहां अभी हादसे की संभावना है। पिछले दिनों नौगांव के अस्पताल का निरीक्षण करने आए कलेक्टर ने मुख्य नगरपालिका अधिकारी को निर्देशित किया था कि इस तरह के कुंए और बावड़ी की साफ-सफाई कराकर इसे उपयोग में लिया जाए लेकिन अभी इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। इतिहासकार दिनेश सेन ने बताते हैं कि वर्ष 1974 में नगर में तीन कुंए बनाये गए थे, जिसके पानी से नगर के लोग खाना तक बनाते थे। वर्तमान में वे तीनों कुंए विलुप्त होकर अपना अस्तित्व खो चुके हैं।

### शीघ्र जीर्णोधार किया जाएगा

शासन द्वारा निर्देश प्राप्त हुए हैं, नगर के कुंओं और बावड़ियों को चिन्हित कर शीघ्र जीर्णोधार किया जाएगा। यदि कहीं अतिक्रमण है तो उसे प्राथमिकता से हटाया जाएगा।

**- अनूप तिवारी,** अध्यक्ष, नगर पालिका, नौगांव

# नहीं थम रहा कांग्रेस में मचा आपसी कलह

## कांग्रेस में पदों को लेकर चल रही आपसी खींचातानी

**स्वतंत्र समय, टीकमगढ़**

जतारा- जहां एक और मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है जिसके चलते सभी पार्टियां क्षेत्र में अपने-अपने दावेदारों प्रत्याशियों के साथ सक्रिय नजर आ रहे है लेकिन बात अगर पार्टी के लिए सक्रियता की और कर्तव्यनिष्ठा की हो तो वह बिल्कुल भी नहीं दिखाई दे रही है मामला जतारा विधानसभा के कांग्रेश पदाधिकारियों के आपसी बैरमनुष्यता का है देखने की बात यह है कि कुछ ही समय पहले गुरुचरण खरे राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त सर्किट हाउस जतारा आये थे यह विवाद तभी से कोंग्रेस में उतपन्न हुआ है। जहा एक ओर कोंग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष नवीन साहू ने नवनिर्वाचित ब्लॉक अध्यक्षों को नियुक्त कर कांग्रेस पार्टी को क्षेत्र में सक्रिय करने का प्रयास किया तो वही दूसरी ओर तू चल मैं आयी की स्थिति में दिखे कांग्रेसी नेता वही कांग्रेस जिला अध्यक्ष नवीन साहू ने तात्कालिक स्थिति में ब्लॉक अध्यक्ष को नियुक्त किया है जिसके तुरंत बाद ही विधानसभा जतारा कांग्रेस नेताओं में विवाद कीर्ति सोशल मीडिया पर देखने को मिली।

वहीं लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी किरण अहिरवार और कांग्रेस जिला अध्यक्ष नवीन साहू के प्रति कांग्रेस के कार्यकर्ताओं द्वारा अभद्र भाषा और अभद्र शब्दों का प्रयोग किया जा रहा है जब मामले की जानकारी पूर्व लोकसभा प्रत्याशी किरण अहिरवार को लगी तो उन्होंने पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ रोहित काशवानी को लिखित आवेदन पत्र देकर कांग्रेसी कार्यकर्ताओं पर ही कार्यवाही करने की मांग कर दी वहीं उन्होंने आरोप लगाया है कि उनकी छवि को धूमिल करने के लिए कांग्रेस के ही कार्यकर्ता ऐसा सोशल मीडिया पर कर रहे हैं वही उन्होंने आवेदन में प्रस्तुत किया है कि वह अनुसूचित जाति की महिला है और उनकी लोकप्रियता बढ़ती देख कांग्रेश के कार्यकर्ताओं और नेताओं में हलचल का माहौल उत्पन्न हो गया है और उनकी लोकप्रियता बढ़ने के कारण उनकी ही पार्टी के नेता उनकी छवि धूमिल करने का प्रयास कर रहे हैं वही कांग्रेसी कार्यकर्ता और नेता सोशल मीडिया पर यह भी लिख रही है कि कांग्रेस के जिला अध्यक्ष नवीन साहू सिर्फ पूर्व लोकसभा प्रत्याशी किरण अहिरवार की हिसाब से ही जिले में कांग्रेस के पदाधिकारियों को नियुक्त कर रहे हैं।

ऐसे में आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए कांग्रेस मैं कलह की स्थिति बनी हुई है वहीं सूत्रों से लगी जानकारी के हिसाब से ऐसा बताया जा रहा है कि यदि कांग्रेस पार्टी में ऐसी ही स्थिति बनी रही तो 2018 के विधानसभा चुनाव की तरह जतारा में गठबंधन का सहारा लेकर भाजपा के प्रत्याशी से अपनी कांग्रेस अपनी किस्मत आजमाएगी।

### पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन दिया

मैं एक सामाजिक परिवार की महिला हूं और कोंग्रेस पार्टी में प्रदेश महासचिव के पद पर हूं। केवल दलित परिवार की महिला होने के कारण कुछ असामाजिक तत्व के लोग मेरे बारे अभद्र टीका टिप्पणी कर रहे है जिसको लेकर मैंने पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ को ज्ञापन दिया है कि मेरी छवि को धूमिल करने वाले व्यक्तियों और कठोर कार्यवाही की जाने की मांग की है।

**- किरण अहिरवार,** प्रदेश महासचिव कोंग्रेस

## शोक सभा का हुआ आयोजन

**ललितपुर।** भगवान आदिनाथ कॉलेज ऑफ एजुकेशन महार्रा ललितपुर में रविवार को एक शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें आदिनाथ ग्रुप ऑफ कॉलेज ललितपुर के प्रबंधक एवं समस्त शिक्षकों ने ललितपुर नगरी के गौरव कहे जाने वाले सुजान सिंह बुंदेला के निधन पर अपनी शोक संवेदना प्रस्तुत की। इस सभा में संस्थान के प्रबंधक प्रदीप जैन ने कहा कि सुजान सिंह बुंदेला को हम प्यार से बड़े दाऊ नाम से पुकारते थे। आज वो हमारे बीच में नहीं है। वो ऐसे महान शख्सियत थे जिन्होंने देश में बुंदेलखंड क्षेत्र को एक नई पहचान दी। ललितपुर को पूरे देश में बुंदेला बंधु के नाम से पहचाना जाने लगा था। अंत में प्रदीप जैन ने अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किये। वही संस्थान के प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार जैन ने अपनी श्रंद्वाजली अर्पित की।

सभा में उपस्थित आइक्यूएसी कोऑर्डिनेटर डॉ. रोहित कुमार जैन ने कहा कि बड़े दाऊ के संपर्क में रहने का समय बहुत कम मिला परंतु जब भी उनसे मुलाकात करने जाते थे तब वे बड़े सम्मान से और प्यार से बिठाकर बात करते थे और बात सुनते थे। अंत में सभा में उपस्थित सभी ने बडे दाऊ के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित करके अपनी श्रृद्वांजली अर्पित की। सभा का संचालन अश्विनी कुमार जैन ने किया एवं राकेश कुमार विनोद कुमार,बृजमोहन वर्मा, अंकित जैन, विनीता जैन, निधि जैन,अजय सेन,अनुराग राजपूत, अरविन्द आर्य आदि उपस्थित रहे।

## महान देशभक्त थे बंकिम चंद्र और मंगल पांडे : पं. शर्मा

**स्वतंत्र समय, बीना**

अथक पथ संग्रहालय में 1857 की क्रांति के नायक मंगल पांडे और वंदे मातरम के रचनाकार बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय की पावन पुण्यतिथि गरिमामय ढंग से मनाई गई डॉ रत्नाकर चौबे संजीव मिश्रा एवं उमेश शर्मा ने क्रांतिकारियों के चित्र के समक्ष दीप जलाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए मातृभूमि संस्था के राम शर्मा ने अतिथियों का तिलक लगाकर स्वागत किया इस अवसर पर मंगल पांडे के वंशज रघुनाथ पांडे ने मोबाइल पर संबोधन करते हुए बताया कि देश की आजादी में अनेकों क्रांतिकारियों ने बलिदान दिया लेकिन बैरकपुर की छावनी में मंगल पांडे ने जो क्रांति का सूत्रपात किया उसने देशभक्ति की अलख जगा दी उन्होंने बताया बस



हौसले की जरूरत होती है हौसला यदि आपका मजबूत है लक्ष्य जरूर प्राप्त होता है डॉ रत्नाकर चौबे ने बताया याद हमें महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है प्रीत परिस्थितियों में भी क्रांतिकारियों ने साहस के साथ क्रांति में भाग लिया आज महापुरुषों के जीवन चरित्र को पढ़ाना आवश्यक है उमेश शर्मा ने मंगल पांडे बंकिमचंद्र के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला और बताया उन्होंने इस तरीके से अंग्रेजों का विरोध किया कोई भी व्यक्ति उन्हें पकड़ने के लिए तैयार नहीं था मातृभूमि संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष राम शर्मा ने बताया की बंकिमचंद्र 25 उपन्यास लिखें वंदे मातरम गीत 18 81 में लिखा गया और 18 सो 82 में आनंदमठ मैं इसका प्रकाशन हुआ राष्ट्र की चेतना का गान वंदे मातरम गीत ही था यह गीत लोगों में जोश भर देता था 1950 में इस गीत को अंगीकृत किया गया इस अवसर पर सेठ वालचंद हीराचंद दोषी मातादीन बाल्मिक हेमचंद्र कानूनगो को भी श्रद्धांजलि दी गई क्योंकि उसी दिन इनकी भी पुण्यतिथि थी आज का दिन इसलिए और सौभाग्यशाली है क्योंकि इसी दिन बटुकेश्वर दत्त और सरदार भगत सिंह ने गूंगी बहरी सरकार को सुनाने के लिए असेंबली में बम फेंका था इस अवसर पर हरि शर्मा प्रवीण आदि उपस्थित रहे।

## पक्षियों की प्यास बुझाने बच्चों ने बांधे सकोरे

**नौगांव।** बढ़ती गर्मी में पक्षियों को ठंडा पानी उपलब्ध कराने की मंशा से बिलहरी निवासी अश्विका, माधवी, दीक्षरी, प्रियेश, राघव दीक्षित आदि बच्चों ने सकोरे बांधने की पहल शुरु कर दी है। यह सकोरे बच्चों द्वारा उन्हीं वृक्षों पर टांगे जा रहे हैं जो वृक्ष करीब 6 वर्ष पूर्व उन्होंने अपने जन्मदिवस पर रोपे थे। बच्चों ने माता-पिता के सोशल मीडिया अकाउंट पर अपनी तस्वीरें डालकर अन्य लोगों से भी सकोरे बांधने की अपील की है। बच्चों के इस प्रयास की जमकर सराहना की जा रही है।

## जड़ी-बूटियों ही सर्वरोगों का निदान : रावल



**स्वतंत्र समय, ललितपुर**

नगर से राजघाट रोड पर 11 किमी दूर निकटवर्ती ग्राम गनगौरा टोरिया में अन्नपूर्णा धाम आश्रम पर देशी जडीबूटियों द्वारा रोग निदान शिविर सन्त रावल बाबा उज्जैन के द्वारा चल रहा है। जिसमें सैकड़ों की संख्या में लोग लकवा, पोलियो, साइटिका, जोड़ों का दर्द, पेटरोग, ब्लड सुगर, आंख रोग, चर्म रोग, बांझपन आदि का आयुर्वेदिक एवं देशी जडी बूटियों द्वारा निदान कर रहे हैं। जगत गुरु स्वामी कृष्णगिरी महाराज खाटू श्याम जी अखाडा सर्वेश्वर धाम के संयोजन में 23 अप्रैल तक लगने वाले इस शिविर में प्रातः 9 बजे से शाम 5 बजे तक मरीजों के रोगों का निदान हो रहा है। महन्त रावल बाबा का कहना है कि सर्व रोगों का निदान आयुर्वेद और जडीबूटियों में ही निहित। शिविर के आयोजक जगतगुरू स्वामी कृष्ण जी महाराज ने बताया कि 10 अप्रैल को विशाल सन्त सम्मेजन शिविर स्थल पर आयोजित किया गया है।

## एमआरपी से अधिक दाम पर बिक रही शराब

**लवकुशनगर।** कानून की दृष्टि में भले ही शराब के ठेकेदार बदल गए हो लेकिन शराब कारोबारियों की मनमानी पर कोई अंकुश लगता नजर नही आ रहा है। एक ओर जहां मनमाने दामों पर प्रिंट रेट से कहीं अधिक रुपयों में शराब बेची जा रही है तो वहीं नियमानुसार रेट सूची भी लायसेंसी दुकानों में नही लगाई जा रही है जिससे शराब के कारोबार से काली कमाई की जाकर ब्लैकमनी एकत्रित की जा रही है।

कुछ दिन पूर्व में आबकारी अमले द्वारा लवकुशनगर की लायसेंसी दुकानों में आकर नियमानुसार शराब की बिक्री करने और रेट सूची चस्पा करने का निर्देश दिया गया था, लेकिन इसके बावजूद भी आज तक नियमों का पालन शराब कारोबारियों द्वारा न किये जाने से अब आबकारी विभाग की कार्यशैली पर प्रश्न चिन्ह लगता दिखाई दे रहा है।

## रेलवे पुलिस अधीक्षक बोले- अवैध वेंडरों के सरगना को जल्द से जल्द करें गिरफ्तार

# जुआ-सट्टा और नशा करने वालों पर करें सख्त कार्रवाई : चौधरी

**स्वतंत्र समय, बीना**



शनिवार को एसआरपी (पुलिस अधीक्षक रेलवे) हितेश चौधरी ने रेलवे स्टेशन की संयुक्त रूप से एक बैठक आयोजित की। हितेश चौधरी ने रेलवे क्षेत्र में सुरक्षा सुविधा को देखते हुए रेल अधिकारी, जिला पुलिस बल, आरपीएफ पुलिस बल, अधिकारियों एवं ऑटो चालक वेंडर्स-कुली से संयुक्त रूप से चर्चा की। सभी ने जो शिकायतें की उन सभी शिकायतों को बीना जीआरपी थाना प्रभारी एमपी ठकर को जल्द से जल्द कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

उल्लेखनीय है कि एसआरपी (पुलिस अधीक्षक रेलवे) हितेश चौधरी ने कई शिकायतों पर अपनी नाराजगी भी व्यक्ति की साथ ही तुरंत कार्रवाई करने के आदेश दिए। बैठक के दौरान उन्होंने अवैध वेंडर्स पर सख्ती से नकेल कसने के निर्देश दिए। चलती ट्रेनों में और इससे बढ़ रही आपराधिक घटनाओं यात्रियों की सुरक्षा की शिकायत पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने जीआरपी आरपीएफ को आपसी समन्वय बनाकर काम करने की बात रखी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि आगे से यदि कोई वेंडर चलती ट्रेनों में चढे या अंदर सामग्री बेचते हुए मिले तो तत्काल एफआईआर कराएं। जीआरपी थाना प्रभारीको निर्देश दिए कि यहां पर अवैध वेंडर का सरगना कौन है उसका तुरंत पता करें और तत्काल कार्यवाही करें। स्टेशन परिसर में यात्रियों उनके सामानों की सुरक्षा सहित अन्य विषयों पर एसआरपी हितेश चौधरी ने बीना एसडीओपी प्रशांत सुमन, थाना प्रभारी कमल निगवाल, आगासौद थाना प्रभारी अनूप सिंह, स्टेशन प्रबंधक संतोष शर्मा, सुशील पांडे, डीसीआई आशीष अवस्थी, टीसी स्टॉप सहित ऑटो चालक कुली वेंडर्स से भी चर्चा की।

### बताई परेशानी

पूरे स्टेशन परिसर में कैमरे नहीं है, घायलों को तत्काल उपचार नहीं मिलता, स्टेशन परिसर से वाहन चोरी जारी है, जीआरपी नियमित रूप से गस्त नहीं करती, स्टेशन में सुलोचन का नशा करने वाले घूमते रहते हैं, भिखारियों पागलों की संख्या बढ़ती ही जा रही है, अवैध वेंडर चलती ट्रेन में चढ़ते हैं, ट्रेनों में अवैध वसूली की जाती है, ऑटो तितर-बितर तरीके से खड़े होते हैं, ऑटो चालक वर्दी नहीं पहनते, साइकिल स्टैंड के बाहर वाहन खड़े होते हैं इत्यादि और भी कई समस्याओं से अवगत कराया।

## कलात्मक और स्थापत्य कला के बेहतरीन उदाहरण हैं लक्ष्मी नारायण समूह मंदिर

# एक भव्य हिंदू केंद्र उपेक्षा और समय के कहर का शिकार

**स्वतंत्र समय, ललितपुर**



ललितपुर से करीब 30 किलोमीटर दूर जाखलौन के सैपुरा के पास स्थित चांदपुर जहाजपुर गांव आज भी उपेक्षा के आंसू बहा रहे हैं। बुंदेलखंड इतिहास परिषद, चाय की चकल्लस के साथ हम बात करते हैं यहां स्थित सबसे बड़े समूह मंदिर लक्ष्मी नारायण की।

जिसे कभी चंदेलों के अधीन 9वीं शताब्दी की कला और वास्तुकला का शिखर माना जाता था, अब एक वीरान गाँव है, जिसे इतिहासकार और इतिहास की किताबें भूल गए हैं और अपनी ही यादों में खो गए हैं। जैसे ही कोई इस अकेले गांव के बारे में चलता है, यह तेजी से समझ से बाहर हो जाता है कि शिक्षा, कला, वास्तुकला, मूर्तिकला और साहित्य का यह भव्य हिंदू केंद्र मलबे में बदल गया है और मौसम और समय के कहर का शिकार हो गया है। बुदेलखंड इतिहास परिषद की संयोजक डॉ.नीता यादव बताती हैं कि चांदपुर - जहाजपुरा के ऐतिहासिक स्थल में मंदिरों का सबसे बड़ा समूह लक्ष्मी नारायण है। इतिहासकारों, पुरातत्वविदों, कलाकारों और वास्तुकारों द्वारा चंदेलों की इंजीनियरिंग, कलात्मक और स्थापत्य कला के बेहतरीन उदाहरणों में से एक माना जाता है, मंदिरों का यह समूह हालांकि पूरी तरह से खंडहर हो चुका है, फिर भी चंदेलों के आकर्षण, भव्यता और अनुग्रह को उजागर करने का प्रबंधन करता है और उस के गौरवशाली शासन को बताता है। चाय की चकल्लस के शोधार्थी अमित लखेरा बताते है कि 9वीं से 12वीं शताब्दी के बीच निर्मित, सबसे बड़ी संरचना में दो मंदिर हैं जो एक ऊंचे मंच पर बैठे भगवान विष्णु को समर्पित हैं। एक मंदिर में एक प्रवेश बरामदा और गर्भगृह है जबकि दूसरे में केवल मंडप है।

पूर्व मंदिर में गर्भ गृह के ऊपर एक भव्य शिखर है जो आज खाली पड़ा है। बाहरी पहलुओं में शुभ हिंदू आइकनोग्राफी, दोहराए जाने वाले रेखीय पैटर्न, एक प्रमुख सजावटी शुकनसी, प्रवेश द्वार के दोनों ओर आश्चर्यजनक नक्काशी है जिसमें देवी-देवता एक संरचित तरीके से पैनलों को सुशोभित करते हैं। चतुर्भुज विष्णु ललिता बिम्बा के मध्य में दोनों ओर आकृतियों से घिरे हुए विराजमान हैं। बुंदेलखंड इतिहास परिषद के ललितपुर क्षेत्र के सदस्य अधिवक्ता पुष्पेन्द्र सिंह चौहान बताते है कि यहां के फर्श पर कई तरह के खेलो के चित्रों के साथ रहस्यमय पहेलियां भी देखने को मिलती है,यहां के खंडहरों में शिलालेख पाए जाते हैं, भगवान हनुमान की एक सुंदर नक्काशीदार आकृति, बड़े मंदिर के दक्षिण में दो छोटे मंदिर, मंदिरों के स्तंभ, रैखिक नक्काशी के पैनल जो सूर्य की किरणों से मिलते जुलते हैं, टूटी हुई मूर्तियां, अमलका, दिलचस्प गोलाकार और चौकोर चित्र मुक्त खड़े सजावटी खंभे और हॉल, धर्मशालाओं और स्नानागार के अवशेष आज की आधुनिकता की हंसी उड़ाते हैं।कहने को यह मंदिर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) का संरक्षित स्मारक है लेकिन व्यवस्थाएं शून्य हैउत्तर प्रदेश सरकार को जनपद ललितपुर की विभिन्न स्थानों पर ऐतिहासिक पौराणिकऐसे स्थान हैं जिनके लिए सरकार का संरक्षण बहुत ही जरूरी है ।

## सार-संक्षिप्त

### ग्रैंड मास्टर डॉ. निगम को मिला गूगल बेज



**नर्मदापुरम।** गूगल मैप्स कार्यालय लन्दन (यूके) द्वारा फ्रेंकफुर्ट, जर्मनी के माध्यम से ग्लोबल फेम अवार्ड विनर ग्रैंडमास्टर डॉ. अजय निगम को गूगल बेज प्रदान किया गया। आरएस फाइन आर्ट इंडिया प्रमुख डबल वर्ल्ड रिकार्ड होल्डर डॉ. निगम को यह बेज गूगल सर्वे में सहयोग करने एवं 42 हजार से अधिक दर्शकों द्वारा अवलोकन करने पर प्रदान किया गया है।

### एन.एस.यू.आई. प्रदेश अध्यक्ष पहुंचे हरदा, किया भव्य स्वागत



**हरदा।** रविवार को हरदा के एक दिवसीय दौरे पर पधारे भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एन.एस.यू.आई.) के प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चौकसे का हरदा विधानसभा अध्यक्ष योगेश चौहान द्वारा कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं एवं अपने साथियों के साथ मिलकर जी.पी. माल पर आशुतोष चोकसे को साल-श्रीफल भेटकर पुष्पमालाओ से भव्य स्वागत किया गया। इसके पश्चात एन.एस.यू.आई. प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चौकसे के समक्ष हरदा विधानसभा अध्यक्ष योगेश चौहान के नेतृत्व में 100 से अधिक छात्र-छात्राओं द्वारा एन.एस.यू.आई. की सदस्यता ली गई। इस अवसर पर हरदा पूर्व विधायक डॉ रामकिशोर दोगने, जिला कांग्रेस अध्यक्ष ओम पटेल, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता भूपेश पटेल, संजय दुबे, जिलाध्यक्ष राहुल जयसवाल, राजेश पटेल गोयत, गगन अग्रवाल, अजय सिंह राजपूत, कृष्णा विश्नोई, प्रियेश चौहान, मोहन साई केदार सिरोही सहित समस्त कांग्रेसन उपस्थित थे।

### दो पक्षों में हुई मारपीट, आधा दर्जन महिला-पुरुष घायल



**छतरपुर।** पड़ोसी जिले टीकमगढ़ के पलेरा थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम लारौन में अहिरवार समाज के दो पक्षों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया और विवाद इतना बढ़ा कि बात मारपीट तक जा पहुंची। मारपीट की इस घटना में आधा दर्जन महिला-पुरुष घायल हुए हैं। कुछ घायलों को इलाज के लिए छतरपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जिला अस्पताल में भर्ती घायल नरेश अहिरवार और अनिल अहिरवार ने बताया कि पिछले दिनों गांव के कुछ लोगों से उनके परिवार का विवाद हो गया था जिसकी थाने में शिकायत की गई थी। इसी से नाराज चल रहे गांव के राजू अहिरवार, अरविंद अहिरवार, नंदकिशोर अहिरवार, मोहन अहिरवार, हजूर अहिवार, गोविंदास अहिवार, लुक्खा अहिवार और विद्यावती अहिवार सहित कुछ अन्य लोगों ने नरेश और अनिल के साथ-साथ उनके परिवार के हरदयाल अहिरवार, रमेश अहिरवार, सुनील अहिरवार सहेली अहिवार और सोमवती अहिवार के साथ मारपीट कर दी। घायलों के मुताबिक आरोपियों ने उन पर लाठी-डंडों तथा कुल्हाड़ी से हमला किया था। फिलहाल घायलों का छतरपुर जिला अस्पताल में इलाज किया जा रहा है।

# लापरवाही से दुर्घटना पर एक सहायक प्रबंधक और दो लाइन हेल्पर निलंबित



**स्वतंत्र समय, बैतूल।**

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा बैतूल दक्षिण संभाग अंतर्गत ग्राम उड़दन में विद्युत सुधार कार्य के दौरान लापरवाही बरतने के चलते घटित हुई घातक विद्युत दुर्घटना के कारण पाढ़र वितरण केंद्र में पदस्थ सहायक प्रबंधक पंकज सोनी, लाइन हेल्पर वामनराव कुंभारे एवं लाइन हेल्पर गणेश सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने की कार्यवाही की गई है।

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने बताया है कि कंपनी कार्यक्षेत्र के संचारण संधारण वृत्त बैतूल के दक्षिण संभाग अंतर्गत पाढ़र वितरण केंद्र में पदस्थ सहायक प्रबंधक पंकज सोनी, लाइन हेल्पर वामनराव कुंभारे एवं लाइन हेल्पर गणेश सिंह द्वारा लापरवाही बरतते हुए निर्धारित मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) का पालन नहीं किये जाने से ग्राम उड़दन में शुक्रवार को विद्युत सुधार कार्य के दौरान लाइन सहायक दम्मूलाल धुर्वे के साथ घटित हुई घातक विद्युत दुर्घटना के चलते तत्काल प्रभाव से निलंबित करने की कार्यवाही की गई है।

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक गणेश शंकर मिश्रा ने सभी मैदानी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से कहा है कि वे उपकेन्द्रों एवं लाईनों के रख-रखाव कार्य के दौरान कंपनी मुख्यालय द्वारा मेन्टीनेन्स, उपकेन्द्रों एवं लाईनों पर कार्य करने हेतु जारी निर्धारित मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) का पालन अनिवार्य रूप से करें। प्रबंध संचालक ने कहा है कि सुरक्षा मानकों एवं शट डाउन के मानकों का पालन करें तथा नियमानुसार परमिट लेकर ही मेन्टीनेन्स का काम करें। प्रबंध संचालक ने स्पष्ट किया है कि कंपनी मुख्यालय द्वारा जारी एसओपी एवं निर्देशों का पालन नहीं करने के कारण यदि विद्युत कर्मचारियों की घातक अथवा अघातक विद्युत दुर्घटना घटित होती है तो उसके लिए महाप्रबंधक से लेकर सहायक प्रबंधक स्तर तक के दोषी अधिकारी की जिम्मेदारी निर्धारित की जाएगी और लापरवाही करने वाले कार्मिकों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

## शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष का किया स्वागत

**स्वतंत्र समय, खिरकिया।**




एनएसयूआई के 53वें स्थापना दिवस पर एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चोकसे खिरकिया पधारें। इस अवसर पर शहर अध्यक्ष आशुतोष कोठारी द्वारा साल श्रीफल देकर उनका स्वागत किया। एनएसयूआई के स्थापना दिवस पर शहर अध्यक्ष कोठारी ने कहा कि एनएसयूआई संगठन राजनीती जीवन की पहली सीढ़ी है। यही से छात्र अपने जीवन में विचारधारा को आत्मसात करता है, अपने राजनीतिक जीवन को लेकर राजनीति में आता है।

जिला प्रवक्ता आकाश चंद्रवंशी ने कहा कि हम सबने अपनी राजनीति एनएसयू आई से ही शुरू की। आज तीन दशक से कांग्रेस पार्टी को विचारधारा को आत्मसात कर के यहां तक पंहुचे है। एनएसयूआई कांग्रेस पार्टी का सबसे महत्वपूर्ण संगठन है, इन छोटी बहनों को देख कर हम अभिभूत है कि इस तानाशाही के युग में इतनी बड़ी संख्या में आप यहां आई आपने कांग्रेस की विचार धारा को आत्मसात किया। प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चोकसे ने कहा कि इतनी बड़ी संख्या को देख कर मन प्रफुल्लित हो गया। आज ही के दिन 9 अप्रैल 1971 को स्व. इंदिरा गांधी ने इस संगठन की स्थापना की थी और बीते 53 सालो में इस संगठन से निकलकर कई नेता राष्टीय स्तर तक पंहुचे छात्रों के हितों की लडाई के लिए हमेशा अग्रणी रहे। इस संगठन ने कांग्रेस की विचारधारा को आगे बढ़ाया है और मैं आप सभी के हितों के लिए लड़ाई लड़ने के लिए हमेशा तत्पर हूं छात्र जीवन में किसी भी तरह की कोई भी समस्या आती है, तो आप मुझसे किसी भी समय संपर्क कर सकते है।

## थ्रेशर मशीन की चपेट में आने से किसान की मौत

**स्वतंत्र समय, चिचोली।**



चिचोली थाना क्षेत्र के अंतर्गत थ्रेसिंग के दौरान किसान की दर्दनाक मौत हो गई। दरअसल गेहूं पिराई के दौरान थ्रेशर मशीन की चपेट में आ जाने से किसान की मौत हुई है यह हादसा चिचोली थाना क्षेत्र के दूधिया गांव का है।

बताया जा रहा है कि शनिवार को रमेश पिता मागु ईवने 30 वर्ष अपने खेत में गेहूं फसल की थ्रेसिगं कर रहा था इसी दौरान अचानक उसका हाथ थ्रेसर मशीन में चला गया,हाथ के साथ ही आधे से अधिक शरीर थ्रेशर मशीन में चला गया जिसके कारण उसकी दर्दनाक मौत हो गई,थ्रेशर मशीन जाम होने के बाद इस ओर लोगों का ध्यान गया इस घटना से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा बनाकर शव का पीएम करा कर मृतक का शव परिजनों को सौंप दिया पुलिस मामले की जांच में जुटी है।मिली जानकारी के मुताबिक थ्रेशर मशीन रामकरण यादव की बताई जा रही है।

## राष्ट्रीय कला एवं काव्य मंच का सारस्वत आयोजन सम्पन्न

**स्वतंत्र समय, नर्मदापुरम ।**




राष्ट्रीय कला एवं काव्य मंच, नर्मदापुरम इकाई का विश्व स्वास्थ्य दिवस अन्तर्गत 'हास्य व्यंग के संग कविता के रंग' का सारस्वत आयोजन स्थानीय ईश्वर सभागार में सम्पन्न हुआ। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ.आर दयाल अध्यक्ष (आईएमए) विशेष अतिथि श्रीमती कीर्ति दुबे पार्षद नपा इटारसी,

विशेष अतिथि समाजसेवी महेश रावत रहे।

इस साहित्यिक कार्यक्रम की अध्यक्षता नवगीतकार साहित्यकार डॉ. विनोद निगम ने की। इस सारस्वत आयोजन का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं साहित्यिकारों द्वारा मां वीणा पाणी सरस्वती की पूजा अर्चना व दीप प्रज्जवलन से हुआ। तत्पश्चात् अतिथियों का सम्मान स्वागत शाल श्रीफल भेंटकर पुष्प मालाओं से किया गया।

इस साहित्यिक समारोह के प्रारंभ में सूत्रधार डॉ. हरिओम दीक्षित चैतन्य ने राष्ट्रीय कला एवं काव्य मंच की गतिविधियों एवं उद्देश्यों को प्रस्तुत कर कहा कि यह मंच कला एवं काव्य दोनों को प्रोत्साहित न प्रोन्नत करने का प्रयास कर रहा है।

प्रांतीय सचिव विनोद कुशवाहा ने कुशल मंच संचालन करते हुए कहा कि यह मंच विपिन जोशी की परंपरा कला एवं काव्य संस्कृति को बढ़ावा देने और उन्हें संजोने का कार्य कर रहा है। इस अवसर पर आयोजित

साहित्य गोष्ठी में मंच के अध्यक्ष गुलाब भुममरकर सरस्वती वंदना के साथ ही नर्मदांचल के कवि साहित्यकार डॉ. विनोद निगम, डॉ. हरिओम दीक्षित ÷ चैतन्य÷ डॉ.सतीश समी, राधा मैना प्रिया, स्वर्ण लता छेनिया, मनोरमा पांडे, टीआर चौलकर, राधा बल्लभ गुप्त, प्रवीण शर्मा, जगदीश डवरिया, मदन तन्हाई, एसआर धोटे, सुनील जनौरिया, विनय चौरे, कमल पटेल, अविनेश चंद्रवंशी, तरूण तिवारी, रूपेंद्र गौर, हनीफ खान ने अपनी रचनाओं, गीतों, ग़ज़लों से शमा बना दिया। उक्त कार्यक्रम में राजेश दुबे, संजय दुबे,राम आशीष पांडे, आशीष दुबे बब्लू , विनायक दीक्षित, संतोष चिचवारे, स्वप्निल छेनिया, सतेन्द्र व्यास और भारी संख्या में साहित्य प्रेमी उपस्थित रहे।

# जो भाव से बुलाते हैं, भगवान उनके घर प्रेम से जाते हैं : रामसखा जू महाराज

## कृष्ण की बाल लीलाओं की कथा से श्रोता हुए मंत्रमुग्ध



**स्वतंत्र समय, नौगांव ।**

नगर से लगे ग्राम बिलहरी में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के पांचवे दिन कथा व्यास श्री रामसखा जू महाराज ने भगवान की बाल लीलाओं का वर्णन किया गया जिसमें नंदोत्सव, कृष्ण-बलराम का नामकरण संस्कार, ऊखल बंधन, माखन चोरी लीला की कथा के साथ पूतना वध एवं आखरी में गोवर्धन पूजा की कथा श्रवण कराई तथा गिरिराज भगवान को छप्पन भोग का प्रसाद लगाया गया। वृन्दावन धाम से आये कलाकारों द्वारा छप्पन भोग के पदों का गायन कर गिरिराज जी महाराज की आरती उतारी गई। जगदंबा भवानी दुर्गा मां मंदिर बिलहरी में मिश्रा और गिरी परिवार के सहयोग से चल रही सात दिवसीय संगीतमयी भागवत कथा के दौरान वृंदावन धाम से आये कथा व्यास रामसखा जू महाराज के मुख से सभी धर्मप्रेमी बंधुओं को निरंतर पांच दिनों से कथा श्रवण कराई जा रही है। पाँचवे दिन भगवान के जन्म की कथा का विस्तार से वर्णन करते हुए बाल लीलाओं की कथा सुनाई। उन्होंने कहा कि भगवान ने उन्ही गोपी के घर का माखन चुराया जिन्हें कृष्ण से प्रेम था। भगवान प्रेम के भूखे हैं और जो प्रेम से ठाकुर जी को बुलाते है वह उनके घर पहुंचते हैं इसलिए प्रसाद को भी पदार्थ की दृष्टि से नही लेना चाहिए प्रेम रूपी ही प्रसाद ग्रहण करना चाहिए क्योंकि भगवान कृष्ण ने गोपियों के घर प्रेम रूपी माखन की चोरी की है। कथा के मुख्य यजमान सुधा-सरमन गिरी गोस्वामी हैं। रामकुमार, राजकुमार, भरत, धर्मेंद्र, शत्रुघ्न, शिवम, सत्यम मिश्रा का कथा में विशेष सहयोग है और अरुण, जितेंद्र, प्रवीण गिरी गोस्वामी परिवार द्वारा धार्मिक आयोजन कराया जा रहा है। गोवर्धन पूजा के दौरान कथा सेवक झूमते नजर आए कथा के बाद गिरिराज भगवान की आरती की गई तत्पश्चात छप्पन भोग के प्रसाद का वितरण किया गया। 11 अप्रैल को हवन पूजन के साथ कन्या भोज एवं भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

## संयुक्त दल ने भ्रमण कर कमाण्ड एरिया की नहर संचालन व्यवस्था का जायजा लिया



**स्वतंत्र समय, हरदा ।**

कलेक्टर ऋषि गर्ग के निर्देशानुसार संयुक्त कलेक्टर श्री डी. के. सिंह और कार्यपालन यंत्री सुश्री सोनम बाजपेयी ने संयुक्त रूप से हंडिया शाखा नहर संभाग टिमरनी के मूँग सिंचाई कमांड एरिया का भ्रमण किया एवं नहर संचालन व्यवस्था को देखा। कार्यपालन यंत्री सोनम वाजपेयी ने बताया कि विगत कुछ दिनों से अज्ञात लोगो द्वारा नहर के गेट पर आकर गेट डिस्टर्ब करने के प्रयास किए जा रहे थे इसलिए शाम 6 के बाद नहरों का भ्रमण किया गया। उन्होंने बताया कि मूँग सिंचाई के लिये नहरों का संचालन सुगमतापूर्वक हो रहा हैं।

विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी 24 घंटे पेट्रोलिंग कर रहे है और किसानों की समस्याओं का निराकरण कर रहे है। उन्होने बताया कि किसानों को आपसी सामंजस्य बना कर सिंचाई करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। साथ ही किसानों को लगातार विभिन्न माध्यमों से बताया जा रहा है कि आप सभी एलान एरिया मे ही मूँग सिंचाई करे, जल्दबाजी न करें, सभी को पानी उपलब्ध करवाया जाएगा।

कार्यपालन यंत्री सुश्री वाजपेयी ने बताया कि हमारा लक्ष्य 15 अप्रैल तक कमांड एरिया के किसानों का पहला पानी व पलेवा पूर्ण करने का हैं। हंडिया शाखा नहर संभाग टिमरनी के टेल एरिया के किसानों द्वारा पर्यास पानी उपलब्ध करवाने हेतु ओसराबंदी लागू करने की माँग की जा रही थी। अतः उक्त डिमांड को तर्कसंगत मानते हुए हंडिया शाखा नहर संभाग टिमरनी मे 5 अप्रैल से ओसराबंदी कार्यक्रम लागू कर दी गई है, जिससे सभी किसानों को समान रूप से पानी उपलब्ध करवाया जा रहा है एवं कमांड एरिया के किसानों से भी अपील की जा रही है कि यदि सिंचाई मे किसी भी प्रकार की समस्या आ रही हो तो वे विभाग से संपर्क कर सकते है।

## अवैध क्लीनिक संचालकों पर प्रशासन ने की कार्रवाई

# बिना डिग्री और रजिस्ट्रेशन बगैर किया जा रहा था मरीजों का इलाज

**कोई वैध दस्तावेज नहीं मिलने पर क्लीनिक को किया सील, एक्सपायर्ड दवाइयां भी मिलीं**

**स्वतंत्र समय, खिलचीपुर।**





रविवार को प्रशासन की टीम द्वारा दो अवैध क्लीनिक संचालक को पर छापे मार कार्यवाही की गई । खिलचीपुर नगर के छापीहेड़ा नाके पर स्थित अवैध क्लिनिक एक हिनोतिया क्लीनिक दुसरा श्रीकृष्णा क्लीनिक पर प्रशासन के द्वारा अनियमितता मिलने पर दोनो क्लीनिक सील कर दिए ।बताया जा रहा है कि यहा नरसिंह होम की तरहा ही मरीजो का इलाज करने के लिए क्लिनिक के अंदर 4-4 बेंचे लगी हुई थी ,ड्रिप स्टैंड, दवाइयां एवं बड़ी मात्रा में ग्लूकोज की खाली बोतलें,कुछ एक्सपायरी दवा, सहित चिकित्सा सामग्री मिली है ,तहसीलदार ने जांच करने पर मिली अनियमितताओं के बाद दोनो क्लीनिक को सील कर दिया है। दरअसल कई सालों से खिलचीपुर नगर के छापीहेड़ा रोड पर आसपास गांव कई झोलाछाप डाक्टर क्लीनिक खोलकर लोगो की जान से खिलवाड़ कर रहे है। जिसकी शिकायत मिलने पर रविवार को तहसीलदार सचिन भार्गव ने अपनी टीम के साथ हिनोतिया क्लीनिक और अन्य क्लीनिक पर पहुचकर जांच की तो वहां भी हैरान रह गए । इन क्लीनिक के अंदर नर्सिंग होम की तरह ही मरीजों का इलाज करने के लिए करीब 4 बेंच लगी हुई थी । इन बेंचो के पास ही मरीजो को ड्रिप लगाने वाली ड्रिप स्टैंड रखी थी । वही यहा बड़ी मात्रा में ग्लूकोज की खाली बोतल का ढेर लगा हुआ था । जिससे देखने ही पता चलता है कि यहा बड़ी संख्या में मरीजो को भर्ती कर उनका इलाज किया जा रहा है। यहां पर कुछ दवाइयां भी मिली है जिनमें से बहुत से दवाई तो एक्सपायर हो चुकी थी । इन अनियमितताओं को देखते हुए तहसीलदार सचिन भार्गव ने क्लीनिक संचालकों से उनकी डिग्री और क्लीनिक के रजिस्ट्रेशन को लेकर दस्तावेज मांगे लेकिन कोई वैध दस्तावेज नहीं दिखाने पर इन क्लिनिको को फिलहाल सील कर दिया है । तहसीलदार सचिन भार्गव का कहना है कि अवैध क्लीनिक को लेकर शिकायत मिलने पर आज हमने दो क्लीनिक का निरीक्षण किया था । जहा पर हमें कुछ एक्सपायरी दवाइयां मिली है। संचालको के पास कोई डिग्री और रजिस्ट्रेशन सम्बंधित कोई दस्तावेज नही था । जांच के दौरान अनियमितता मिलने के बाद फिलहाल दोनो ही क्लिनिक को सील कर दिया है ।आगे की जो भी वैधानिक कार्रवाई होगी वो की जाएगी ।


**कार्यालय नगर पालिक निगम भोपाल**

150 YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA

यांत्रिक विभाग (मुख्यालय) गोविंदपुरा (बी.एच.ई.एल.)

निविदा आमंत्रण घोषणा-पत्र

क्र. /यां. वि. /2023 भोपाल, दिनांक .04.2023

निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु दो लिफाफा पद्धति के अनुसार म.प्र. लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीकृत व्यवस्था के अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदार परसेन्टेज मोहर बंद निविदायें निर्धारित प्रपत्र पर आनलाईन आमंत्रित की जाती है।

| S. no. | Tender ID | Name of work | Probable Amount of Contract (Rs.in lakh) | Earnest Money Deposit (EMD) (In Rs) | Cost of Bid Document (In Rs) | Period of Completion (in months) | SOR |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2023_UAD_265924_1 | CONSTRUCTION OF C.C. ROAD AT BANGANGA, RAMA NAGAR AND OTHER PLACES OF WARD 25 ZONE 21 | 1652522/- | 12394/- | 2000/- | 02 months | MPUADD ISSR2021 |
| 2 | 2023_UAD_265914_1 | CONSTRUCTION OF CC ROAD AT VARIOUS LANES OF RAMANAGAR JHUGGIBASTI AND OTHER NEAR PLACES WARD 25 ZONE 21 | 13,63,593/- | 10,227/- | 2000/- | 02 months | MPUADD ISSR2021 |

1. Interested bidders can view the NIT on website https://www.mptenders.gov.in/
2. The Bid Document can be purchased only online from 10:30A.M. (time) 07.04.2023 (date) to 17:30 P.M. (time) 08.05.2023 (date).
3. Amendments to NIT. if any. would be published on website https://www.mptenders.gov.in/ only, and not in newspaper.
4. The initial period of 05(FIVE) year after completion shall be treated as Defect Liability Period (DLP).

नि. क्र. 25/023/024

Executive Engineer
MUNICIPAL CORPORATION BHOPAL
District BHOPAL

# उबर सीईओ को भी करना पड़ा कैब ड्राइवर का काम

**नई दिल्ली।** कैब एग्रीगेटर कंपनी उबर के सीईओ दारा खोसरोशाही की गिनती कॉरपोरेट की दुनिया के टॉप एक्सीक्यूटिव्स में होती है। कंपनी की छवि खराब होने और निवेशकों के साथ संबंधों में खटास आने के बाद उन्हें जिम्मेदारी सौंपी गई थी, और खोसरोशाही कंपनी को वापस पटरी पर लाने में सफल भी हुए। हालांकि इसके लिए उन्हें लीक से हटकर कई काम करने पड़े। एक बार तो वे अपनी ही कंपनी में बतौर ड्राइवर काम करने लग गए थे और रोजाना कैब चलाने लगे थे।



दरअसल उबर ने अपने परिचालन को बेहतर बनाने के लिए पिछले साल प्रोजेक्ट बूमरैंग की शुरुआत की। इसके तहत खुद उबर सीईओ दारा खोसरोशाही एक कैब ड्राइवर के रूप में काम करने लगे। वे देव के कोड नाम से सान फ्रांसिस्को में एक सेकेंड हैंड टेस्ला मॉडल वाई चला रहे थे। इस दौरान उन्होंने न सिर्फ व्यस्त घंटों में सान फ्रांसिस्को की सड़कों पर भारी ट्रैफिक का सामना किया, बल्कि यात्रियों की नाराजगियों और कड़वी टिप्पणियों से भी उन्हें जूझना पड़ा।

खोसरोशाही ने हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में इस राज का खुलासा खुद ही किया। अपनी ही कंपनी में कैब ड्राइवर के रूप में मूनलाइटिंग करने के अनुभव को लेकर उबर सीईओ ने बताया कि कुल मिलाकर एक इंडस्ट्री के स्तर पर देखें तो लोग कैब ड्राइवर्स को कहीं न कहीं फोर ग्रांटेड लेते हैं। उन्होंने इस दौरान जाना कि कैब ड्राइवर्स की शिकायतें बेबुनियाद नहीं हैं, बल्कि जायज हैं।

### यात्रियों का खराब व्यवहार

खोसरोशाही ने बताया कि कैब ड्राइवर का काम करते हुए उन्होंने ड्राइवर के रूप में साइन अप करने से लेकर ट्रिप को रिजेक्ट करने पर एप के द्वारा पैसे काटे जाने तक जैसी समस्याओं का सामना किया। इस दौरान उन्हें कई बार यात्रियों के खराब व्यवहार का भी सामना करना पड़ गया। एक बार तो ड्राइवर के रूप में काम करने के दौरान ही उन्हें कंपनी के चीफ लीगल ऑफिसर का बार-बार फोन आने लगा और वे लगातार फोन काटने पर मजबूर होते रहे।

### खोसरोशाही को इन बातों का श्रेय

आपको बता दें कि कैब एग्रीगेटर कंपनी उबर ने विभिन्न समस्याओं में घिरने के बाद एक्सपीडिया इंक के दारा खोसरोशाही को साल 2017 में सीईओ नियुक्त किया था। दारा खोसरोशाही को कंपनी की छवि दुरुस्त करने, निवेशकों के साथ संबंध ठीक करने और कंपनी की वित्तीय स्थिति को पटरी पर लाने का श्रेय दिया जाता है। प्रोजेक्ट बूमरैंग भी उबर के परिचालन को बेहतर बनाने के दारा खोसरोशाही के प्रयासों का हिस्सा था, जिसके काफी बेहतर परिणाम सामने आए।

# इस हफ्ते कैसी रहेगी शेयर बाजार की चाल?

**मुंबई।** औद्योगिक उत्पादन और मुद्रास्फीति के आंकड़े, सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियों के तिमाही नतीजे और वैश्विक रुख से इस कम कारोबारी सत्रों वाले सप्ताह में शेयर बाजारों की दिशा तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। इसके अलावा विदेशी कोषों की गतिविधियां, रुपये का उतार-चढ़ाव और कच्चे तेल के दाम भी बाजार की दिशा के लिए महत्वपूर्ण होंगे। इस सप्ताह आईटी क्षेत्र की दिग्गज कंपनियों टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और इन्फोसिस के तिमाही नतीजे आने हैं। दुनियाभर में मंदी को लेकर चिंता के बीच बाजार की निगाह प्रबंधन की टिप्पणियों पर रहेगी। अमेरिकी के मुद्रास्फीति और गैर-कृषि रोजगार के आंकड़े भी बाजार के लिए महत्वपूर्ण होंगे। स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट लिमिटेड के शोध प्रमुख संतोष मीणा ने कहा कि विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के रुख के अलावा कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव, डॉलर सूचकांक और अमेरिकी में बॉन्ड प्रतिफल से बाजार की दिशा तय होगी। टीसीएस का तिमाही नतीजा बुधवार को और इन्फोसिस का गुरुवार को आएगा।

रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के उपाध्यक्ष-तकनीकी शोध अजित मिश्रा ने कहा कि वैश्विक मोर्चे पर स्थिरता की वजह से दबाव कुछ कम हुआ है। अब सभी की निगाह तिमाही नतीजों पर होगी।

### एफपीआई का निवेश सकारात्मक

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) की बैठक के ब्योरे की घोषणा इस सप्ताह की जानी है, जिसका वैश्विक बाजार पर असर देखने को मिल सकता है।

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वीके विजयकुमार ने कहा कि एफपीआई का निवेश सकारात्मक है। एफपीआई पिछले छह कारोबारी सत्रों में 4,738 करोड़ रुपये का निवेश कर चुके हैं।

विजयकुमार ने कहा कि डॉलर सूचकांक में गिरावट और बॉन्ड प्रतिफल घटने की वजह से एफपीआई के रुख में यह बदलाव आया है। इसके अलावा हाल के दिनों में रुपया भी मजबूत हुआ है। बीते सप्ताह चार अप्रैल को महावीर जयंती और सात अप्रैल को गुड फ्राइडे के मौके पर बाजार बंद रहे थे। सप्ताह के दौरान बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 841.45 अंक या 1.42 प्रतिशत के लाभ में रहा।

वृहद आर्थिक मोर्चे पर फरवरी का औद्योगिक उत्पादन और मार्च का मुद्रास्फीति का आंकड़ा बुधवार को आएगा। मार्च का थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति का आंकड़ा शुक्रवार को जारी होगा।

# 6 फीसदी के नीचे आ सकती है खुदरा महंगाई



**नई दिल्ली।** खाने-पीने की वस्तुओं के दाम घटने से मार्च, 2023 में खुदरा महंगाई 6 फीसदी से कम रह सकती है। खुदरा कीमतों पर आधारित (सीपीआई) महंगाई पिछले दो महीने से लगातार आरबीआई के 6 फीसदी से संतोषजनक दायरे से ऊपर रही है। रॉयटर्स की ओर कराए गए सर्वे में अर्थशास्त्रियों ने कहा कि खुदरा महंगाई में लगभग आधी हिस्सेदारी रखने वाले खाद्य वस्तुओं की महंगाई में सब्जियों के दाम घटने के कारण सुधार होने की उम्मीद है। हालांकि, अनाज की कीमतों में बढ़ोतरी से खुदरा महंगाई में कमी थोड़ी सीमित रह सकती है। इसके बावजूद सीपीआई महंगाई 5.80 फीसदी रह सकती है। सरकार मार्च के लिए खुदरा महंगाई के आंकड़े 12 अप्रैल, 2023 को जारी कर सकती है। इससे पहले फरवरी, 2023 में खुदरा महंगाई 6.44 फीसदी और जनवरी में 6.52 फीसदी रही थी। 39 अर्थशास्त्रियों के बीच कराए गए सर्वे में कहा गया है कि मार्च में खुदरा महंगाई 5.40 से 6.40 फीसदी के दायरे में रह सकती है।? वहीं, 25 फीसदी अर्थशास्त्रियों का मानना है कि इस बार भी सीपीआई महंगाई आरबीआई के संतोषजनक दायरे से बाहर रह सकती है। पिछले साल जनवरी से लेकर अक्तूबर तक यानी लगातार 10 महीने तक खुदरा महंगाई केंद्रीय बैंक के ऊपरी दायरे 6 फीसदी से अधिक रही थी।

# दाम 30% बढ़े, फिर भी चार गुना बढ़ी खजूर की बिक्री

**नई दिल्ली।** ऐसा बहुत ही कम होता है कि किसी चीज के दाम बढ़ जाए तो बिक्री भी बढ़ जाए। लेकिन खजूर के साथ ऐसा ही हुआ है। इस समय खजूर के भाव में 25 से 30 फीसदी तक का इजाफा हुआ है। तब भी इसकी मांग में चार गुना की बढ़ोतरी हो गई है। इसका कारण माह-ए-रमजान है। हर साल की तरह इस साल भी रमजान में खजूर की जबरदस्त डिमांड है। इस समय होलसेल मार्केट में 55 रुपये किलो से लेकर 1000-1200 रुपये किलो तक के दाम में खजूर मिल रहे हैं।

मीडियम रेट में इसकी अच्छी क्वालिटी मिल जाती है, इसलिए लोग इसे लेना ज्यादा पसंद करते हैं। इस समय देश में कोरोना के केस भी बढ़ रहे हैं, लेकिन इससे खजूर के कारोबार पर कोई बुरा असर नहीं पड़ता। कोरोना आने के बाद से ज्यादा लोगों ने खजूर खाना शुरू किया है। इससे इम्युनिटी स्ट्रॉन्ग होती है, इसलिए लोग इसे जमकर खरीदते हैं। कोरोना की पीक लहर में भी खजूर का अच्छा कारोबार हुआ था। अभी इरान का कीमिया या शाहनी खजूर, साउदी अरब के सफावी (कलमी), मरियम, मवरूम, अजवा, फरत, जॉर्डन के मैटजॉल खजूर खूब बिक रहे हैं।



### इस समय ये हैं दाम

- इरान का कीमिया खजूर 140-200 रुपये
- इरानी या शाहनी 55-65 रुपये
- इराक का खजूर 60-90 रुपये
- साउदी अरब का सफावी (कलमी) 500-560
- मरियम - 190 -220 रुपये
- मवरूम - 800-870 रुपये
- अजवा - 850 -900 सबसे महंगी
- फरत - 270 किलो
- जॉर्डन का मैटजॉल खजूर - 850

### 50-60 तरह के खजूर

बाजार में 50-60 तरह के खजूर मौजूद हैं। इनमें भी सबसे ज्यादा कीमिया खजूर बिकते हैं, जिन्हें गुलाब जामुन भी कहा जाता है। रिटेल मार्केट में खजूर के रेट 220 रुपये किलो से शुरू होकर 2 हजार रुपये प्रति किलो तक हैं। रमजान में खजूर की बिक्री बढ़ती ही है, क्योंकि ज्यादातर लोग खजूर से ही रोजा खोलते हैं। रमजान के शुरुआती 15 दिनों तक खजूर खूब बिकते हैं।



## दुबई से जुड़े बुकियों के तार

# आईपीएल में जमकर हो रही सट्टेबाजी

**नई दिल्ली।** आईपीएल मनोरंजन का कम और अवैध तरीके से पैसे कमाने का धंधा ज्यादा बन गया है। इंडियन प्रीमियर लीग 2023 में दिल्ली कैपिटल्स और गुजारात टाइटंस के चलते मैच के दौरान अरुण जेटली स्टेडियम में 4 अप्रैल को सट्टेबाजी करवा रहे 25 बुकियों के तार दुबई में बैठे सरगनाओं से जुड़े पाए गए हैं। सेंट्रल जिला पुलिस की शुरुआती जांच में यह खुलासा हुआ है। पुलिस अफसरों ने दावा किया है कि दुबई में बैठे सौरव उर्फ महादेव रेड्डी और मयूर विहार इसके मास्टरमाइंड हैं। ऑनलाइन सट्टेबाजी की इन दोनों मास्टरमाइंड ने देश भर में 500 से ज्यादा ब्रांच खोल रखी है, जिनके जरिए छोटे सटोरी ऑनलाइन सट्टा खेलते हैं।



पुलिस ने बताया कि सट्टेबाजी रैकेट का एक तार नागपुर से भी जुड़ा है। महाराष्ट्र के नागपुर निवासी वेदप्रकाश को भी 25 बुकियों के साथ 4 अप्रैल को स्टेडियम के भीतर से पकड़ा गया था। पूछताछ में बताया कि केके नागपुर नाम का एक शख्स है, जो नागपुर से ऑनलाइन सट्टेबाजी ऑपरेट करता है। पुलिस इस रैकेट के जरिये पता लगा रही है कि सट्टेबाजी के इस रैकेट में क्रिकेट प्रशासन से जुड़े लोग या क्रिकेटर तो सीधे तौर पर शामिल नहीं है। पुलिस ने बताया कि दुबई में से चलने वाले सट्टेबाजी के रैकेट से जुड़े बुकियों के तार 15 जून 2021 में ईस्ट जिला पुलिस के आईपी एक्सटेंशन से पकडे गए बुकी संजीव राठौर से भी जुड़े मिले हैं।

### ऐसे चलता था खेल

सट्टेबाजी का यह खेल स्काई, आइस गोल्ड और डायमंड जैसे कई ऑनलाइन बेटिंग एप से ऑपरेट किया। बुकी संजीव राठौर भारी कमिशन लेकर आईडी और पासवर्ड देता था। पुलिस सूत्रों ने बताया कि गैंगस्टर हाशिम बाबा का पार्टनर राशिद केबलवाला, आईपीएल 2013 के स्पॉट फिक्सिंग कांड में अरेस्ट हुआ बुकी नितिन जैन उर्फ सुसु जैन और 2008 में लूट का आरोपी ज्योति नगर थाने का बर्खास्त सिपाही आशीष कालू दुबई से ऑनलाइन सट्टा ऑपरेट कर रहे हैं।

# लखनऊ और आरसीबी की एक सी कहानी



**बेंगलुरु।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) की टीम इंडियन प्रीमियर लीग में सोमवार को बेंगलुरु में जब लखनऊ सुपरजाइंट्स के खिलाफ उतरेगी तो उसे बल्लेबाजों से अधिक रन और डेथ ओवरों में गेंदबाजों से अधिक अनुशासन की उम्मीद होगी। आरसीबी की टीम पिछले मैच में कोलकाता नाइटराइडर्स के खिलाफ 81 रन की करारी हार के बाद इस मुकाबले में उतर रही है और उसकी नजरें जीत की राह पर लौटने पर टिकी होंगी। अभी टूर्नामेंट अपने शुरुआती चरण में है, लेकिन आसीबी के लिए डेथ ओवरों की गेंदबाजी चिंता का सबब बन गई है। नाइटराइडर्स के खिलाफ आरसीबी ने 12वें ओवर में विरोधी टीम का स्कोर पांच विकेट पर 89 रन कर दिया था, लेकिन इसके बावजूद नितीश राणा की अगुआई वाली टीम सात विकेट पर 204 रन का बड़ा स्कोर खड़ा करने में सफल रही। मुंबई इंडियंस के खिलाफ भी आरसीबी ने अंतिम पांच ओवर में 13 रन प्रति ओवर से अधिक रन दर से रन दिए। नई गेंद से प्रभावित करने वाले मोहम्मद सिराज और डेथ ओवरों के विशेषज्ञ हर्षल पटेल ने अंतिम ओवरों में काफी रन लुटाए है।राष्ट्रीय टीम के साथ जुड़े हुए वानिंदु हसरंगा और एड़ी की चोट से उबर रहे जोश हेजलवुड की गैरमौजूदगी ने आरसीबी की समस्या बढ़ा दी है।

# जोश-जोश में ज्यादा बोल गए तुषार देशपांडे

**मुंबई।** चार बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में शनिवार को अपने चिर प्रतिद्वंद्वी मुंबई इंडियंस को सात विकेट से हराया। मुंबई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ विकेट पर 157 रन बनाए। पांच बार की चैंपियंस मुंबई को इस स्कोर में समेटने में तेज गेंदबाज तुषार देशपांडे की अहम भूमिका रही। चेन्नई के इस पेसर ने रोहित शर्मा और टिम डेविड जैसे बड़े विकेट लिए। मगर मैच के बाद उन्होंने अजीबोगरीब बयान देकर क्रिकेट फैंस के बीच नई बहस छेड़ दी। रोहित शर्मा को चौथे ओवर में क्लीन बोल्ड करने वाले तुषार देशपांडे ने कहै कि रोहित शर्मा का विकेट लेना आसान है, वे विराट कोहली या एबी डिविलियर्स की तरह नहीं हैं।

# डेविड वार्नर पर भड़के वीरेंद्र सहवाग

**नई दिल्ली।** टीम इंडिया के पूर्व ओपनर वीरेंद्र सहवाग और लिटिल मास्टर सुनील गावस्कर दोनों ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान डेविड वार्नर की धीमी बल्लेबाजी की आलोचना की। 200 रन का टारगेट पीछे करते हुए दिल्ली को 57 रन से हार का सामना करना पड़ा। दिल्ली की टीम लगातार दूसरा मैच हारी वार्नर ने भले ही 65 रन बनाए हों, लेकिन इसके लिए उन्होंने 55 गेंद ली। उन्होंने पिछले दो मैचों में भी काफी धीमी बल्लेबाजी की है।



वीरेंद्र सहवाग और सुनील गावस्कर ने धीमी बल्लेबाजी के लिए डेविड वार्नर पर निशाना साधा। सहवाग ने कहा कि अगर वे यशस्वी जयसवाल की तरह 25 गेंद पर 50 रन नहीं बना सकते तो उन्हें आईपीएल नहीं आना चाहिए। वीरेंद्र सहवाग ने कहा कि मुझे लगता है कि अब समय आ गया है कि हम उन्हें अंग्रेजी में बताएं ताकि वार्नर इसे सुनें और आहत महसूस करें। डेविड, अगर आप सुन रहे हैं, तो कृपया अच्छा प्रदर्शन करें। 25 गेंदों में 50 रन बनाएं। जायसवाल से सीखें, उन्होंने 25 गेंदों में अपना अर्धशतक लगाया। अगर आप ऐसा नहीं कर सकते तो आईपीएल खेलने के लिए मत आइए। डेविड वॉर्नर 55-60 रन बनाने के बजाय 30 रन पर आउट हो जाते तो टीम के लिए बेहतर होता। रोवमैन पॉवेल और इशान पोरेल जैसे खिलाड़ी बहुत पहले आ सकते थे और शायद कुछ कर सकते थे। उन खिलाड़ियों के लिए गेंद नहीं बची थी और वे टीम में बिग हिटर हैं।

### ... लेकिन आप कप्तान हैं डेविड वार्नर अगर दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान नहीं होते तो रिटायर्ड हर्ट होते

सुनील गावस्कर ने कहा कि अगर आप 8 गेंद पर 8 रन बनाकर आउट हो जाते हैं, तो कहा जा सकता है कि ठीक है वे लय नहीं पा सके। लेकिन आप कप्तान हैं, आपके पास वह अनुभव है। उन्होंने दिखाया कि वेआईपीएल में सबसे तेज 6000 रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं इसलिए आप उनसे ऐसी पारियों की कल्पना नहीं करते। डेविड वार्नर अगर दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान नहीं होते तो रिटायर्ड हर्ट होते। अगर यह कोई युवा भारतीय खिलाड़ी होता तो वह टूर्नमेंट में आगे नहीं खेलता। यह उसका आखिरी मैच होता। वार्नर को इस हार की जिम्मेदारी लेनी होगी।

## सार-संक्षिप्त

### अंतर की परिक्रमा अधिक जरूरी : स्मरण चैतन्य



**नर्मदापुरम।** नर्मदा परिक्रमा से अधिक जरूरी अंतर की परिक्रमा है। खुद को समझना और अपने माता-पिता की सेवा करना अधिक सार्थक है। यह बात मणिपुर निवासी संन्यासी स्वामी स्मरण चैतन्य ने रविवार को चर्चा के दौरान कही। वे उच्च शिक्षित हैं और नर्मदा परिक्रमा कर चुके हैं। वर्तमान में वे हरदा जिले में नर्मदा के तट पर साधनारत हैं। दो दिन पूर्व स्थानीय दत्त मंदिर में आए स्मरण चैतन्य ने चर्चा के दौरान समेरिटंस ग्रुप आफ स्कूल्स के डायरेक्टर डॉ. आशुतोष शर्मा से कहा कि यह संसार ही मिथ्या है। जन्म से पहले भी हम नहीं थे और मृत्यु के बाद भी हम नहीं होंगे। यही बात हमें समझनी होगी कि जो हमारे अंदर है वह कौन है? जीवन की पूरी यात्रा ही यही है। उन्होंने कहा कि परिक्रमा कई प्रकार से लोग करते हैं। सबका अपना-अपना अनुभव होता है। यदि मां का साक्षात्कार हुआ है तो उसका प्रचार करने की किसी को क्या आवश्यकता है? स्वामी विद्यार्थियों के बीच जाकर व्याख्यान भी देते हैं। उन्होंने बताया कि अभी तो वे कल मणिपुर जा रहे हैं। अगली बार जरूर स्कूल आकर बच्चों से बात करेंगे।

### परिवहन विभाग के दल ने कार्रवाई कर 4 वाहनों से 1 लाख रुपए वसूले




**हरदा।** परिवहन विभाग के दल ने रविवार को ओवरलोडिंग व बॉडी एक्सेस वाहनों के विरूद्ध कार्यवाही की। जिला परिवहन अधिकारी सुश्री निशा चौहान ने बताया कि निरीक्षण के दौरान 4 ओवरलोडेड वाहनों से कुल 1 लाख 5 हजार रूपये जुर्माना वसूला गया। उन्होने बताया कि वाहन क्रमांक एमपी 09 एचजे 6699 पर 29 हजार रूपये, वाहन क्रमांक एमपी 28 एच 1828 पर 21 हजार रूपये, वाहन क्रमांक एमपी 28 एच 1829 पर 28 हजार रूपये तथा वाहन क्रमांक एमपी 28 एच 1829 पर 27 हजार रूपये जुर्माना लगाया गया।

### विनोद गावंडे ने दिया अपने पद से इस्तीफा



**पांढुर्णा।** नगर कांग्रेस कमेटी मारूड़ प्रवक्ता विनोद गावंडे ने अपने पद से इस्तीफा देकर प्रेस विज्ञप्ति जारी की है। जिसमे बताया की श्री गावंडे द्वारा कांग्रेस संगठन के विभिन्न पदों पर जिम्मेदारी से पिछले कई वर्षो से कार्य किया। जिनमें नगर कांग्रेस कमेटी मारूड पार्टी प्रवक्ता, एनएसयूआई ब्लॉक कार्यवाह अध्यक्ष, कांग्रेस पिछडा वर्ग ब्लॉक अध्यक्ष, बूथ समन्वयक मारुड, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ग्रामीण मीडिया प्रभारी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी प्रचार मंत्री जैसे पदों पर कार्य किया एवं पंचायत चुनाव में जनपद पंचायत क्षेत्र क्र. 14 से कांग्रेस के जनपद सदस्य पद पर प्रत्याशी रहे। कांग्रेस के सभी पदों से जो वर्तमान में निर्वहन करते आ रहे उन सभी पदों से आज पद मुक्त होने की बात की। उन्होंने कहा कि मा कमलनाथजी एवं नकुलनाथजी की विचारधारा से पक्ष का हमेशा सहयोग करते रहेंगे। कांग्रेसी विचारधारा हमेशा रहेंगी। गावंडे ने बताया कि मा कमलनाथजी की 12 दिसंबर 2017 में हुई ग्राम घुड़नखापा मारुड की सभा में मा कमलनाथजी को कांग्रेस कमेटी के संगठन का स्ट्रक्चर दिया था एवं उसके पहले ग्राम में बिना किसी संगठन की सूचना एवं निर्देश के ग्राम में नगर कमेटी का गठन किया गया था।

### महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती 11 अप्रैल को

**पांढुर्णा।** नगर के तीन शेर चौक बाबा साहब आंबेडकर प्रतिमा के पास 11 अप्रैल को बहुजन समाज पार्टी के तत्वधान में सामाजिक क्रांति के पितामह एवं शिक्षा के जनक राष्ट्रपिता महात्मा ज्योतिबा फुले की 196 वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई जायेंगी। इस अवसर पर सभा एवं विचार संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन मुख्य अतिथियों की उपस्थिति में किया जायेगा। दिनेश शेंडे विधानसभा प्रभारी बीएसपी ने बताया की मुख्य अतिथि के रूप में ज्ञानेश्वर गजभिये जोन प्रभारी बीएसपी प्रदेश, अधिवक्ता सीताराम कटारे जिला प्रभारी, राजवती उईके जिला प्रभारी, एमके डेहरिया जिलाध्यक्ष बीएसपी के अलावा अन्य अतिथि की मौजूदगी में संपन्न होंगा।

### जिला बाढ़ आपदा प्रबंधन एवं नियंत्रण समिति की बैठक संपन्न

# कलेक्टर ने दिए वर्षा पूर्व आवश्यक तैयारियों के निर्देश

**स्वतंत्र समय, नर्मदापुरम ।**



जिला बाढ़ आपदा प्रबंधन और नियंत्रण समिति की बैठक शनिवार को कलेक्टरेट में संपन्न हुई। जिसमें कलेक्टर नीरज कुमार सिंह व पुलिस अधीक्षक डॉ. गुरुकरन सिंह के साथ अन्य विभागीय अधिकारी शामिल हुए। कलेक्टर श्री सिंह ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को वर्षा पूर्व की सभी आवश्यक तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ एसएस रावत, अपर कलेक्टर मनोज ठाकुर सहित सभी एसडीएम, तहसीलदार, एसपीएम, सीपी इटारसी, रेलवे, जल संसाधन, लोकनिर्माण विभाग, नगर पालिका, होमगार्ड सहित विभिन्न विभागों के प्रमुख अधिकारी मौजूद रहे।

कलेक्टर श्री सिंह ने बैठक में निर्देश दिए कि रामलीला मैदान के पास स्थित लेंडिया नाले के पास जल भराव की स्थिति को ध्यान में रखते हुए सेठानी घाट के खतरे के निशान 964 फीट की जगह 954 फीट पर पानी पहुंने पर बाहर फेकने की तैयारी कर लें। बनाएं गए सिस्टम की मॉकड्रिल करके देखे। विगत वर्षों में जो रेत का जमाव हुआ है उसका भी आकलन कर लें।

कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि तवा, बारना, बरगी बांधों से पानी छोड़े जाने पर नर्मदापुरम सेठानी घाट तक पानी आने की स्थिति का सही तरह से आकलन कर लें। यह देखा गया है कि निधारित समय से पूर्व पानी आ रहा है। सही तरह से निर्धारण कर लें। सर्किट हाउस के पास की पिचिंग की मरम्मत के कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए जल संसाधन विभाग को दिए।

जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री श्री जैन ने बताया कि पिचिन के लिए टेंडर की प्रक्रिया की जा रही हैं। प्रयास किए जा रहे हैं कि बरसात से पूर्व मरम्मत के कार्य पूर्ण किए जा सकें। तवा डेम की स्थिति भी ठीक है लीकेज और सीपेज जैसी स्थिति नहीं है। सतत मानिटरिंग की जा रही है। कलेक्टर ने नगर पालिका को शीघ्र सेंड बेग और सीमेंट बेग की वैकल्पिक व्यवस्था भी किए जाने के निर्देश दिए।

बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में वर्षा पूर्व दवा के भंडारण की व्यवस्था करने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग को दिए। उन्होंने कहा कि ऐसे क्षेत्र जहां पर जल भराव की स्थिति निर्मित होती हैं उन्हें चिन्हित कर लें। नपा की और स्वास्थ्य विभाग की टीम नियोजित की जाए। राहत पुनर्वास के स्थान पूर्व से तय कर लिए जाएं। उन्होंने कहा कि अभियान के रूप में वर्षा पूर्व नाले और नालियों की सफाई सुनिश्चित की जाए। अवैध निमार्ण पर अंकुश लगाया जाए। जिससे जल भराव की स्थिति नहीं बन सके। आंगनवाड़ी केंद्रों एवं स्वास्थ्य केंद्रों में दवाईयों का अग्रिम भंडारण किया जाए

कलेक्टर ने ऐसे क्षेत्रों में राशन का भी अग्रिम भंडारण करने के निर्देश खाद्य विभाग को दिए गए। होमगार्ड विभग को पर्याप्त नाव की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। जिला कमांडडेंट ने बताया कि 21 मोटर बोट की उपलब्धता है। आवश्यक उपकरण की व्यवस्था की जा रही है। आरटीओ, लोकनिर्माण विभाग, एमपीआरडीसी के ठेकेदारों के पास की क्रेन, जेसीबी मशीनों की जानकारी संधारित करने के लिए निर्देश दिए गए। जिससे आवश्यकता पड़ने पर निर्धारित स्थनों पर पहुंचाई जा सके। उन्होंने बारिश के दौरान मवेशियों के संक्रमण नियंत्रण संबंधी तैयारियां रखने के निर्देश दिए। सभी एसडीएम से उनके अनुविभाग में बाढ़ आपदा नियंत्रण का मास्टर प्लान बनाने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के लोगों को समझाइश देने, सड़क निर्माण विभाग के अधिकारियों को पुल पुलियाओं की स्थिति का आकलन करने तथा निर्धारित क्षमता के वाहन निकलने व साइन बोर्ड लगाने के निर्देश दिए।

## सीएमसीएलडीपी छात्रों को सिखाई नेतृत्व कला

### जिले में लाड़ली बहना योजना के प्रचार-प्रसार की बनाई रणनीति

**स्वतंत्र समय, नर्मदापुरम ।**




मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड नर्मदापुरम द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम की कक्षा में सीएमसीएलडीपी के छात्रों को समाजसेवी एवं स्कॉलर डॉ. मयंक तोमर द्वारा स्थानीय नर्मदा महाविद्यालय नर्मदापुरम में नेतृत्व कला के गुण सिखाए डॉ. तोमर द्वारा अपने लेक्चर में अनुशासन, संकल्प, समर्पण एवं समय प्रबंधन पर उपस्थित छात्रों से चर्चा की तथा उक्त विषय की पूर्व तैयारी कर ही समाज कार्य करने में भूमिका कैसे निभाई जाती है पर छात्रों को उद्बोधन दिया गया।

इनके पश्चात महात्मा गांधी इंटरनेशनल विश्व विद्यालय वर्धा महाराष्ट्र में रिसर्च कर रहे नर्मदापुरम के सामाजिक कार्यकर्ता रत्नेश साहू द्वारा समाज कार्य में सफलता किस तरह प्राप्त की जाए एवं सामाजिक कार्य में आने वाली समस्याओं पर छात्रों को मार्गदर्शन प्रदान किया।

इस अवसर पर जिला समन्वयक जन अभियान परिषद् राजेश सिसोदिया द्वारा मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा चलाई जा रही लाड़ली बहना योजना के प्रचार प्रसार में छात्रों की भूमिका बनाई गई। जिसमें मुख्य रूप से दीवार लेखन, घर घर पीले चावल देकर हितग्रहियों को आमंत्रित करना व आवश्यक दस्तावेज की जानकारी देकर योजना के सफल क्रियान्वयन में परिषद के सामाजिक कार्यकर्ता की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर मेंटर्स नेहा तिवारी, राजेश गौर, अरूण राणा एवं नीरज चतुर्वेदी द्वारा भी छात्रों को मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

## भागवत कथा पितरों को ही नहीं आहूत एवं वासुकों को भी तारती है : आचार्य पुष्कर परसाई

**स्वतंत्र समय, नर्मदापुरम ।**




अधिवक्ता स्व. कृष्ण कुमार पटेल की पुण्यस्मृति में डोलरिया के ग्राम बाइखेड़ी में आयोजित श्री मद्भागवत कथा के द्वितीय दिवस के अवसर पर आचार्य पुष्कर परसाई ने कहा कि पितरों के कल्याण के लिए श्रीमद् भागवत सर्वश्रेष्ठ साधन है मन को चंचलता से मुक्त करने के लिए श्रीमद् भागवत सर्वश्रेष्ठ साधन हैं भागवत कथा पितरों को ही नहीं आहूत एवं वासुको को भी तारती है भागवत कोई मरने के बाद भी प्रेत शरीर में सुन ले तो भी उसका कल्याण हो जाता है।

श्रीमद् भागवत वेदव्यास जी की अंतिम कृति है। भागवत के बाद वेदव्यास जी ने अन्य किसी ग्रंथ की रचना नहीं की। भागवत में भक्ति ज्ञान वैराग्य का विशद विवेचन है वेद के सूत्रों की व्याख्या है भागवत में महाभारत का भी वर्णन है महाभारत का वर्णन करते हुए आचार्य पुष्कर परसाई ने कहा कि वर्तमान समय में समाज में विधर्मी द्वारा अफवाह फैला दी गई है कि महाभारत घर में नहीं रखना चाहिए यह बिल्कुल गलत है। महाभारत हमारा इतिहास है हमारी संस्कृति है महाभारत एक लाख श्लोको का हमारा विशाल ग्रंथ है इतिहास को जानना है हमारी संस्कृति को समझना हो तो घरों में महाभारत अवश्य रखना चाहिए।

आचार्य श्री ने कथा का विस्तार करते हुए भागवत के अंतर्गत महाभारत के प्रसंगों की सुन्दर व्याख्या की। उन्होंने कहा कि कुछ धर्म विरोधी ताकतों ने धर्म को कमजोर करने के लिए यह भ्रम फैला रखा है कि महाभारत घर में रखने से घर में कलह होती है जबकि वस्तुतः ऐसा नहीं है क्योंकि महाभारत में श्रीमद्भगवत गीता, भीष्म स्तुति, विष्णु सहस्त्रनाम आदि स्तोत्र महाभारत में ही आते हैं इस ग्रंथ के रचयिता वेदव्यास जी ने अपने इस अनुपम ग्रंथ में वेदों, वेदांगों और उपनिषदों के रहस्योद्घटित किये गये हैं। कथा का समय दोपहर 1.30 से 4.30 बजे तक है कथा में वरिष्ठ अधिवक्ता एसएस पटेल, केके थापक, मनोज जराठे सहित नर्मदापुरम अधिवक्ता संघ उपस्थित रहा। आयोजक कुमार साहब पटेल ने सभी भक्तों से अधिक से अधिक संख्या में पधारने का आग्रह किया।

### गर्मी में पक्षियों के पेयजल के लिए लगाए जा रहे जलपात्र

**खिरकिया।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरदा, प्रधान एवं सत्र न्यायाधीश पी. सी. गुप्ता के आदेशानुसार एवं सचिव प्रदीप राठौर के निर्देशानुसार एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी अर्पणा लोधी के मार्गदर्शन में पक्षियों को पीने के लिए पानी के लिए जल पात्र लगाए जा रहे हैं। पैरालीगल वालंटियर संजय गंगराड़े के द्वारा सभी ग्रामीणों से निवेदन किया कि सभी अपने अपने घरों के बहार जल पात्र लगाएं, जिसमें पक्षियों को पीने के लिए पानी मिल जाएगा। सभी अपने लिए सोचते हैं, थोड़ा हम इन बेजुबा पक्षियों के लिए भी सोचकर देखें। युवा उपभोक्ता कल्याण समिति के द्वारा जल पात्र लगाने में सहयोग प्रदान किया जा रहा है। समिति के सदस्यों संकल्प लिया है कि हम सभी अपने आसपास घरों में पक्षियों के लिए जल पात्र लगाएंगे।

## स्वच्छता अभियान के तहत जय हो समिति ने परमहंस घाट पर की सफाई



**स्वतंत्र समय, नर्मदापुरम ।**

शहर के युवाओं द्वारा नर्मदा नदी को साफ करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। करीब 176 सप्ताह से लगातार यह अभियान चल रहा है। शहर की जय हो समिति से कई युवा जुड़कर अभियान चला रहे हैं। शहर के हर नर्मदा घाट पर युवाओं का समूह साफ सफाई करता है साथ ही लोगों को जागरूक भी कर रहा है। युवाओं के इस अभियान को देखकर अन्य संगठन भी अब साफ सफाई कार्य में जुट गए हैं। जय हो समिति ने रविवार को परमहंस घाट पर अभियान चलाया। नर्मदा जल में पड़े कचरे को हटाया गया साथ ही घाटों पर जहां-तहां फैले कचरे को भी हटाया गया।

घाट पर सफाई करने वालों में समिति अध्यक्ष अर्पित मालवीय सहित समिति के सदस्य टोनी दुन्दवि, सागर वर्मा, अश्मणि दायमा, चिराग बाबरिया, विवेक वर्मा, सागर पटैल, किशन सराठे, राम माधव, राकेश धाकड़, संजू प्रजापति, प्रीतम चक्रवर्ती, सौरभ अहिरवार, लोकेश माधव, कौशिक बावरिया, विशाल बावरिया, लोकेश विश्नोई, जतिन यादव आदि शामिल रहे।

## जैविक खेती को लेकर भाजपा किसान मोर्चा ने किया प्रशिक्षण बैठक का आयोजन

**स्वतंत्र समय, खिरकिया।**

भाजपा किसान मोर्चा की जैविक खेती को लेकर प्रशिक्षण बैठक संपन्न हुई। जिसमें विधायक प्रतिनिधि पूर्व मंडल अध्यक्ष वरिष्ठ भाजपा नेता शंकरसिंह खरबड़िया ने किसानों को प्रशिक्षण दिया एवं जीवामृत की विधि बताई। साथ ही सभी लोगों से जैविक खेती को अपनाने के लिए अपील की। बैठक में किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष हंसराज विश्नोई ने बताया कि आगे भी भाजपा किसान मोर्चा जैविक खेती को लेकर गांव गांव जाएगा और किसानों के बीच चौपाल लगाकर संगोष्ठी करेगा।

जिससे सभी का कल्याण हो और सभी निरोगी रहे। बैठक में किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष हेमंत राजपूत ने बताया कि जैविक खेती समय की मांग है। सभी किसानों को छोटे-छोटे रूप में अपनाना चाहिए ताकि हम एक स्वस्थ भारत का सपना देख सके। बैठक में सभी भाजपा कार्यकर्ताओं का आभार मंडल उपाध्यक्ष यश पांडे ने जताया और वीडियो कॉलिंग पर भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष राजेश गोदारा का मार्गदर्शन लिया।




## सातवें दिन भी जारी रही कांग्रेस की क्रमिक भूख हड़ताल




**स्वतंत्र समय, पांढुर्णा।**

आम यात्रियों को सुविधा मुहैया कराने के उद्देश्य से जनहितैषी रेल संबंधी तीन सूत्रीय मांगो को लेकर कांग्रेसी लामबंद होकर हड़ताल पर है। रविवार को ट्रेनों के स्टॉपेज एवं अमरावती रोड स्थित रेल्वे क्रॉसिंग पर ओवर ब्रिज की मांग को पूरा करने विगत सात दिनों अनिश्चितकालीन क्रमिक भूख हड़ताल कर रहे है। लेकिन शासन जन भावनाओं को आहत कर सकारात्मक कदम लेने में देरी कर रहे है।

जिससे की रेल यात्रियों की समस्याओं निराकरण हो सके। रविवार को भूख हड़ताल की शुरुवात राष्ट्र गान से की गई। जिसमे जयंत घोड़े नगर कांग्रेस अध्यक्ष, सचिन कावले नगर उपाध्यक्ष, हेमराज गुलतकर, आकाश कोल्हे नगर एनएसयूआई अध्यक्ष, समीर हिवसे, गोपाल सांबारे, नरेन्द्र वाघमारे आदि कांग्रेसी मंच पर मौजूद रहे।

# प्रदेश से कमल का होगा सूपड़ा साफ, हरदा से भी होगी कमल की विदाई : चौकसे

**स्वतंत्र समय, हरदा ।**

भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के 53 वां स्थापना दिवस राकेश छात्र में मनाया गया जिसमें कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं एनएसयूआई युवक कांग्रेस सेवा दल के समस्त कांग्रेस जन उपस्थित थे, स्थापना दिवस यह कार्यक्रम को संबोधित किया अनिल विश्नोई ने सभी प्रवक्ताओं ने अपनी बात रखी कांग्रेसियों ने आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर अपने अपने विचार रखें वरिष्ठ कांग्रेसी प्रकाश चंद जी वरिष्ठ ने कहा इस सब मतभेद मिटाना है और सब को एकजुट होकर काम करना है आगामी विधानसभा में सभी कांग्रेस को जीत मिलेगी , केदार सिरोही ने किसान के मुद्दे को लेकर सही बात की आज मध्यप्रदेश से लेकर कृषि मंत्री के गृह जिले हरदा में किसानों की हालात बहुत खराब है, गोविंद व्यास में एनएसयूआई के बारे में कहा कि एनएसयूआई महत्वपूर्ण संगठन है जो छात्र की बातों को गंभीरता से शासन प्रशासन के सामने रखता है आने वाला समय कांग्रेस का है एनएसयूआई के 53वां स्थापना दिवस पर हरदा राजपूत छात्रावास मैं आयोजित किया गया।

जिसमें एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चौकसे उपस्थित रहे उन्होंने छात्र संगठन को लेकर कहीं बड़ी बात की जिस प्रकार से पिछले 18 सालों से भारतीय जनता पार्टी की सरकार और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान छात्र संघ चुनाव कराने से डरते हैं उसका कारण है कि मुख्यमंत्री को पता है कि कहीं ना कहीं जब छात्र चुनाव कराएंगे तो एक कॉलेज मैं एक छात्र नेता पैदा होगा जो कि कहीं ना कहीं उनकी नीति और पुनीत उजागर करने का काम करेगा छात्रों की आवाज को बुलंद करने का काम करेगा साथ ही साथ शिवराज सिंह चौहान को यहां भी डर है की कोई छात्र नेता नया पैदा हो गया तो उनकी पीढ़ी उनका वंशज उनकी उनका बेटा आगे कैसा बढ़ेगा कहीं शिवराज सिंह चौहान की वजह से भारतीय जनता पार्टी और शिवराज सिंह चौहान छात्र संघ चुनाव कराने से डरते हैं एनएसयूआई की लगातार यह मांग रही है कि मध्य प्रदेश में छात्र संघ चुनाव आप अप्रत्यक्ष नहीं प्रत्यक्ष प्रणाली से कराया जाए जिस प्रकार से एनएसयूआई का लगातार आंदोलन करने के बाद भारतीय जनता पार्टी ने दबाव में आकर 2017 में चुनाव कराए थे जो कि 5 साल पहले कर आए थे जो बेईमानी से कागजों पर छात्र नेता बनाए गए थे ऐसे छात्र नेता जो कि सिर्फ कागजों पर बनकर रह जाएंगे वह कैसे छात्रों की आवाज उठा सकेंगे शासन की नीतियों से प्रताड़ित हैं छात्र संघ के चुनाव को लेकर पिछले 2 हफ्ते पहले हमने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का पुतला दहन किया था एनएसयूआई छात्र चुनाव संघ की मांग को लेकर चलते रहते हैं शिवराज सिंह चौहान और मोहन यादव को दी चेतावनी पिछले 2 वर्ष कॉल करोना का बहाना कर छात्र संघ चुनाव टाले थे फिर इस बार भी कोई बहाना लेकर छात्र संघ चुनाव कैंसिल कर आते हैं एनएसयूआई पूरे प्रदेश भर में यहां भी जाएंगे वहां पर कॉले झंडे दिखाने का काम एनएसयूआई करेगी।




### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व सचिव प्रकाश चंद के वरिष्ठ किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष केदार सिरोही पूर्व जिला अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण पवार ब्लॉक अध्यक्ष गोविंद व्यास राजेश पटेल गोयत संगठन मंत्री जयप्रकाश त्रिपाठी, किसान कांग्रेस अध्यक्ष मोहन विश्नोई सोनतलाई ब्लॉक अध्यक्ष सुरेंद्र विश्नोई (पप्पू पटेल) सेवादल जिला अध्यक्ष उत्तम तेंनगुरिया एनएसयूआई जिलाध्यक्ष योगेंद्र राजपूत पूर्व जिला अध्यक्ष एनएसयूआई अनिल विश्नोई महिला कांग्रेस अध्यक्ष शर्मिला ठाकुर सेवादल महिला कांग्रेस अध्यक्ष राजवंती लखोरे युसूफ बाबा खेमचंद कपूर टिमरनी ब्लॉक अध्यक्ष विनोद पटेल भूपेश बबल राकेश बेनीवाल, मुन्ना पटेल कुंवर मनजीत सिंह नीलेश सेन मुजाहिद अली मनोज विश्नोई राज पटेल नितिन पटेल गोविंदा पहलवान सतीश कुछबंधिया विक्की अली आमिन खान आदि लोग उपस्थित थे।

## सार-संक्षिप्त

### पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह आज से विदिशा, सागर व दमोह जिले के पांच दिवसीय दौरे पर

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह कांग्रेस संगठन को मजबूती प्रदान करने मप्र कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के निर्देश पर प्रदेश के विधानसभा क्षेत्रों के लगातार दौरे



कर रहे हैं। इसी क्रम में वे 10 अप्रैल से विदिशा, सागर व दमोह जिले में पांच दिवसीय सघन दौरे पर रहेंगे। वे 10 अप्रैल को विदिशा जिले के शमशाबाद और कुरवाई विधानसभा क्षेत्र में जिला कांग्रेस कमेटी विदिशा द्वारा आयोजित कार्यकर्ता बैठक में शामिल होंगे। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, 11 अप्रैल को सागर जिले की बीना व खुरई विधानसभा, 12 अप्रैल को सुरखी व सागर विधानसभा, 13 अप्रैल को नरयावली व रहली विधानसभा क्षेत्रों में जिला व शहर कांग्रेस कमेटी सागर द्वारा विभिन्न स्तरों में आयोजित कांग्रेस संगठन की बैठकों में शामिल होंगे। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह 14 अप्रैल को दमोह जिले के हटा व पथरिया विधानसभा क्षेत्रों में दमोह जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित कांग्रेस संगठन की बैठकों में शामिल होंगे। पूर्व सीएम इन 3 जिलों के 10 विधानसभा क्षेत्रों में कांग्रेस के मंडल-सेक्टर अध्यक्षों और उन विधानसभाओं के समस्त कार्यकर्ताओं से सीधे संवाद स्थापित करेंगे।

### एफआईआर कराने जा रही पत्नी पर पति ने महिला थाने के सामने हंसिये से किया जानलेवा हमला

**भोपाल।** राजधानी के जहगिरबाद थाना इलाके में एक युवक ने महिला थाने के सामने अपनी पत्नी पर हंसिये से उस समय जानलेवा हमला कर दिया, जब वह उसके खिलाफ शिकायत करने थाने जा रही थी। घायल विवाहिता को इलाज के लिये अस्?पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने हत्या के प्रयास का मामला कायम कर आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बतया की लाल परेड के पास भानगढ़, बीना का रहने वाला राकेश चंदेल (38 पुत्र फूल सिंह चंदेल ड्राइवरी करता है। राकेश का पत्नी राधा बाई से लंबे समय से विवाद चल रहा था। जिसके चलते पत्नी अपने तीन बच्चों रोहित, निखिल और मोहिनी को लेकर 14 मार्च से छोला इलाके में अलग रहती थी। इसके बाद भी राकेश आए दिन विवाद कर उसे परेशान करता रहता था। तंग आकर राधा उसकी शिकायत करने महिला थाने आ रही थी। राकेश उसे रिपोर्ट करने से मना कर रहा था। दोपहर 12 बजे के करीब राकेश उसकी हत्या के इरादे से महिला थाने पहुंचा।

## 'एक पंगत, एक पनघट, एक मरघट' की थीम पर साल भर हुए समरसता के आयोजन


# सामाजिक समरसता सह भोज के जरिये अजा वर्ग की महिला वोटर्स पर भाजपा की नजर

### प्रदेश के सभी मंडलों में आज आयोजित होंगे सामाजिक समरसता अन्न सहभोज

स्वतंत्र समय, आशीष भट्ट

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी की विंग महिला मोर्चा सोमवार को प्रदेश के सभी मंडलों में सामाजिक समरसता अन्न सहभोज आयोजित करेगा। जिसमें महिला मोर्चा की पदाधिकारी और कार्यकर्ता बहनें अनुसूचित जाति समाज की बहनों के साथ सहभोज करेंगी। इस सामाजिक समरसता कार्यक्रम के जरिये भाजपा की महिला विंग अनुसूचित जाति वर्ग की महिला वोटर्स पर अपना आधार मजबूत करने की कोशिश करेगी।

मप्र में विधानसभा और उसके बाद होने वाले देश के लोकसभा चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी लगातार सालभर कार्यक्रमों का आयोजन कर अपनी पकड़ मजबूत बनाने की कोशिश में जुटी है। इसी बीच पार्टी ने संघ की योजना - एक पंगत, एक पनघट, एक मरघट के आधार पर जाति, पंथ के भेद भुलाकर समाजों के बीच आधार बढ़ाने की कोशिश को आगे बढ़ाया है। अभी तक पार्टी सामाजिक समरसता सह भोज के आयोजन करती रही है, जिसमें लगभग 90 फीसदी भागीदारी पुरुष वर्ग की ही रही है। इसको ध्यान में रखते हुए अब भाजपा ने खासतौर पर महिलाओं के बीच समरसता सह भोज के आयोजन की शुरुआत की है। महिला मोर्चा के माध्यम से प्रदेश भर में ऐसे आयोजन कर छुआछूत की भावना को दूर करने के माध्यम से ही अजा वर्ग की महिला वोटर्स को भाजपा के पक्ष में लाने की कोशिश की जाएगी।



#### प्रदेश के सभी मंडल केंद्रों पर एक साथ होंगे आयोजन

महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष माया नारोलिया ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस 6 अप्रैल से 14 अप्रैल डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती तक प्रदेश भर में पार्टी द्वारा सेवा समरसता सप्ताह मनाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी, महिला मोर्चा सोमवार, 10 अप्रैल को प्रदेश के सभी मंडल केंद्रां में एक साथ सामाजिक समरसता अन्न सहभोज आयोजित करेगा। उन्होंने बताया कि मोर्चा की बहनें अनुसूचित जाति वर्ग की बहनों के साथ सहभोज कर उन्हें केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं से अवगत कराऐंगी। महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष माया नारोलिया नर्मदापुरम जिले के नगर मंडल में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगी।

#### बीते वर्ष भी खूब हुए आयोजन

विगत वर्ष भाजपा द्वारा सामाजिक समरसता के आयोजन के साथ ही बूथ अध्यक्षों के घर जाकर व्यक्तिगत स्तर पर सहभोज कार्यक्रम किए। इन आयोजनों में मप्र सरकार के मुखिया के रूप में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद, केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, ज्योतिरादित्य सिंधिया प्रमुख रूप से शामिल हुए। ये कार्यक्रम खासतौर पर अजा व अजजा वर्ग के बूथ अध्यक्षों के घर किए गए। जिससे पार्टी ने इन वर्गो के बीच समरसता का एक स्पष्ट संदेश देने के साथ ही अजा, जजा वर्ग में पार्टी का वोट बैंक बढ़ाने की कोशिश की।

## हर्षोल्लास से मना एनएसयूआई का 53वां स्थापना दिवस




स्वतंत्र समय, भोपाल

भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन का रविवार को 53 वां स्थापना दिवस प्रदेश की सभी जिला इकाईयों द्वारा हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। देश के बड़े छात्र संगठन, एनएसयूआई के स्थापना दिवस पर प्रदेश कांग्रेस कार्यालय शिवाजी नगर में झण्डा वंदन के साथ प्रारंभ हुआ, छात्र छात्राओं ने खुशी का इजहार करते हुए मिष्ठान वितरण किया।

एनएसयूआई के प्रदेशाध्यक्ष आशुतोष चौकसे ने स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर एनएसयुआई के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को बधाई व शुभकामनाएं दी। संगठन के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि छात्रों की सशक्त पैरवी करने की दृष्टि से देश की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने आज ही के दिन 9 अप्रैल 1970 को छात्रों को लोकतांत्रिक अधिकार दिये जाने राजनैतिक संगठन एनएसयूआई का गठन किया गया था। चौकसे ने संगठन की जिला इकाई हरदा में छात्र छात्राओं को शपथ दिलाई एवं संगठन के पदाधिकारियों से समर्पण भाव से कार्य कर कांग्रेस पार्टी की मजबूती के लिए बेहतर कार्य करने की अपील की। वहीं प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय के भाराछा संगठन कार्यालय द्वारा प्रदेश मुख्यालय प्रांगण में जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यवाहक अध्यक्ष एवं एनएसयूआई भोपाल के बरकतउल्ला विवि परिक्षेत्र के पूर्व संयोजक प्रकाश चौकसे ने उपस्थित छात्र छात्राओं को शपथ दिलाई। एनएसयूआई के अक्षय तोमर ध्वजवंदन किया। मप्र कांग्रेस सेवादल के ध्वज प्रभारी मुईनउद्दीन सिद्दीकी ने राष्ट्रगीत वंदेमातरम एवं राष्ट्रगान जन गण मन का गायन कराया। वहीं राजधानी के विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण एवं अन्य कार्यक्रम आयोजित किये गये। स्थापना दिवस के अवसर पर रवि (अभिमन्यु) तिवारी, अक्षत दुबे, आशीष शर्मा, देव अवस्थी, प्रतीक यादव एवं विकास सिंह सहित बड़ी संख्या में एनएसयूआई के छात्र/छात्राएं उपस्थित थे।

## तीन दिवसीय नव-प्रवर्तन महोत्सव 11 अप्रैल से

**भोपाल।** आंचलिक विज्ञान केंद्र भोपाल द्वारा एमपी स्टार्टअप सेंटर, एमएसएमई विभाग के सहयोग से राज्य में नवाचार, स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र की संस्कृति को बढ़ावा देने, स्कूल कॉलेज के छात्रों और ग्रासरूट स्तर के नव-प्रवर्तकों को लाभ देने के उद्देश्य से 11 से 13 अप्रैल तक नव-प्रवर्तन महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री ओमप्रकाश सखलेचा महोत्सव का उद्घाटन विज्ञान केन्द्र में सुबह 10 बजे करेंगे। आंचलिक विज्ञान केंद्र के प्रोजेक्ट समन्वयक साकेत सिंह कौरव ने बताया कि इस उत्सव का प्राथमिक उद्देश्य प्रदेश के स्कूल एवं कॉलेज स्तर के छात्रों और ग्रासरूट स्तर के नव-प्रवर्तकों को कार्यशील परियोजनाओं, मॉडल और उत्पादों के रूप में अपने नवीन विचारों यानि उत्पादों और डिजाइन को प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करना है।

## आइएसबीटी स्थित ई-बाइक चार्जिंग स्टेशन में लगी भीषण आग

स्वतंत्र समय, भोपाल

राजधानी भोपाल के आईएसबीटी स्थित चार्जिंग स्टेशन में बीती रात्रि उस समय हड़कंप मच गया, जब यहॉ अचानक भीषण आग लग गई। आग की चपेट में आकर लाखों रुपए का नुकसान हो गया। बताया जा रहा है कि चार्जिंग स्टेशन में आग शॉर्ट सर्किट से लगी है। हादसे में 35 ई-बाइक जलकर राख हो गई। जानकारी के अनुसार आइएसबीटी कैम्पस में ही ई-बाइक और चार्टर्ड साइकिल का चार्जिंग स्टेशन और गोडाउन बना है। ई-बाइक चार्जिंग के दौरान शॉर्ट सर्किट के चलते आग लग गई। तेजी से फैलती आग ने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया। आग की चपेट में आने से वहां रखी करीब 35 ई-बाइक जलकर राख हो गई, जिसमें 25 नई ई-बाइक हैं। कहा जा रहा है कि रात का समय होने से चार्जिंग स्टेशन में स्टाफ नहीं था, जिसके कारण सही समय पर सूचना न मिलने से आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। यदि समय रहते सूचना मिल जाती तो बड़ा हादसा होने से टल सकता था। गनीमत रही की आग ज्यादा नहीं फैली, यदि आग पास में ही खड़ी सिटी बसों को चपेट में ले लेती तो हादसा और भयानक हो सकता था। सूचना मिलते ही रात करीब पौने तीन बजे माता मंदिर फायर स्टेशन से दमकलें रवाना हुई। दमकलों ने चारो और से एक साथ आग बुझाने के प्रयास शुरु किये ताकि, आग ज्यादा न बढ़ सके। करीब तीन घंटे कि कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। सुबह होने पर आग की सूचना मिलने पर नगर निगम के अफसर घटनास्थल पर पहुंचकर नुकसान का आकलन करने में जुट गए। घटना को लेकर स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन ने ई-बाइक का संचालन करने वाली कंपनी को नोटिस देकर जवाब तलब किया है, कि चार्जिंग स्टेशन पर आग से काबू पाने के क्या इंतजाम थे।

## अभा कायस्थ महासभा के कार्यकारी अध्यक्ष चुने गए विश्वास सारंग

स्वतंत्र समय, भोपाल



मप्र सरकार के चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के नये कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने गए हैं। जबकि जितेंद्रनाथ सिंह को निर्विरोध राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित किया गया है। प्रयागराज में आयोजित अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक में सर्वसम्मति के साथ ये पदाधिकारी चुने गए हैं। कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने जाने पर मंत्री सारंग ने आभार जताया है।

प्रयागराज में अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की दो दिवसीय बैठक के अंतिम सत्र में नए पदाधिकारियों को लेकर निर्णय हुए हैं। प्रयागराज में 8-9 अप्रैल को अखिल भारतीय कायस्थ महासभा का राष्ट्रीय अधिवेशन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शामिल हुए मध्यभारत के प्रांतीय अध्यक्ष सुनील श्रीवास्तव, अजय श्रीवास्तव (नीलू), शीला भटनागर, बृजेश श्रीवास्तव, कैलाश सक्सेना, अभय प्रधान, महेंद्र श्रीवास्तव, दिनेश श्रीवास्तव, ओम प्रकाश श्रीवास्तव, दिनेश सक्सेना, अनिल श्रीवास्तव, आरपी. श्रीवास्तव, राजकुमार श्रीवास्तव, चंद्रेश सक्सेना, विमलेश सक्सेना, राकेश श्रीवास्तव, व्योम खरे, गौरव खरे के साथ देशभर से पधारे हुए राष्ट्रीय एवं प्रादेशिक पदाधिकारीगण ने सारंग एवं सिंह को हार्दिक बधाई दी है।

## बीमा कंपनी, उद्योगपति और व्यापारियों के दलाल के रूप में काम कर रही राज्य सरकार : कुणाल चौधरी

### पत्रकारवार्ता में कांगेस विधायक ने लगाए गंभीर आरोप

**भोपाल।** कांग्रेस विधायक कुणाल चौधरी ने पत्रकार वार्ता में राज्य सरकार पर अनेक आरोप लगाए। चौधरी ने कहा प्रदेश सरकार में बैठे मुख्यमंत्री, कृषि मंत्री और देश की सरकार सभी मिलकर किसानों के नाम पर चैनलों पर आकर बड़ी बड़ी वाइट देते हैं। बड़े- बड़े वादे करते हैं और जनता की गाढी कमाई को किसानों के नाम उद्योगपतियों, व्यापारियों और बीमा कंपनी का पेट भरते हैं। किसान अपने को ठगा व खाली हाथ महसूस करता है। किसानों के नाम पर बीमा कंपनी, चंद उद्योगपतियों और चंद व्यापारियों के दलाल के रूप में काम कर रही।

चौधरी ने कहा कि सोसायटियों में जो पहले स्लाट बुक थे, उन्हीं की खरीदी हो रही थी, किसानों को आधार से लिंक नहीं होने का कारण सोसायटी में बताया जाता है। सरकार ने नया सगूफा निकाल दिया कि बैंक से आधार से लिंक नहीं है, लेकिन किसान जब बैंक में जाता है तो बताया जाता है कि आपका आधार बैंक से लिंक है। सरकार द्वारा किसानों को प्रताड़ित करने की साजिश की जा रही है। किसानों के घरों पर सूदखोर खड़े हैं, उनकी फसलों को ओने-पौने दामों पर खरीदने के लिए क्योंकि उनका गेहूं समर्थन मूल्य पर नहीं बिक रहा। जो गेहूं 4000 रू. प्रति क्विंटल बिकना था, वहीं 1600 से 1800 रू. तक में गेहूं



खरीदा गया। एक ओर सरकार कह रही है कि समर्थन मूल्य से कम में गेहू नहीं खरीदा जायेगा, वहीं किसानों से एक फार्म भरवाया जा रहा है कि आपका गेहू नमीं होने के कारण कम मूल्य में खरीदा जा रहा है, जिससे किसानों को ठगा जा रहा है। चौधरी ने बिलों की प्रतियां प्रस्तुत करने हुए बताया कि सरकार ने खुद कहा है कि 7 दिन के भीतर खातों में राशि डाली गई, लेकिन किसी किसान के राशि नहीं मिली। चौधरी ने कहा मुख्यमंत्री झूठ बोलते हैं, जोर से बोलते हैं। किसानों को दो दो महीने में राशि मिली और सरकार कहती है किसानों को एक क्लिक पर राशि दी गई। मप्र में किसानों को लूटने की एक नयी तकनीक भाजपा राज में चल रही है। मप्र का किसान गरीब से गरीब होता जा रहा है।

**किसानों को लूट रही बीमा कंपनी** - चौधरी ने कहा बीमा कंपनियों द्वारा किसानों की राशि लगातार लूटी जा रही है, जब किसान को जरूरत है, तब उसे राशि नहीं मिल रही है। 2017 से 2021 तक बीमा कंपनियों ने किसानों से 35 से 36 हजार करोड़ रू. कमाय, कृषि मंत्री ने बीमा कंपनियों के साथ दलाली की है। बीमा कंपनियों द्वारा दो-दो, पांच-पांच रूपये मिलेंगे किसानों को। कटौत्रा पत्रक जारी कर सरकार ने एक आदेश निकाला है, जिसमें किसानों की फसल पर कटौत्री करने की साजिश की गई। आज तक खेतों में कोई सर्वेयर नहीं पहुंचा। झूठे भाषण देकर भाजपा और शिवराज ने किसानों को ठगा है, प्रताड़ित किया है। वेयर हाउस की दलाली के रूप में सरकार काम कर रही है।

कांग्रेस सरकार ने गांवों में जाकर सोसायटियों से गेहूं खरीदा वहीं भाजपा राज में किसान की फसल सोसायटी में क्यों नहीं खरीदी जाती है। सोसायटियां अब किसानों के लिए नहीं उद्योगपतियों और व्यापारियों के लिए बची हैं। भाजपा सरकार केवल चंद उद्योगपतियों, व्यापारियों और बीमा कंपनियों के लिए काम कर रही है। सोयाटियों में सड़े हुये चावल बांटे जा रहे हैं, किसानों की आय कम की जा रही है। सरकार मुआवजा देने के नाम पर कागजी सर्वे कराकर अपनी इतिश्री कर रही हैं, इतना ही नहीं कुछ स्थानों पर तो सर्वे ही नहीं कराये गये है। बीते 25 मार्च से 27 मार्च तक किसानों की फसल की खरीदी की गई है और 27 मार्च को खरीदी बंद कर दी गई। कांग्रेस ने सरकार के इस निर्णय पर आक्रोश जताते हुए दबाव बनाया, तो खरीदी प्रारंभ की गई पर स्लाट बुकिंग में आधार कार्ड लिंग के नाम पर किसानों को बेवकूब बनाया गया।




स्वामी, भाग्य पब्लिकेशन प्रा.लि. के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मृदुल कुमार जैन द्वारा डी.बी. कॉर्प लिमिटेड 10-11 सेक्टर बी इंडस्ट्रियल एरिया गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) से मुद्रित कर, म.नं. 25 प्रियंका आफसेट एम.पी. नगर प्रेस कॉम्पलेक्स जोन-1 भोपाल (म.प्र.) से प्रकाशित पिन-462003,
संपादकः *पंकज मुकाती, फोन नं. 0755-4324126, *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। भोपाल (म.प्र.)। RNI No.MPHIN/2011/38652 E-MAIL swatantrasamay@gmail.com